जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**रसिद खान ने जन्मदिन पर रचा इतिहास, तोड़ा 17 साल पुराना का रिकॉर्ड**

Page 10



देश

**लोकतंत्र में शासक असहमति बर्दाशत करता है, अगर विरोध है तो राजा आत्ममंथन करें...**

कृष्ण पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 22 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 282 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹69,600 | ₹93,000 |



## आज का इतिहास

- **1965 : भारत पाकिस्तान के बीच की लड़ाई में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र की पहल पर युद्ध विराम हुआ।**
- **2011 : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और पटौदी के नवाब मंसूर अली खान पटौदी का निधन आज ही के दिन हुआ था।**

## न्यूज बाइट्स

### एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह नए वायु सेवा प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली (ए.)।** वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को नया वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्हें 30 सितंबर से वायु सेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें मौजूदा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी के स्थान पर यह जिम्मेदारी सौंप गई है। एयर चीफ मार्शल चौधरी 30 सितंबर को सेवानिवृत होंगे। 27 अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना के फाइटर पायलट स्ट्रीम में नियुक्त किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान, उन्होंने विभिन्न कमांड, स्टाफ में काम किया है।

### सुरक्षित खाद्य पदार्थों के लिए नए मानकों की आवश्यकता : पटेल

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने शनिवार को कहा कि सुरक्षित खाद्य पदार्थों के लिए नए और उभरते क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और जलीय कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और जैविक खेती जैसे क्षेत्रों के लिए मानक विकसित किए जाने चाहिए। श्रीमती पटेल ने आज यहां में वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 2024 में मानक निर्धारण प्रक्रिया में क्षेत्रीय सहयोग एवं सामंजस्य बढ़ाने पर क्षेत्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि केवल एकता और सहयोग के माध्यम से ही अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानकों को आकार देने में क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाया जा सकता है।

### पूर्व सीएम स्व. भोला पासवान शास्त्री जी की जयंती पर श्रद्धांजलि की गई अर्पित

**पटना (नि.सं.)।** पटना 21 सितम्बर 2024:- मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 भोला पासवान शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में स्व0 भोला पासवान शास्त्री जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

गृह विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सख्त संदेश, कहा

# क्राइम कंट्रोल में नाकाम पुलिसकर्मी नपेंगे

निज संवाददाता | पटना

अपराध काबू करने में कोताही पर पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कर दिया कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं और इसे ससमय पूर्ण करें ताकि दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके। कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस और प्रशासन मुस्तैदी से कार्य करे तथा अपराध नियंत्रण हेतु पूरी सख्ती से कार्रवाई करें। गश्ती में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें, रात्रि गश्ती और तेज करें। रात्रि एवं पैदल गश्ती को और प्रभावी बनाने के लिये वरीय पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर रात्रि में स्वयं औचक निरीक्षण करें। कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सभी पूरी तन्मयता से काम करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाली पड़े 1.23 लाख पदों पर महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण के साथ जल्द बहाली करें। उन्होंने बताया कि बिहार पुलिस की संख्या बढ़ाने के लिये विभिन्न श्रेणियों में 2,29,139 पद स्वीकृत किये जा चुके हैं। 1,06,436 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। शेष रिक्त पदों पर बहाली शीघ्र करें। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। जल्द बचे हुए पदों पर पुलिस की बहाली होने से कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में और सहूलियत होगी। हमने वर्ष 2013 से ही पुलिस में महिलाओं के लिये 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। अभी बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या लगभग 30 हजार हो गयी है। बिहार पुलिस में महिलाओं की भागीदारी देश में सबसे ज्यादा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ने से थानों में जो महिलाएं शिकायत लेकर आतीं हैं, उन्हें समस्याओं के समाधान में सहूलियत हो रही है और उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है। वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद से हमलोगों ने सभी क्षेत्रों में विकास का कार्य किया है। महिलाओं को शिक्षित करने के साथ-साथ उनको स्वावलंबी बनाने के लिए भी कई कार्य किए गए हैं। महिलाएं शिक्षित भी हुई हैं और स्वावलंबी भी बनी हैं, जिससे समाज और परिवार में सकारात्मक बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती हैं, जो अब घट रही है। जानकारी दी गयी है कि यह घटकर 46.69 प्रतिशत हो गयी है। यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि भूमि सर्वे और सेटलमेंट का काम तेजी से पूर्ण हो ताकि भूमि विवाद को लेकर होने वाली अपराध की घटनाओं में पूरी तरह कमी आये। प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ असामाजिक तत्वों पर नजर बनाये रखें। बैठक में मुख्यमंत्री को गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने गृह विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भू-समाधान पोर्टल के माध्यम से भूमि जनित मामलों का निरंतर अनुश्रवण कर समाधान किया जा रहा है, जिससे भूमि विवाद में कमी हो रही है। बैठक में गृह विभाग से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार व डॉ. एस. सिद्धार्थ, निदेशक सह महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं शोभा अहोतकर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार व कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, गृह विभाग की विशेष सचिव के.एस. अनुपम, पुलिस महानिरीक्षक सह अपर समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा सुनील नायक तथा गृह विभाग के अपर सचिव अनिमेष पांडेय मौजूद रहे।



### 35 प्रतिशत आरक्षित सीटों को भरने के निर्देश

बैठक में निर्देश दिया है कि लॉ एंड ऑर्डर सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न हो। उन्होंने पुलिस नियुक्ति में तेजी लाने को कहा है। पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए निर्धारित 35 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर रिक्तियों को जल्दी से भरने का निर्देश दिया है।

### पुलिस में महिलाओं के लिए जल्द निकलेगी वैकेंस

सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जल्द-से-जल्द बचे हुए पदों पर पुलिस की बहाली होने से कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में और सहूलियत होगी।

# अतिशी बनीं तीसरी महिला मुख्यमंत्री

» आतिशी दिल्ली की सबसे युवा एवं 9वीं सीएम » एलजी ने 5 मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा की सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला सीएम हैं। आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उन्हें उप राज्यपाल (एलजी) विनय सक्सेना ने शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। वे दिल्ली की सबसे युवा और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गईं। उनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित सीएम रह चुकी हैं। आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं।

43 साल की आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा सीएम होने का केजरीवाल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। आतिशी 43 साल की हैं, जबकि 2013 में पहली बार सीएम बनने के समय केजरीवाल 45 साल के थे। आप विधायकों ने 17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी का नाम सीएम के रूप में फाइनल किया था। आतिशी के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी कन्वेनर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और पंजाब सीएम भगवंत मान शामिल रहे। केजरीवाल और सिसोदिया के जेल में रहते हुए पार्टी का मजबूती से स्टैंड रखती रहीं हैं।

## अतीशी

मुख्यमंत्री, दिल्ली

**निजी जीवन**

**जन्म** - 8 जून 1981

**जन्म स्थान**- दिल्ली

**पति**- प्रवीण सिंह

**शिक्षा**- इतिहास में मास्टर्स, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

**राजनीतिक जीवन**

**2013**: आप जॉइन की। मैनिफेस्टो ड्राफ्टिंग कमेटी की मेंबर बनीं

**2015**: एमपी के खंडवा में जल सत्याग्रह में हिस्सा लिया। खंडवा से आप नेता आलोक अग्रवाल को सपोर्ट किया

**2015-2018**: तक पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की एडवाइजर रहीं

**2020** : कालकाजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ीं और जीतीं, आप की गोवा यूनिट का इन्चार्ज बनीं

**2023**: सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद कैबिनेट मंत्री बनीं



# 23 सितंबर से आयुष्मान कार्ड के लिए विशेष अभियान

निज संवाददाता | पटना

राज्य में आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान 23 से 25 सितंबर तक चलेगा। तीन दिनों में 10 लाख नया कार्ड बनाने का लक्ष्य होगा। इसके पहले स्वास्थ्य विभाग ने 18 जुलाई से 7 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर लगभग 61 लाख नया आयुष्मान कार्ड बनवाया था। विशेष अभियान के तहत जन वितरण प्रणाली की दुकानों में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शशांक शेखर सिन्हा ने बताया कि 23 से 25 सितंबर तक 10 लाख नया आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी आयुवर्ग के लाभुकों के कार्ड बनाए जा रहे हैं, लेकिन हाल में केन्द्र सरकार ने सभी वर्गों के 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में केन्द्र सरकार से पत्र मिला है। लेकिन केन्द्र से इससे संबंधित विस्तृत गाइडलाइन आने के बाद 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू होगा। राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना के 8 करोड़ 71 लाख लाभुक हैं। इसमें 3 करोड़ 30 लाख 64 हजार लाभुकों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। आयुष्मान कार्ड से लाभुक के परिवार को सालाना 5 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है। इस योजना के तहत 956 अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इसमें 586 सरकारी और 370 गैर सरकारी हैं।



सीएम ने गंगा के बढ़ते जलस्तर का किया निरीक्षण, राहत शिविर का लिया जायजा

# केले की फसल को जो नुकसान हुआ है उसका मुआवजा किसानों को दिया जाये : मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जेपी गंगा पथ के दीघा घाट से कंगन घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के क्रम में जेपी गंगा पथ के कंगन घाट, गांधी घाट एवं कृष्णा घाट पर रूककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों की स्थिति को देखा और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अशोक राजपथ को जेपी गंगा पथ से मिलानेवाले कृष्णा घाट पर निर्माणाधीन पहुंच पथ की भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली और तेजी से निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना के जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुये पूरी तरह अलर्ट रहें और सारी तैयारी पूर्ण रखें। स्थिति की लगातार समीक्षा करते रहें और आवश्यक कार्रवाई त्वरित करें।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री गांधी सेतु होते हुये हाजीपुर पहुंचे तथा हाजीपुर में बनाये गये बाढ़ राहत शिविर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत शिविर में रह रहे लोगों से बातचीत कर वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। बाढ़ राहत शिविर में मुख्यमंत्री ने वैशाली जिला के जिलाधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि सभी राहत शिविरों में रह रहे लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखें। स्थिति की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहें। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने बाढ़ से केले की फसल को हुये नुकसान को देखते हुये अधिकारियों को निर्देश दिया कि केले की फसल को जो नुकसान पहुंचा है उसका समुचित मुआवजा किसानों को दिया जाये। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग इसका सर्वे कराकर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करे।



# बीएच नंबर लेने वाले वाहन मालिकों को एक साथ देना होगा 14 साल का टैक्स



- **बिना परमिट वाली गाड़ियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश**

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बिना परमिट वाली गाड़ियों पर कार्रवाई करने और विभागीय योजनाओं को ससमय पूरा करने का लक्ष्य अधिकारियों को दिया है। इसमें कोताही बरतने पर अफसरों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। परिवहन सचिव ने निर्देश दिया कि बिना परमिट की चल रही गाड़ियों पर कार्रवाई करें। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार (आरटीए) सचिव इसे सुनिश्चित करें कि बिना परमिट वाहनों का परिचालन न हो। अगर बिना परमिट की गाड़ी से दुर्घटना होती है तो आरटीए सचिव की जवाबदेही तय की जाएगी। बीएच सीरीज नंबर प्लेट खासतौर पर उन लोगों के लिए होती है, जिनका ट्रांसफर देश के अलग-अलग हिस्सों में होता रहता है। इसमें केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी, पीएसयू विभाग, रक्षा विभाग, कार्मिक विभाग और निजी क्षेत्र की कुछ कंपनियां शामिल हैं। इस नंबर प्लेट की खासियत यह है कि किसी भी राज्य में जाने पर गाड़ी का नंबर बदलवाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

# बिहार में नहीं रुकेगा लैंड सर्वे का काम : जय कुमार सिंह

निज संवाददाता | पटना

बिहार में लैंड सर्वे का काम समय पर होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार के सचिव जय कुमार सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि कुछ स्वार्थी लोग अफवाह फैला रहे हैं कि यह रुक जाएगा। आम जनता को इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। लापरवाही पर गोपालगंज और पूर्वी चंपारण के बंदोबस्त अधिकारियों को शो काउज नोटिस जारी किया गया है।

विभाग के सचिव जय कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ बैठक की। 43041 गांवों की समीक्षा की गई, जहां भूमि सर्वेक्षण का काम जारी है। इन सभी गांवों में सर्वेक्षण की उद्घोषणा कर दी गई है। इसमें से 42561 गांवों को ही निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। बाकि 480 मौजों को अगले एक सप्ताह में अपलोड करने का निर्देश बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिया गया है। सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोग ऑनलाइन अपनी जमीन का ब्योरा यानि स्वघोषणा सर्वे निदेशालय की वेबसाइट dlrs.bihar.gov.in पर अपलोड करें। जितना कागजात उपलब्ध है उसे ही प्रपत्र-2 के साथ संलग्न किया जाना है। अगर जमीन खतियानी है तो वंशावली खुद से बनाएं। कोई परेशानी नहीं होगी।



### 8737 मौजों में खतियान लिखने का काम पूरा

सभी 43041 गांवों में सर्वेक्षण की उद्घोषणा हो गई है। 41333 मौजों में ग्राम सभा भी हो चुकी है। स्वघोषणा का काम प्रदेश के 445 अंचलों में चल रहा है। अब तक 36 लाख लोगों ने स्वघोषणा जमा की है। 25 लाख स्वघोषणा शिविरों में ऑफलाइन एवं करीब 11 लाख ऑनलाइन जमा हुई है। प्रदेश के सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू किया गया है। जिसमें 8737 मौजों में खतियान का सार यानी तेरिज लिखने का काम पूरा हो गया है।

# सीएम हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश को दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची प्रेस क्लब में वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत रवि प्रकाश जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि रवि प्रकाश जी का निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रवि प्रकाश जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में जो मिसाल कायम की है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बनेगी। पत्रकारिता के प्रति उनका समर्पण और उनके विचारों की स्पष्टता उन्हें अन्य पत्रकारों से अलग करती थी। उनके लेखों और रिपोर्टों में सच्चाई और निष्पक्षता की झलक हमेशा दिखाई देती थी।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि रवि प्रकाश जी का जाना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने पत्रकारिता के प्रति जो निष्ठा दिखाई, वह एक मिसाल है। इस क्षति की भरपाई असंभव है। इस दुःखद घड़ी में मैं उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति और उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति मिले। समाज के प्रति उनका समर्पण रवि प्रकाश न केवल एक पत्रकार थे, बल्कि समाज की आवाज़ भी थे। उन्होंने अपने करियर में अनेकों बार निर्भीक होकर सच्चाई को उजागर किया और जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।



रांची प्रेस क्लब में पुष्पांजलि अर्पण करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# जनपथ न्यूज़ एंड व्यूज ने अपना चौथा वार्षिकोत्सव सह आर्यभट्ट सम्मान पटना में हुआ आयोजित

निज संवाददाता | पटना

जनपथ न्यूज़ एंड व्यूज ने अपना चौथा वार्षिकोत्सव सह आर्यभट्ट सम्मान 2024 का आयोजन पटना के होटल चाणक्य के दरबार हॉल में किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह, बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। जनपथ न्यूज़ एंड व्यूज के वार्षिकोत्सव सह आर्यभट्ट सम्मान 2024 में विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना उच्च न्यायलय के अधिवक्ता उपेंद्र प्रसाद, बिहार राज्य बार कॉउन्सिल पटना के विशेष लोक अभियोजक सह सदस्य अनुशासन समिति शिव कुमार यादव, पटना उच्च न्यायलय के अधिवक्ता श्रीमती वीणा कुमारीजयसवाल व कृषय बायोफ्यूल्स के निदेशक शिवशंकर विक्रांत ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। जनपथ न्यूज़ एंड व्यूज के मुख्य संपादक राकेश कुमार कार्यक्रम में आये अतिथियों का बुके और अंग वस्त्र से सम्मानित व स्वागत किया और आर्यभट्ट सम्मान 2024 में पत्रकारिता के क्षेत्र से, समाज सेवा के क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र से, वकालत के क्षेत्र व अन्य क्षेत्रो से कई लोगो को सम्मानित किया गया।



**दीपावली और छठ पूजा में यात्रियों की भीड़ के देखते हुए जरूरत के अनुसार स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है**

# दिवाली-छठ पर बिहार के लिए 23 स्पेशल ट्रेनें, हैदराबाद-दिल्ली से सबसे ज्यादा ट्रेनें

निज संवाददाता | पटना

दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ में अगर आप बिहार आना चाहते हैं तो ये खबर आपके लिए है। अक्टूबर और नवंबर में आने वाले त्योहारों को देखते हुए रेलवे ने 23 स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं। इनमें से 15 ट्रेनें हैदराबाद/सिकंदराबाद से पटना/दानापुर के लिए चलेंगी। इतना ही नहीं रेलवे ने सिकंदराबाद-दानापुर और हैदराबाद/सिकंदराबाद-रक्सौल के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का फैसला लिया है। वहीं 8 ट्रेनें दिल्ली रूट पर चलेंगी। इसके अलावा मुजफ्फरपुर, दानापुर और पटना जंक्शन से सिकंदराबाद के लिए भी एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ये स्पेशल ट्रेनें अब जनवरी 2025 तक चलेंगी। इधर, परिवहन निगम दिल्ली से आगरा और लखनऊ होते पटना के लिए दो बसें चलाने जा रहा है। इनमें एक सीटर और दूसरी स्लीपर है। दिल्ली के अलावा अन्य शहरों से भी बस की सुविधा मिलेगी। इसकी एडवांस बुकिंग एक अक्टूबर से शुरू होगी। दीपावली-छठ के दौरान दिल्ली से पटना आने वाली ट्रेनों की सीटें अभी से ही फुल हो चुकी हैं। किसी ट्रेन में नो रूम है तो किसी में वेटिंग टिकट मिल रहा है। 25 से 28 अक्टूबर तक दिल्ली से आने वाली डिब्रूगढ़ राजधानी, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, सीमांचल एक्सप्रेस के एसी कोच की सीटें भी फुल हो चुकी है।

कई ट्रेनों में तो वेटिंग में भी टिकट उपलब्ध नहीं है। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि दीपावली और छठ पूजा में आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ के देखते हुए पटना-दिल्ली के बीच जरूरत के अनुसार स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। अभी जो स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं, उनकी परिचालन अवधि बढ़ाई गई है। राजेंद्रनगर-गया और राजगीर-तिलैया के बीच स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा। 03313 राजेंद्रनगर-गया एक्सप्रेस स्पेशल 21 सितंबर से 31 अक्टूबर तक सप्ताह में पांच दिन (रविवार और बुधवार को छोड़कर) राजेंद्रनगर से रात 9:45 बजे खुलेगी और रात 12:40 बजे गया पहुंचेगी। 03314 गया-राजेंद्रनगर एक्सप्रेस स्पेशल 22 सितंबर 1 नवंबर तक सप्ताह में पांच दिन (सोमवार और गुरुवार को छोड़कर) गया से सुबह 4:20 बजे खुलेगी और सुबह 7:05 बजे राजेंद्रनगर पहुंचेगी। 03322 राजगीर-तिलैया एक्सप्रेस स्पेशल 21 सितंबर से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन चलेगी। इसके साथ ही 03266/03265 राजगीर-किऊल-राजगीर स्पेशल का परिचालन अब 31 दिसंबर तक प्रतिदिन होगा।



# आपसी विवाद में चली गोली दादा-पोती हुए जख्मी

## बिहार शरीफ सदर अस्पताल में घायलों का इलाज जारी, 7 लोगों के खिलाफ FIR

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के मानपुर थाना क्षेत्र के गोंगड़ी गांव में शनिवार को आपसी विवाद में गोलीबारी की घटना हुई। इसमें एक 60 वर्षीय बुजुर्ग और उनकी 8 वर्षीय पोती घायल हो गए है। घायलों की पहचान कृष्णा यादव (60) और उनकी पोती निशा कुमारी (8) के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घायल कृष्णा यादव के बेटे नागेंद्र कुमार ने बताया कि उनके परिवार का गुड्डू यादव नामक व्यक्ति से विवाद चल रहा था। यह झगड़ा सूरत की एक फैक्ट्री में काम करने वाले गुड्डू यादव के भाई सूरज यादव और चचेरे भाई राकेश कुमार के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ था। उनके बीच मारपीट हुई थी। फिलहाल, 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ है।



**खेत में काम करने के दौरान किया हमलाः** नागेंद्र के अनुसार, गुड्डू यादव और उसके साथी राधे यादव और सूरज यादव ने सुबह खेत में काम कर रहे विनय यादव पर हमला किया। जब विनय वहां से भागने लगा, तब आरोपियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसी दौरान कृष्णा यादव और उनकी पोती निशा जो घर के बाहर बैठी हुई थी, उन्हें गोली लग गई। विनय यादव, राकेश कुमार के भाई है। इस मामले में मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गोंगड़ी पर गांव में गोली लगने से दो व्यक्ति जख्मी हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। तब पाया कि कृष्णा यादव और उनकी पोती निशा कुमारी के हाथ में गोली लगी है। जिन्हें इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई है उसमें कृष्ण यादव का भतीजा राकेश कुमार, गुड्डू यादव गोली मारने वाला है। उसका भाई सूरज कुमार ने सूरत में काम करने के दौरान मारपीट किया था। इसी बात को लेकर तनाव था।

**सात लोगों के खिलाफ मामला दर्जः** विवाद में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। कृष्ण यादव के बयान पर कुल सात लोगों को आरोपित कर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है।

# गया में रेल यात्री को लूटने का था प्लान

निज संवाददाता। गया



गया में RPF और GRP ने लोको वाशिंग यार्ड क्षेत्र से 4 अपराधियों को दो थ्रनेट के साथ गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस का कहना है कि पकड़े गए सभी आरोपी रेल यात्री के साथ लूटपाट की योजना बना कर वारदात को अंजाम देने को निकले थे। इनके पास से एक लोहे का पंच और एक धारदार चाकू भी बरामद किया गया है। रेल पुलिस को गुप्त सूचना मिली की कुछ अपराधी रेल यात्रियों के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार सहित लोको यार्ड की ओर देखे गए हैं। इस पर GRP और RPF की एक संयुक्त टीम बनाई गई। RPF प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि टीम के सभी सदस्य को तत्काल प्रभाव से अपराधियों की गिरफ्तारी के भेजा गया। टीम के सदस्यों ने लोको यार्ड क्षेत्र से दो हथियार सहित 4 अपराधियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में छोटकी नवादा डेल्हा के सुमित कुमार(20) छोटू कुमार(18) साल पिता राजेन्द्र चौधरी, समीर उर्फ ओमकार उम्र 19 साल पिता बुद्धा मांझी विकास कुमार उर्फ बुहानी उम्र 19 वर्ष पिता गोपाल मांझी ( तीनों का पता अन्दर बैरागी थाना डेल्हा) शामिल है। रेल पुलिस ने बताया कि धर पकड़ के दौरान मौके से एक अभियुक्त(5) बटी राइटर पिता स्व.बुटा मांझी पता अन्दर बैरागी थाना डेल्हा भागने में सफल रहा। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि यात्रियों को लूटपाट करने की योजना थी। RPF के उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद द्वारा दिए गए प्राथमिकी के आधार पर GRP गया द्वारा केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच चल रही है। उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 2 अदद लोडेड देसी कट्टा और यात्री का चोरी का मोबाइल के साथ RPF, GRP द्वारा 4 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं।

# यात्रियों से लूटपाट की साजिश विफल

निज संवाददाता। गया



आरपीएफ व जीआरपी की टीम की संयुक्त कार्रवाई में गया स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों से लूटपाट करने की अपराधियों के मंसूबे को विफल कर दिया गया। टीम ने छापेमारी कर स्टेशन के लोको वाशिंग पिट में लूटपाट करने के लिए जुटे चार अपराधियों को धर दबोचा है। इनके पास से दो लोडेड कट्टा, चार गोली, एक लोहे का पंच, एक चाकू व चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस की भनक लगने पर एक अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। आरपीएफ गया के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार की रात लोको वाशिंग पीट के पास अपराधियों के जमा होने की सूचना मिली थी। इसके बाद जीआरपी थानाध्यक्ष को सूचना से अवगत कराते हुए आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम गठित कर छापेमारी की गई। टीम ने लोको वाशिंग पिट के पास घेराबंदी कर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधी सुमित कुमार (छोटकी नवादा, डेल्हा), छोटू कुमार उर्फ छोला, समीर उर्फ ओमकार व विकास कुमार उर्फ बुहानी (तीनों अन्दर बैरागी, डेल्हा) हैं। इनका एक साथी बंटी राइडर (अंदर बैरागी, डेल्हा) अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। बताया कि पकड़े गए अपराधियों में सुमित, छोटू कुमार उर्फ छोला, समीर उर्फ ओमकार व भागने वाला अपराधी बंटी राइडर साल 2022 में 30 नवंबर को दो लोडेड देशी कट्टा व चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार हुआ था।

# 5वें दिन पिंडदान से पितरों को बैकुंठ की होती प्राप्ति, ब्रह्म सरोवर में तीर्थ यात्री कर रहे पिंडदान

निज संवाददाता। गया

ज्ञान, मोक्ष, अर्पण- तर्पण शांति की नगरी गया जी धाम में 17 सितंबर से चल रहा है। पितृपक्ष मेले का का आज (शनिवार) 5वां दिन है। 5वें दिन ब्रह्म सरोवर में स्नान, पिंडदान आम्र सिंचन, काकबली पर पिंडदान और श्राद्ध करने का विधान है। वहीं, धर्मारण्य, सरस्वती, मातंगवापी में भी पिंडदान किया जाता है। विष्णुपद प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल का कहना है कि शास्त्रों के अनुसार मान्यता है कि 5वें दिन के पिंडदान से पितरों को बैकुंठ की प्राप्ति हो जाती है।



**अब तक तीन लाख से अधिक लोग आ चुके**

**अलग-अलग पिंड बेदियों पर पिंडदान के विधान को पूरा कर रहेः** धर्मारण्य के बारे में मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद धर्मराज युधिष्ठिर यहां पिंडदान करने आए थे। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले में लाखों की संख्या में तीर्थ यात्री आ चुके हैं। तीर्थ यात्री अलग-अलग तिथियां को अलग-अलग पिंड बेदियों पर पिंडदान के विधान को पूरा कर रहे। खासकर त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वालों के लिए एक-एक दिन की एक-एक तिथि महत्वपूर्ण होती है। ब्रह्मसरोवर आम्र सिंचन, काकबली पर पिंडदान श्राद्ध करने से पितरों को बैकुंठ की प्राप्ति हो जाती है। पूर्वजों के निमित्त पिंडदान से उनके पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। और वे बैकुंठ लोक को प्राप्त हो जाते हैं। गयाजी धाम में पितृपक्ष मेला 17 सितंबर से शुरू हुआ है।

**3 लाख से अधिक पिंडदानी आ चुकेः** मेला शुरू होने के बाद यहां तीर्थ यात्रियों का आना लगातार जारी है। अब तक 3 लाख से अधिक पिंडदानी अपने पितरों के मोक्ष दिलाने के नियमित पिंडदान ही पितृपक्ष मेला में आ चुके हैं। तीर्थयात्री अपने अपने पूर्वजों के निमित्त विभिन्न 55 पिंड वेदियों पर पिंडदान का कर्मकांड कर रहे हैं।

# सदर अस्पताल : 84 सीसीटीवी में 56 ही कर रहे काम

निज संवाददाता। बिहारशरीफ

सदर अस्पताल में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में जो कैमरा लगाया गया है उससे कई विभाग अब भी कैमरे की नजर से दूर हैं। हालांकि सदर अस्पताल में अभी 84 कैमरा लगा हुआ है। लेकिन वर्तमान में 56 कैमरा ही काम कर रहा है। जो चालू हालत में है उनमें से भी कुछ कैमरा नियमित रूप से काम नहीं करता है। इस कारण अस्पताल प्रबंधन को निगरानी में परेशानी हो रही है। वर्तमान में लगे कैमरे के अलावा और किन-किन जगहों पर सीसीटीवी की आवश्यकता है, इसका आकलन अधिकारी स्तर पर किया जाएगा। इसके बाद कैमरा की संख्या बढ़ाई जाएगी। सीएस डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों, मरीजों व अन्य असमाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद अधिकारी स्तर से इसकी समीक्षा की जाएगी। ताकि जरूरत के अनुसार कैमरों की संख्या को बढ़ाया जा सके। कैमरा की मॉनिटरिंग तो मुख्यालय स्तर से की जा रही है। लेकिन सीएस स्तर पर भी किया जाएगा। इसके लिए एक मॉनिटर सीएस चैम्बर में भी लगाया जाएगा। सूत्रों की माने तो एक सप्ताह पहले ओपीडी में गार्ड व कुछ अन्य लोगों द्वारा गलत हरकत करने की जानकारी मिली थी। इसके बाद ओपीडी में भी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया है। हालांकि शाम के बाद जो भी विभाग काम नहीं करता है उन सभी जगहों पर सीएस द्वारा ताला लगाने का निर्देश दिया गया है। अस्पताल के कई विभाग सुरक्षा से दूर रिपोर्ट के मुताबिक 56 कैमरा संचालित है, जिससे ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर के कुछ विभाग व आउट डोर की गतिविधियों पर ही नजर रखी जा रही है। लेकिन सेकेंड फ्लोर के कुछ डिपार्टमेंट जैसे डेंगू वार्ड, नशामुक्ति केन्द्र आदि अभी कैमरे की नजर से दूर है। डीपीएम श्याम कुमार निर्मल ने बताया कि अस्पताल के हर क्षेत्र जहां लोगों की एक्टिविटी होती है, उसपर नजर रखने के लिए कैमरा लगाया जाएगा।




# नालंदा में तालाब में डूबकर किशोर की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार को खेलने के दौरान तालाब में डूबकर एक किशोर की मौत हो गई। मामला पावापुरी ओपी अंतर्गत दुर्गापुर गांव का है। मृतक की पहचान दुर्गापुर प्यारेपुर निवासी स्वर्गीय सुमित मांझी का (10) वर्षीय पुत्र भोला कुमार के रूप में की गई है।

मृतक के परिजन ने बताया कि भोला कुमार गांव के बच्चों के साथ खेलने के लिए घर से निकला था। जब शाम होने के बाद भी नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की जाने लगी। तभी कुछ बच्चों ने बताया कि वह तालाब किनारे खेल रहा था। परिजन ने बताया कि खेलने के दौरान पैर फिसल गया और गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब कर उसकी मौत हो गई। तालाब में खोजबीन के दौरान भोला का पैर स्पर्श हुआ जिसके बाद उसके शव को तालाब से बाहर निकाला गया।

पावापुरी ओपी प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि तालाब में डूबने से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है।

# 2024 में 4 बार NIA, एक बार CBI की रेड, जांच एजेंसियों के रडार पर गयाजी

निज संवाददाता। गया



बिहार की राजधानी पटना के बाद प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा शहर और प्रदेश की धार्मिक राजधानी के नाम से प्रसिद्ध गया एनआईए के रडार पर है। इसका सबसे बड़ा कारण कुछ और नहीं, बल्कि नक्सलवाद का होना है। एनआईए की नजर न केवल नक्सलियों पर बनी हुई है बल्कि उनके मददगारों व पनाहगारों पर भी है। यही वजह है कि बीते एक वर्ष में एनआईए ने 4 रेड जिले के विभिन्न इलाकों में मारी है। इसके अलावा सीबीआई ने भी एक रेड की है। यह अलग बात है कि सीबीआई ने अपनी कार्रवाई नीट पेपर लीक मामले में की है।

**कब-कब हुई NIA की रेडः** ताजा उदाहरण 19 सितंबर का है। एनआईए ने नक्सली कनेक्शन की तलाश में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर पर रेड मारी। रेड की कार्रवाई करीब 20 घटे चली। इस दौरान 4 करोड़ 3 लाख रुपए जब्त हुए। कुछ हथियार भी जब्त किए गए। इससे पहले 28 अगस्त को एनआईए ने टिकारी में छापेमारी की। टीम ने टिकारी थानाक्षेत्र के तिताईगंज मुहल्ले के एक युवक से उसके नाम से निर्गत मोबाइल नंबर के आधार पर पूछताछ की। पूछताछ में युवक द्वारा उक्त मोबाइल नंबर उसके मित्र विकास द्वारा चलाए जाने की बात कही गई। जिसके बाद एनआईए की टीम ने तिताईगंज निवासी विकास से भी घंटो तक टिकारी थाना में पूछताछ की व जानकारी ली। एनआईए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गया जिला के दो जगहों पर छापेमारी कर तलाशी ली गई। एनआईए की टीम द्वारा विकास का मोबाइल जब्त किया गया व उसे पूछताछ के लिए 4 सितंबर को एनआईए कार्यालय हैदराबाद बुलाया गया था। टिकारी में हुई रेड नक्सलियों के शीर्ष नेता व पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा उर्फ सोहन दा, अनिल यादव व नक्सली समर्थक विनोद मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद हुई थी। इससे पहले एनआईए की टीम ने 29 जनवरी को जिले के कोच थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव और शहर के गौतम बुद्ध कॉलोनी रोड के साथ-साथ बांके बाजार प्रखंड के नारायणपुर में एक साथ कार्रवाई की थी। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य राजू जाट के आवास पर एनआईए की टीम ने 5 घंटे तलाशी की थी। वहीं नारायणपुर गांव में सरकारी शिक्षक संतोष यादव के घर रेड की थी। संतोष के घर से 5 लाख नकद और कई दस्तावेज हाथ लगे थे। उस दौरान राजू जाट एनआईए के हाथ नहीं लगा। वह फरार हो गया था। एनआईए सिम अपने साथ ले गई थी।

**◆ नक्सली के साथ पेपर लीक कनेक्शन भी मिला**

**CBI भी कर चुकी है रेडः** इनके अलावा इसी वर्ष 9 जुलाई को नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम गया जिले के बाराचट्टी थाना अंतर्गत हरैया गांव पहुंची थी। हरैया गांव में नीट एग्जाम पेपर लीक मामले का एक आरोपित शिवनंदन कुमार है, जो फिलहाल जेल में बंद है। उसी के घर पर साक्ष्य जुटाने के लिए सीबीआई पहुंची थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य बने डॉ. राजेश

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय गया में नए प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में कॉलेज के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) राजेश कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने नए प्रभारी प्रधानाचार्य को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सिंह ने कहा कि मैं करीब 23 वर्षों से इस महाविद्यालय में कार्यरत हूं। कहा कि वे महाविद्यालय के सभी समस्याओं से अवगत हैं। कहा कि विद्यार्थी रेगुलर क्लास करें और कॉलेज द्वारा समय समय पर आयोजित को-करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लें। यही उनकी पहल प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर डॉ. अनंत कुमार सिन्हा, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. नीरज कुमार कमल, डॉ. धनेश्वर राम, डॉ. मोहन सिंह, डॉ. पार्थ सारथी, डॉ. उमा शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

### 5 पुलिस अवर निरीक्षकों को दी गई नई जिम्मेवारी

**गया।** जिले के विभिन्न थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षकों को नई जिम्मेवारी दी गई है। एसएसपी आशीष भारती ने विधि व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक पदस्थापित किया गया है। सिविल लाइन थाना में पदस्थापित पुअनि आलोक रंजन को मेन थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मेन थानाध्यक्ष पुअनि कौशलेंद्र कुमार को सिविल लाइन थाना के अनुसंधान इकाई में पदस्थापित किया गया है। इसी तरह गुरपा थानाध्यक्ष पुअनि राजेश पासवान को शेरघाटी थाना के अनुसंधान इकाई, पाई बिगहा थानाध्यक्ष पुअनि अजय कुमार को गुरपा थानाध्यक्ष व शेरघाटी थाना में पदस्थापित पुअनि बलिस्टर राम को पाई बिगहा थानाध्यक्ष बनाया गया है।

### जिलास्तरीय रोल प्ले व लोक नृत्य प्रतियोगिता 25 को

**बिहारशरीफ।** जीवन कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय रोल प्ले और लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 25 सितंबर को डायट नूरसराय में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। विद्यालय स्तर पर सफल प्रतिभागियों के आवेदन 21 सितंबर तक डायट नूरसराय में जमा करने होंगे। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित थीम में स्वस्थ रूप से बढ़ना, पौष्टिक भोजन और स्वास्थ, व्यक्तिगत सुरक्षा, इंटरनेट गैजेट्स का सुरक्षित उपयोग, मादक पदार्थों का सेवन और बचाव शामिल हैं। लोक नृत्य के लिए निर्धारित थीम में बालक बालिका के लिए समान अवसर, बाल विकास में संयुक्त परिवार की भूमिका, पर्यावरण की रक्षा, नशाखोरी निवारण और किशोरावस्था में स्वास्थ संबंध शामिल हैं।जिला स्तर पर प्रथम स्थान को 300 रुपये, दूसरे स्थान को 200 रुपये और तीसरे स्थान को 150 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### किशोर की पीट-पीटकर हत्या, मिली लाश

**बिहारशरीफ।** करायपरसुराय थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका से शुक्रवार को एक किशोर का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद पटना जिला के धनरुआ और करायपरसुराय थाना की पुलिस घंटों सीमा विवाद में उलझ गई। इसके बाद स्पष्ट हुआ कि शव पटना जिला मिला है। तब संबंधित थाना पुलिस जांच में जुट गई। मृतक धनरुआ प्रखंड के बालचक गांव निवासी अरुण बिंद का 13 साल का पुत्र सौरभ कुमार है। परिवार के लोग करायपरसुराय थाना इलाके के शराब धंधेबाजों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों ने बताया कि मछली नहीं देने पर शराब धंधेबाजों ने पीट-पीटकर किशोर की हत्या कर दी। शव बोरे से बरामद हुआ। करायपरसुराय थानाध्यक्ष ने बताया कि संबंधित थाना पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### गया के रास्ते होकर चलेगी जेएसएससी परीक्षा स्पेशल

**गया।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को लेकर रांची से पटना के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। पूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि गाड़ी सं. 08626/08625 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन गया के रास्ते होकर चलेगी। गाड़ी सं. 08626 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल 21 सितंबर को रांची से 21.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 08625 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 22 सितंबर को पटना से 20.45 बजे खुलकर अगले दिन 06.45 बजे रांची पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, नेसुब गोमो, कोडरमा, गया एवं जहानाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 18 कोच होंगे। वहीं गाड़ी सं. 08624 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल 22 सितंबर को रांची से 21.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 08623 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 23 सितंबर को पटना से 20.45 बजे खुलकर अगले दिन 06.45 बजे रांची पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, नेसुब गोमो, कोडरमा, गया एवं जहानाबाद स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में थर्ड एसी का एक, स्लीपर का 13 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।

### लूट का आरोपित टॉप टेन सूची का बदमाश बाढ़ से गिरफ्तार

**सरमेरा।** थाना पुलिस ने लूट के आरोपित को बाढ़ थाना इलाके में कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश हुसैना गांव निवासी सुनील पासवान का पुत्र मंगल पासवान थाना के टॉप टेन सूची का अपराधी है। थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि 21 दिसंबर 23 को हुसैना गांव स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से पांच बदमाशों ने हथियार के बल पर 80 हजार रुपया लूट लिया था। उक्त कांड में पूर्व में दो नाबालिगों को निरुद्ध किया गया था। फरार बदमाश को बाढ़ से पकड़ा गया। घटना में संलिप्त अन्य लुटेरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### भूमि विवाद में महिला को मारपीट कर किया जख्मी

**राजगीर।** थाना अंतर्गत मीराचक गांव में शुक्रवार को भूमि विवाद में बदमाशों ने मारपीट कर महिला को जख्मी कर दिया। जख्मी प्रमोद कुमार की पत्नी रंजू देवी को रेफर किए जाने के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि भूमि-विवाद में मारपीट की सूचना है। लिखित शिकायत मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई होगी।

### परिषद की बैठक में गया के अधिवक्ता हुए शामिल

**गया।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की बिहार इकाई के स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन बिहार विधान परिषद के सभागार में हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आरलेकर तथा विधि मंत्री नितिन नवीन मौजूद थे । मौके पर बिहार के राज्यपाल ने राष्ट्र निर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला । मौके पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की गया इकाई के द्वारा राज्यपाल व विधि मंत्री को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष पंकज कुमार, उपाध्यक्ष बागेश कुमार, प्रभात कुमार, धीरज कुमार, इंद्रजीत कुमार चतुर्वेदी, प्रज्ञा कुमारी, सपना भगत, अविनाश कुमार व नरेंद्र सिंह गया इकाई की ओर से शामिल हुए ।

### बिना अनुमति जुलूस निकालने वाले 54 लोगों पर केस दर्ज

**बिहारशरीफ।** नगर थाना पुलिस ने बिना अनुमति मोहम्मद पैगंबर साहब के जन्म दिवस पर जुलूस निकालने में 54 लोगों को आरोपित कर केस दर्ज किया है। जिसमें नौशाद, रुस्तम, अजहर और अरमान नामजद आरोपी है।थानाध्यक्ष ने बताया कि 16 सितंबर को बिना अनुमति के नेहाल मस्जिद से जुलूस निकाला गया था। जुलूस में शामिल लोग बड़ी दरगाह जा रहे थे। गश्ती में शामिल पदाधिकारी ने जांच की तो पता चला बिना प्रशासनिक अनुमति का जुलूस निकाला गया है। केस दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## न्यूज बाइट्स

### 24 घंटे के अंदर 48 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

**नवादा (नि.सं.)**। पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 18 सितम्बर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 03, साईबर क्राईम में 01, हत्या के प्रयास में 03, मद्य निषेध में 07 एवं अन्य गिरफ्तारी 34 कुल 48 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 113 लीटर महुआ शराब एवं 1.875 लीटर विदेशी बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 29 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 472 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 68 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 02, कार 01, एटीएम 02, मोबाईल 01 एवं गांजा 1.100 किलोग्राम बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक ने किया कृष्णा नगर का दौरा

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश, प्रांतीय सचिव सह जिलाध्यक्ष नागेन्द्र कुमार सिन्हा, महामंत्री विशुनदेव पासवान, पिंटू कुमार ने शनिवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अग्निकांड से पीड़ित गांव कृष्णा नगर गांव का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवारों न कहा हम लोग इस गांव में तीन पीढ़ी से रह रहे हैं। जिस भूमि पर निवास कर रहे हैं, उस भूमि पर वर्ष 1995 से मुकदमा चल रहा है। यह मुकदमा चलने के पहले वासिगत पर्चा के लिए हम सभी लोग अंचल कार्यालय व समाहरणालय में आवेदन देकर मांग किया था, लेकिन वासिगत पर्चा नहीं मिल पाया,और मुकदमा हो गया। इस अग्निकांड में 34 घर जलकर खाक हो गया, खाने पीने के अलावा बर्तन समेत अन्य चीज जलकर स्वाहा हो गया है।काफी नुकसान पहुंचा है। जिसकी भरपाई भी मुश्किल है। ग्रामीणों की व्यथा सुनने के बाद दौरा पर आए लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक समेत अन्य घटना की निंदा करते हुए कहा इस तरह की वहशीपन घटना बिहार के अतीत में हुए घटना को याद दिला रही है, पीड़ित परिवार नारकीय जीवन जी रहे हैं, ऐसे में पीड़ितों की तत्काल आवास की आवश्यकता है,इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी की जरूरत है, उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग की सरकार से किया है।

### सिरोडावर पंचायत में ग्राम उत्थान कार्यक्रम का हुआ समापन, सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित




**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड क्षेत्र के सिरोडावर पंचायत में हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा 30 माह से चल रहे ग्राम उत्थान कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, परियोजना प्रबंधक रूपेश कुमार, सहायक परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार, जीविका के बीपीएम चंदन कुमार, पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार, वार्ड सदस्य वासुदेव साव, समाजसेवी अरुण राम एवं ग्राम उत्थान कार्यक्रम के सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का विषय प्रवेश करवाते हुए तुलसी कुमार ने बताया कि विगत 30 महीनों में सिरोडावर पंचायत में ग्राम उत्थान कार्यक्रम के तहत 12 एसएचजी का नियमित संचालन तथा प्रशिक्षण का कार्यक्रम किया गया, जिसमें कुल 150 महिलाओं ने भागीदारी रही। वहीं स्वयं सहायता समूह के बेहतर संचालन प्रशिक्षण में 150 लोगों ने, उद्यम विकास के प्रशिक्षण में 132 लोगों ने, नेतृत्व विकास के प्रशिक्षण में 24 लोगों ने, व्यवसाय विकास के प्रशिक्षण में 100 लोगों ने,वित्तीय साक्षरता में 77 लोग, प्रौढ शिक्षा में 60 लोगों के अलावे हक व अधिकार के प्रशिक्षण में 72 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से कुल 104 परिवार आधारित उद्यम का शुरुआत भी महिलाओं ने किया। वहीं इसके स्थायित्व को लेकर दो सीएलएन का भी गठन किया गया तथा उन्हें प्रशिक्षित किया गया। परिवार आधारित उद्यम के विकास के लिए कुल 75 महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। साथ ही 73 महिलाओं को एक्स्पोज़र एवं 28 महिलाओं को बाजार से जोड़ा गया। वहीं कुल 132 महिलाओं को सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में भी मदद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवि रंजन ने कहा कि यह कार्यक्रम का समापन है। आपके उद्यम विकास का नहीं, आप निरंतर अपने उद्यम को विकास की ओर ले जायें। इसके लिए सदैव आपको संस्था का मार्गदर्शन मिलता रहेगा। वहीं बीपीएम चंदन कुमार ने कहा कि जीविका के तरफ से आप सबों को वित्तीय सहायता के रूप में जब भी आवश्यकता हो सहयोग जरुर प्राप्त होगा और आपलोगों की जो यात्रा है, उसे आगे बढ़ाने में भी जीविका अपना पूरा सहयोग भी देगी।

### जिले के चार अंगिभूत महाविद्यालयों में अगले सत्र से होगी पीजी की पढ़ाई

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है।अब पीजी की पढ़ाई के लिए उन्हें इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अगले सत्र से जिले के चार अंगिभूत महाविद्यालयों में पढ़ाई आरंभ हो जायेगी। ऐसा पूर्व मंत्री सह विधानपार्षद जद यू प्रवक्ता नीरज कुमार के पहल पर संभव हो सका है। उपरोक्त घोषणा मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही ने की है। अगले सत्र में नगर के कन्हाय लाल साहू के साथ राजेन्द्र मेमोरियल महाविद्यालय, वारिसलीगंज के एसएन सिंहा महाविद्यालय व हिसुआ के टी एस महाविद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों में अलग-अलग विषयों की पढ़ाई होगी। ऐसा इसलिए कि एक ही महाविद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई संभव नहीं है। उपरोक्त घोषणा का जद यू प्रदेश सचिव दीपक कुमार मुन्ना, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य अफरोजा खातुन समेत जिले के बुद्धिजीवियों ने स्वागत करते हुए विधानपार्षद नीरज कुमार का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बुद्धिजीवियों का मानना है कि वर्षों बाद मांग पूरी होने से उच्च शिक्षा का जिले में मार्ग प्रशस्त होगा।

### अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में मारी ठोकर शिक्षिका की गिरकर हुई मौत

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)**। शनिवार को सासाराम चौसा पथ पर जलहरा गांव के निकट बाइक से जा रही शिक्षिका में अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी जिसमे उनकी इलाज के लिए बनारस ले जाने के क्रम में मौत हो गई। जबकि घटना को अंजाम दें चालक वाहन लेकर भागने में कामयाब रहा। घटना के बारे में बताया जाता है कि रोहतास जिले के कोचस प्रखंड के कथराई विद्यालय में शिक्षक के तौर पर कार्यरत थी फिलहाल में विद्यालय मे हो रही परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए बक्सर जिले के मानिकपुर विद्यालय में जा रही थी। तभी जलहरा के समीप स्टेट हाइवे पर पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी जिसमें बाइक चालक शिक्षक एवं शिक्षिका सड़क पर गीर बुरी तरह लहूलुहान हो गए। घायल महिला कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 निवासी सिकंदर पासवान की 40 वर्षीय पत्नी कंचन कुमारी मणि बताई जाती है। घायल अवस्था में शिक्षकों ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# जनता दरबार में आए सात मामलों में 4 का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)



थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया जाता था। इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार भी मौजूद रहे।सीओ ने बताया कि अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के सात मामले जनता दरबार में पहुंचे थे। जनता दरबार में आये चार मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है एवं तीन मामलों में द्वितीय पक्ष के अनुपस्थिति के कारण उन्हें नोटिस किया गया है। जनता दरबार में रजौली के दिलीप कुमार का विवाद वीरेंद्र साव, हाथोचक के पंकज कुमार का विवाद मुद्रिका यादव, अमांवा के उर्मिला देवी का विवाद सुनीता देवी एवं जोगियामारण के लालो यादव का विवाद विनोद प्रसाद से था, जिसका निष्पादन किया जा चुका है। वहीं बहादुरपुर के बुंदेल राम का विवाद गणेश्वर रविदास, बैजदा के सुनैना देवी का विवाद प्रदीप कुमार एवं जोगियामारण के अरविंद राजवंशी का विवाद बिजली राजवंशी से था, जिनमें द्वितीय पक्ष की उपस्थिति नहीं रहने कारण उन्हें नोटिस कर अगले शनिवार को लगने वाले जनता दरबार में प्रस्तुत होने को निर्देशित किया गया है। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया।साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें, बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)**। कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज रोहतास में जिला के कॉमन सर्विस सेंटर के संचालको के लिए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक रवि कुमार एवं वरीय वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर कुल 22 सीएससी संचालको ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर सीएससी जिला प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में रोहतास जिले में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को मिलाकर कुल 1400 सीएससी कार्यरत है, जो वहां आने वाले लाभार्थियों, किसानो एवं अन्य ग्राहकों को विभिन्न तरह के सेवाएं प्रदान करते हैं, जिसमें पैसा निकासी, आयुष्मान भारत कार्ड, श्रमिक पंजीकरण, ई-श्रम कार्ड, किसान पंजीकरण, किसान सम्मान निधि योजना, केवाईसी, पेंशन केवाईसी, पीएम विश्वकर्मा पंजीकरण इत्यादि सुविधा शामिल है।

## पकरीबरावां में पुलिस ने की भारी मात्रा में शराब जब्त

**निज संवाददाता** | (पकरीबरावां) नवादा



पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के केशऔरी गांव से पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि केशऔरी गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी में एक ब्रेजा कार से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई। उन्होंने बताया कि कार से 180 एमएल का 85 एवं 375 एमएल का 15 बोतल विदेशी शराब जब्त की गई। इस बीच पुलिस ने कार को जब्त किया। जब्त कार की तलाशी ली गई तो उसमें बने तहखाना से पुलिस ने 500 एमएल का 52 बोतल किंगफिशर का शराब जब्त किया। पुलिस ने इसी गांव के ओंकार कुमार के पुत्र किशलय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खुरी नदी की भूमि पर अवैध कब्जा की होगी जांच

**निज संवाददाता** | नवादा

जिला मुख्यालय मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ददौर गांव महादलित टोला कृष्णा नगर में हुई आगजनी की घटना से जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गई है। डीएम आशुतोष वर्मा ने बताया कि अब जिले की भू माफियाओं पर सख्ती से नजर रखी जायेगी। गैरमजरूआ जमीन को कब्जा कर अवैध रूप से खरीद-बिक्री करने के गोरखधंधे पर सख्ती से कार्रवाई की जायगी। नगर से गुजरने वाली खुरी नदी में हो रही अवैध कब्जा को लेकर डीएम ने कहा कि प्रशासन अब वैसे लोगों पर सख्ती से कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि नदी में नगर परिषद द्वारा की जा रही अवैध कचरे की डम्पिंग से भू माफियाओं को जमीन का अवैध कब्जा करने का मौका मिल रहा है। इसके लिए नगर परिषद को सख्त हिदायत दिया जायगा कि नदी में अवैध कचरों का डम्पिंग नहीं करें, अन्यथा कार्रवाई होगी। इसके अलावा नदी सहित जितने भी गैरमजरूआ जमीन है उसका सर्वे कराया जायगा। उसके बाद जिन लोगों का अवैध कब्जा पाया जायगा, उनपर कार्रवाई की जायगी। खुरी नदी में अवैध कब्जा से नदी का 33 एकड़ 43 डिस्मील रकवा में बचा है मात्र करीब 15 एकड़ । नगर से होकर गुजरने वाली खुरी नदी का अस्तित्व पर दिनों दिन खतरे का बादल मंडराता जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रभावित होने लगा है। बरसाती नदी होने के कारण इसपर अतिक्रमण करना लोगों के लिये आसान हो चुका है। इसमें भी नगर परिषद का फेंके जाने वाले कचड़ा उन अतिक्रमणकारियों के लिये सोने पर सुहागा का काम किया है, जिन्होंने इसपर अवैध कब्ज़ा जमाया है। वर्तमान में स्थिति यह है कि नदी का 33 एकड़ 43 डिस्मील रकवा में करीब 15 एकड़ ही रकवा बचा है। खुरी नदी का करीब 18 से 20 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर लोगों ने नया खतियान सर्वे में अपने नाम से बंदरबांट कर लिया है। वर्ष 1987-88 में की गई सर्वे के दौरान नदी के जमीन का लूटपाट किया गया था। फलतः खुरी नदी पूरी तरह से सिकुड़ चुकी है। नदी की चौड़ाई करीब 65 फीट ही रह गया है। शहरी क्षेत्र में नदी को सबसे ज्यादा प्रभावित नगर परिषद से किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को नदी पर कब्जा करने का मौका मिलता गया। बताया जाता है कि शहरी इलाकों में नदी किनारे बसे लोगों के अतिक्रमण का प्रभाव ऐसा हुआ कि नदी ने अपना रूख बदलना शुरू कर दिया और फिर गोंदापुर की रैयती जमीन को अपने चपेट में ले लिया, लेकिन जब नदी में पानी सुखना शुरू हुआ तब जिनका रैयती जमीन था उन लोगों द्वारा नदी में मकान बनाना शुरू कर दिया।

# सड़क किनारे खुलेआम मिलावट कर लगा रहे ग्राहकों को चूना, प्रशासन मौन

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के हरदिया में एनएच-20 सड़क के किनारे बरसात खत्म होते ही कोयले के डस्ट का अवैध कारोबार एक बार फिर धड़ल्ले से पनपने लगा है। रजौली पुलिस की नाक के नीचे काले हीरे की चोरी का कारोबार माफियाओं व दलालों की सांठगांठ के बाद पुलिस के भय को नकारते हुए एक बार पुनः पैर पसारना शुरू कर दिया है। काले हीरे बेचने के नाम पर कोयला माफियाओं द्वारा कोयले के डस्ट का कारोबार किया जा रहा है। झारखंड की ओर से आने वाले कोयला लदे ट्रकों को एनएच-20 पर सड़क के किनारे में बने इन माफियाओं के डंपिंग यार्ड में रोक कर ट्रक चालक की मिलीभगत से काले हीरे के नाम से कोयले को उतार लिया जाता है। कोयला उतारने के बाद झारखंड के कोल फिल्ड क्षेत्र से आने वाले कोयले के फेंके हुए डस्ट को बराबर की मात्रा में इसमें मिलाकर व पानी डाल कर बगल के आगे-पीछे स्थित धर्मकांटे पर उसका वजन कराकर उसे निर्धारित गंतव्यों की ओर भिजवा दे रहे हैं। मिलावटी कोयले की भनक कोयला मंगाने वाले व्यवसाइयों को भी नहीं होती है। उन्हें यह जानकारी नहीं होती कि लाया गया कोयला ऑरिजनल है या मिलावटी। उन्हें तब पता चलता जब इंट भट्ठेदार उसे इंट पकाने के काम में लगाने लगते हैं।देर से जलने वाले कोयले के कारण ईंट अच्छा से नहीं पक पाता है। जब तक उन्हें समझ में आता है, तब तक काफी देर हो चुका होता है। ट्रक वाले पैसे लेकर जा चुके होते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पटना रांची एनएच सड़क के किनारे रजौली से फतेहपुर तक दर्जनों लोगों द्वारा अवैध कोयले डिपो का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। अवैध कोयला डिपो पर पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से बेखौफ होकर कोयला का अवैध कारोबार कर रहे हैं व सरकार के राजस्व को चुना लगा रहे हैं। एनएच-20 के किनारे प्रतिदिन हजारों बाइकसवारों का आवागमन होते रहता है। ऐसे में अवैध कोयले की डिपू में डस्ट के मिलावट के दौरान अत्यधिक मात्रा में डस्ट उड़ते रहता है, जिससे बाइकसवारों का चलना दूभर हो गया है। कोयले के डस्ट बाइकसवारों के नाक एवं आंख में घुस जा रहे हैं। जिससे बाइकसवारों की सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है। ग्रामीण गोपाल सिंह, सूरज कुमार, पिन्टू कुमार के अलावे दर्जनों लोगों ने बताया कि कोयले के छोटे-छोटे कण हवा में बिखर जाते हैं,इस वातावरण में अधिक दिनों तक सांस लेने से कई तरह की श्वास संबंधी बीमारियां होती हैं। कोयले की धूल के लंबे समय तक संपर्क में रहने वाले लोगों को फेफड़े के कैंसर और अन्य बीमारियां होने की संभावना होती है। इसके बावजूद पुलिस एवं प्रशासन चुप्पी साधकर बैठे हुए हैं।

### हथियार के बल पर पहले दंपति को डराया, फिर बेटे के कमरे से उड़ा ले गए जेवरात और नगदी

**निज संवाददाता** | नवादा

जिले में आपराधिक घटनाएं चरम पर है। अपराधी एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला नगर थाना का है। चोरों ने उत्पात मचाया है। जानकारी अनुसार बीती रात 6 की संख्या में रहे नकाबपोश डकैतों ने शिक्षक के घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया।

चोरों ने शिक्षक के घर से 10 भर सोना सहित 50 हजार नगदी लेकर फरार हो गया। नगर के चौधरी नगर मोहल्ले के शिक्षक अनिल कुमार के घर में बीती रात 6 की संख्या में नकाबपोश अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया। हथियार से लैस बदमाशों ने घर के मुख्य दरवाजे के तरफ से घर में प्रवेश कर डकैती की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि शिक्षक का मकान इस वक्त निर्माणाधीन था और नए तरीके से घर बनाया जा रहा था जिस कारण उनका मुख्य दरवाजा खुला था।

इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने घर में प्रवेश कर हथियार के बल पर पहले पति-पत्नी को उठाया और बाद में बेटे के रूम में रहे अलमीरा से 10 भर सोना और 50000 नगद की लूट कर ली। घटना के बाद अपराधी आसानी से वहां से निकलते बने।

घटना की जानकारी सुबह होने पर उन्होंने पड़ोस के लोगों को दी और बाद में पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर अनुसंधान कर रही है। फिलहाल पीड़ित परिवार ने थाने में अज्ञात के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## सात कांडों के 573 लीटर शराब का किया गया विनष्टीकरण

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र में पुलिसिया कार्रवाई में पकड़े गए देशी महुआ शराब को शनिवार की दोपहर दंडाधिकारी की मौजूदगी में जमीनदोज करते हुए विनष्टीकरण किया गया। दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में विभिन्न मामलों में जब्त किए गए देशी महुआ शराब एवं विदेशी का विनष्टीकरण थाना परिसर में कराया गया है। दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने जानकारी देते हुए कहा कि रजौली थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से थाना काण्ड संख्या 357/24,419/24,413/24,424/24,428/24 एवं 429/24 में जब्त कुल 551 लीटर देशी महुआ शराब एवं 22 लीटर विदेशी शराब को पुलिस बलों के सहयोग से जमींदोज करते हुए विनष्टीकरण की गई है। बताते चलें कि थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में रजौली थाना क्षेत्र में रोड एंड रेड के तहत कार्रवाई कर शराब माफियाओं पर नकेल कशा जा रहा है। इनके निर्देशानुसार शराब की जब्ती व कारोबारियों की धड़-पकड़ लगातार जारी है। इस मौके पर मालखाना प्रभारी एएसआई बीरेंद्र पासवान के अलावे चौकीदार मौजूद रहे।

# बाइक चोर हुए सक्रिय, घर के पास से ले भागे मोटरसाइकिल, मालिक करता रह गया पीछा

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल की चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। चोर का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे सीसीटीवी कैमरे के सामने चोरी के वारदात करने से पीछे नहीं हट रहे थे। अब तो मोटरसाइकिल मालिक के आंखों के सामने मोटरसाइकिल चालू कर भागने लगे हैं। ताजा मामला बहादुरपुर गांव का है, बीते दिन शिवनन्दन प्रसाद के पुत्र उदय कुमार प्रतिदिन की भांति अपने दरवाजे पर अपनी मोटरसाइकिल टीवीएस स्टारसिटी संख्या डीएल7एसबीबी2371 को लगाकर अंदर सोने चले गए।वहीं रात्रि के लगभग 1:30 बजे घर के बाहर खटपट की आवाज सुनाई दिया। उन्हें यह संदेह हुआ कि बारिश के कारण ब्रेक शू आवाज करने वाला आवाज है। इस घटना को देखने के लिए वे रूम के अंदर से खिड़की द्वारा झांककर देखा, तो महज 2 मीटर की दूरी पर लगे मोटरसाइकिल अपनी जगह पर नहीं लगा दिखाई दिया। जिसके बाद वे चोर-चोर चिल्लाते हुए दरवाजा खोलकर बाहर आये।घर के बाहर उन्होंने देखा कि दो लड़के उनकी बाइक पर बैठकर गाड़ी को लेकर भागने रहे हैं। मोटरसाइकिल मालिक द्वारा पीछा किया गया, तब थोड़ी दूरी पर खड़ा तीसरा युवक चलती बाइक पर बैठकर फरार हो गया। मोटरसाइकिल के मालिक ने बताया कि वे तीनों चोर के पीछे चोर-चोर कहकर भागते रहे, किन्तु चोर गांव की सड़क से मुख्य सड़क पर चढ़कर फरार हो गए। पीड़ित मालिक ने कहा कि उन्होंने मोटरसाइकिल चोरी की घटना की जानकारी डायल 112 की टीम से शेयर करना चाहा। किन्तु लगभग 10 मिनट बाद डायल 112 की टीम से सम्पर्क स्थापित हो सका।तब उन्होंने घटना का जिक्र करते हुए रास्ते में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को देखने पर पकड़ने का आग्रह किया। साथ ही करीगांव स्थित टोल प्लाजा पर भी मोटरसाइकिल चोरी की जानकारी दी एवं संदिग्ध लोगों को रोकने की अपील किया। किन्तु मोटरसाइकिल चोर सम्भवतः मुरहेना गांव के रास्ते भागने में सफल रहे। पीड़ित मोटरसाइकिल मालिक ने कहा कि जब आंखों के सामने चोरी किये गए मोटरसाइकिल का कुछ भी अतापता नहीं चला, तो उन्होंने थाना को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि पुलिस मामले को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# युवाओं के लिए सुनहरा अवसरः राष्ट्रीय युवा महोत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**निज संवाददाता** | नवादा

कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने बताया कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर दिशा निर्देशित किया गया है। सितम्बर 2024 माह के अंतिम सप्ताह में इसके आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। 15 वर्ष से 19 वर्ष तक की आयु वाले युवक-युवती को इसमें अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका प्रदान किया जायेगा। इसमें विभिन्न विद्यालयों के साथ-साथ बाहरी एवं स्थानीय जिला निवासी सभी भाग ले सकते हैं। युवा महोत्सव में खासकर शास्त्रीय नृत्य, कहानी, शास्त्रीय गायन, वाद्य वादन, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, लोक नृत्य, लोकगीत, नाटक, कविता लेखन, चित्रकला, वक्तृता आदि की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर पूर्व में निबंधन कराना जरूरी होगा। कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने अधिक से अधिक युवाओं को युवा महोत्सव में जोड़ने का निर्देश दिया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग राज्य मुख्यालय से जिला स्तरीय युवा महोत्सव में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता को लेकर प्रचार-प्रसार किये जाने पर दिया गया है। जिला कला, संस्कृति पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि युवा वर्ग को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रोत्साहन के लिए जिला स्तर से राज्य स्तर तक युवा उत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। राज्य स्तर के प्रथम स्थान प्राप्त कलाकार, दल की प्रतिभागिता राष्ट्रीय युवा उत्सव में होती है। युवा उत्सव राज्य के युवाओं में प्रतिभा एवं रचनात्मक उर्जा को प्रदर्शित करने का उत्तम अवसर है। कार्यक्रम का विद्यालय, महाविद्यालय में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। कॉलेजों की अधिकतम सहभागिता रहे, इस संबंध में डीईओ को दिशा निर्देश दिया जायेगा। एनएसएस के वालंटियर्स का भी इस कार्यक्रम में सहयोग लिया जायेगा। युवा उत्सव दिनांक 27 से 28 सितम्बर 2024 को नगर भवन, नवादा में आयोजित होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य/जिले के युवा वर्ग के कला संस्कृति के क्षेत्र में प्रोत्साहन देना है। यह युवाओं की प्रतिभा एवं रचनात्मक उर्जा को प्रदर्शित करने का उत्तम अवसर है। प्रतियोगिता संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश और आवेदन प्रारूप बेवसाईट www.nawada.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं और साथ ही जिला कला संस्कृति कार्यालय में भी उपलब्ध है। आवेदन की अंतिम तिथि 25.09.2024 है। आवेदन अप0 04:00 बजे तक जिला कला संस्कृति कार्यालय में जमा करना है।

## पश्चिमी पंचायत भवन में जीपीपीएफटी फोरम का गठन

**तिलौथू (रोहतास) (नि.सं.)**। पश्चिमी पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू अंकित जैन की अध्यक्षता में जीपीपीएफटी (ग्रामीण पंचायत प्लानिंग और फंडिंग टीम) फोरम का गठन किया गया। इस बैठक में आदर्श पंचायत और स्वस्थ पंचायत बनाने की दिशा में चर्चा हुई। पदाधिकारी ने सभी सदस्यों को जागरूक करते हुए सहयोग की अपील की, ताकि पंचायत की समस्याओं का समाधान किया जा सके और सरकार की सुविधाओं का लाभ उठाया जा सके।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

सं०– CWMPD-04-2024-25 दिनांक 19.09.2024

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशाप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्टडिपो, पं० दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा बंद होने की तिथि–15.10.2024**

**1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** प्लान्टडिपो, डी०डी०यू० में आवश्यकता अनुसार कच्चे माल की हैंडलिंग, पुल के गर्डरो को स्थानान्तरित करने आदि कार्य के लिये 24 महीनों के लिये 14 मी. टन क्षमता की 02 अदद रोड क्रेन (हाइड्रा) उपलब्ध कराना। **2. कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 42,44,172.00, **3. जमानत राशि :** रू० 84,900.00, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 15.10.2024, 12:00 बजे, **5. बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: www.ireps.gov.in**

मुख्य कारखाना प्रबंधक/बी० डब्ल्यू०
प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01165/पीडीएम/एमईसीएच/टी/24-25/28

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कुल्हड़िया में किया गया पोषण मेले का उद्घाटन

**कोईलवर**। कोईलवर राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत प्रखंड के कुल्हड़िया पंचायत के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 83 पर पोषण माह के दौरान पोषण मेला का शुभारंभ किया गया। 01 सितंबर से 30 सितम्बर तक चलने वाली पोषण माह के तहत पोषण माह का उद्घाटन सीडीपीओ सुषमा कुमारी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। पोषण मेला में ग्रामीणों को पोषण युक्त आहार संबंधी जानकारियां दी जाएंगी। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुषमा कुमारी ने बताया कि पोषण माह के माध्यम से श्री अन्न को अपने दैनिक जीवन के अपनाने हेतु सभी सेविका गृह भेंट के द्वारा लोगों को पोषण से संबंधित जानकारी दी जाएगी। महिला पर्यवेक्षिका रक्षा गुप्ता ने बताया कि पोषण मेला में गर्भवती महिलाओं तथा 0 से 6 वर्ष के बच्चों में कुपोषण को रोकने हेतु पूरक आहार से संबंधित सभी जानकारी दी जाएगी।

### धोखाधड़ी मामले में अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं

**कोईलवर**। बीरमपुर सीएसपी संचालक द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के लाखों रुपए लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने संचालक,कर्मियों के साथ साथ दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के कायमनगर शाखा के प्रबंधक समेत छह लोगों पर बेशक नामजद मामला दर्ज कराया हो पर पुलिस अभी तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नही कर पाई है। गौरतलब रहे की कोईलवर प्रखंड के बीरमपुर गांव में कई वर्षों से सेवारत सीएसपी संचालक आरा निवासी चंदन सहाय ने बीरमपुर व आसपास गांवों के सीधे साधे लोगों की मेहनत की मोटी कमाई लूट ली थी और अचानक सीएसपी बंद कर फरार हो गया।आम लोगों के रकम की धोखाधड़ी कर फरार होने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बैंक के प्रबंधक की मिलीभगत बताते हुए फोरलेन जाम कर दिया था। इस दौरान सड़क पर उतरे सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाओं ने आरा-पटना फोरलेन पर बैठ कर प्रदर्शन किया जिससे लगभग एक घंटे तक यातायात ठप्प रहा था।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, ऑटो भी जब्त

**कोईलवर**। कोईलवर स्थानीय पुलिस ने कोईलवर-छपरा सड़क पर पार्किंग के समीप से ऑटो से लेकर जा रहे एक शराब धंधेबाज को 120 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धंधेबाज को जेल भेजा। इस बाबत प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि ऑटो से शराब लेकर जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये 120 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक ऑटो भी जब्त किया गया है। पुलिस ने कारोबारी को खदेड़ कर हिरासत में लिया। तलाशी लिए जाने पर कुल 120 लीटर महुआ शराब व ऑटो जब्त किया गया तथा धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज सूरज कुमार है जो बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद का रहने वाला है। पुलिस के इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में भय व्याप्त है।

### डीएम ने समस्याओं को सुन समाधान का दिया निर्देश

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने समाहरणालय, आरा में शुक्रवार को आयोजित जिला जनता दरबार में 90 लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनके समस्याओं के अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को लोक शिकायत के कुल 8 अपीलीय मामलों की भी सुनवाई। इसमें मुख्यतः गृह विभाग से 3 मामले, राजस्व व भूमि सुधार विभाग से 2 मामले, विद्युत विभाग से 1 मामले और समाज कल्याण विभाग से 2 मामले रहे। डीएम ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। परिवाद में वर्णित तथ्यों की स्वंय जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे अथवा कनीय पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा कर स्पष्ट मंतव्य अंकित करते हुए प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे।

### बाढ़ की स्थिति पर जताई चिंता, प्रशासन से व्यवस्था की मांग

**आरा**। आम आदमी पार्टी ने जिले में, विशेषकर शाहपुर और बड़हरा में बाढ की स्थिति को देखकर चिंता जाहिर की है। पार्टी के मीडिया समन्वयक कृष्ण मोहन ठाकुर ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जायें और गंभीर कटाव व निचले क्षेत्रों के निवासियों को उंचाई वाले अस्थायी शिविरों में पहुंचाया जाय। प्रभावित क्षेत्रों में नाव का सुचारू संचालन, भोजन के अभाव की समीक्षा कर सामुदायिक रसोई, पशु चारा और मेडिकल टीम, पानी साफ कर पीने के लिए क्लोरीन टैबलेट का भी वितरण हो। कई जगहों पर बीमार लोगों को अत्यधिक असुविधा की खबर मिल रही है। बिहिया, शाहपुर, बबुरा, कोईलवर में आवश्यक सुविधाओं से युक्त मेडिकल टीम की चौबीस घंटे वयवस्था की जाय। बोट की भी वयवस्था हो, जो बीमार मरीजों को तुरंत ला सकें। हर गांव के प्रभावित क्षेत्रों के दस - दस लोगों का मोबाइल नंबर उपलब्ध किया जाय, जिससे जमीनी स्तर पर जानकारी मिलती रहे। यह आश्चर्य की बात है कि महीनों से बाढ़ से निपटने की तैयारी होती है, लेकिन जब जरूरत पड़ती है तो प्रशासनिक अमला बेदम नजर आता है।

### गड़हनी में स्वास्थ्य जांच शिविर

**गड़हनी**। गड़हनी पीएचसी ने स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत प्रखण्ड मुख्यालय पर शिविर लगाकर 39 स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य जांच किया। शिविर चिकित्सा प्रभारी चिकित्सक सुनील महेन्द्र कपूर व बीडीओ अर्चना कुमारी के नेतृत्व में 8 सदस्यीय मेडिकल टीम के द्वारा शिविर लगाया गया था। शिविर में प्रखण्ड के पंचायत व नगर पंचायत के सभी स्वच्छता कर्मियों का बुलाया गया था लेकिन 39 लोग ही उपस्थित हो सके। इन सभी 39 स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य जांच चिकित्सक सतेंद्र कुमार राय व लैब टेक्नीशियन मोहन सिंह के द्वारा ब्लड, बीपी, शुगर जांच किया गया और जांच कर दवा दी गई। ये शिविर बिहार सरकार के निर्देश पर लगाया गया था। इस मौके पर एएनएम चंद्रकांति कुमारी, अनुराधा कुमारी, नीतू कुमारी, अंशुमाला व फैमिली प्लानिंग वर्कर पंकज व द्वारिका ठाकुर उपस्थित रहे।

### ड्यूटी से गायब रहे प्रभारी, डॉक्टर व कर्मी



**आरा**। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ केएन सिन्हा ने शुक्रवार को बाढ़ ग्रसित क्षेत्र शाहपुर प्रखंड में कई स्वास्थ्य केंद्रों व गांवों में चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण किया। डॉ के एन सिन्हा सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर का निरीक्षण किया। यहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कुछ चिकित्सा पदाधिकारी व कई कर्मी अनुपस्थित थे। सिर्फ दो चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे। डॉ सिन्हा ने वहां बाढ़ के लिए गठित विशेष रोस्टर चार्ट का अवलोकन किया। बाढ़ पीडितों के लिए चिकित्सा तैयारियां का जायजा लिया एवं उपलब्ध दवाओं का ब्योरा मांगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुत्ते काटने की सुई, सांप डसने की सुई के अलावा सभी तरह के दवा व हैलोजन, क्लोरोफ़िल गोली उपलब्ध पाई गईं। चूना और ब्लीचिंग पाउडर के लिए जिन लोगों ने आवेदन किया है, वहां ब्लीचिंग पाउडर पहुंचाने के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सरना रोड में भरौली गांव के स्वास्थ्य उपकेंद्र, सबसेंटर, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर कोई स्वास्थ्य कर्मी नहीं पाये गये। गार्ड ने बताया कि सभी कर्मी अभी खाना खाने के लिए गए हैं। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सुहिया व भरौली माध्यमिक विद्यालय में गए। वहां तीन एएनएम थीं। चिकित्सा पदाधिकारी का कोई अता-पता नहीं था। वहां चिकित्सा टीम द्वारा उनके किए जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की गई। उनकी समस्याओं को जाना और मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों को हर सुविधा देने का वादा किया। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बर्मन, सुधीर सिंह, पंकज यादव, एएनएम मिस मरांडी एवं पवन कुमार भी थे। डॉ सिन्हा ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में एक रैपिड एक्शन मेडिकल टीम को भेजा। जिसमें एम्बुलेंस, दो डॉक्टर, चार एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मी थे।

# गधे की मौत पर डीएम कार्यालय का घेराव का निर्णय

◆ बक्सर में बिजली विभाग अधिकारियों ने 5 नामजद समेत कुल 65 लोगों पर किया एफआईआर दर्ज



**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर जिले के रामपुर गांव में करेंट की चपेट में आने से गधे की मौत को लेकर ग्रामीण और विद्युत विभाग के अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने 5 नामजद समेत कुल 65 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है । एफआईआर में अधिकारियों ने पांच नामजद में गधे मालिक ददन रजक, रामपुर मुखिया प्रतिनिधि विकास चंद्र पांडेय उर्फ बसंत पांडेय, सरपंच विष्णु देव पासवान पंचायत समिति सदस्य मंजू कुमारी, आलमगीर आफताब को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने भी अधिकारियों पर एसी-एसटी केस दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। देर रात सभी ग्रामीणों ने बैठक कर बक्सर डीएम कार्यालय का घेराव कर डीएम से न्याय की गुहार लगाने का निर्णय लिया। बैठक में डुमरांव के विधायक डॉ अजीत सिंह भी शामिल रहे।

**क्या है पूरा मामलाः** वासुदेवा ओपी क्षेत्र के रामपुर गांव में 11 सितंबर की शाम करीब 5 बजे गांव में बिजली के खंभे के संपर्क में आने से ददन रजक के एक गधे की मौत हो गई थी। वहीं, दूसरा गधा भी करंट की चपेट में आने से घायल हो गया। जिसे बचाने में दो लोग धनजी रजक और डिप्टी रजक घायल हो गए थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रामपुर पावर ग्रिड पर जाकर मुआवजे की मांग करने लगे। साथ ही अधिकारियों को बुलाने की जिद पर अड़े रहे। उनका कहना था की जर्जर तार के कारण पूर्व में भी कई घटना हो चुकी है। शिकायत के बावजूद भी अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे एक गरीब के गधे की मौत हो गई।

**1,46,429 रुपए के नुकसान का आरोपः** इस दौरान करीब दो घंटा 56 मिनट तक पावर सप्लाई पूरे प्रखंड की बाधित रही। जानकारी मिलने पर डुमरांव बिजली विभाग एसडीओ राकेश कुमार दुबे पावर ग्रिड पहुंच स्थानीय लोगों को समझा बुझाकर पावर सप्लाई को चालू कराया। इसके बाद विद्युत कनीय अभियंता अविनाश कुमार द्वारा उक्त प्रदर्शनकारियों पर वासुदेवा थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया गया। बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बाधित करने व ऑपरेटर को बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए कंपनी को 1,46,429 रुपये का नुकसान होने का आरोप लगाते हुए इस मामले में पांच नामजद समेत 65 लोगो एफआईआर दर्ज करा दिया। गधे के मालिक ने भी एसटी एससी में केस के लिए दिया है। घटना को लेकर पीड़ित ददन रजक ने एससी-एसटी थाना बक्सर में बिजली जेई अविनाश कुमार पर बदसुलूकी और जाति सूचक गली गलौज का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि मुआवजा की प्रक्रिया जानने के लिए मै कनीय अभियंता से मिलने जा रहा था। रास्ते में ही देख वे भड़क गए और मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। इसकी पुष्टि करते हुए एससी एसटी थानाध्यक्ष मोना कुमारी ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच की जा रही है। इस मामले में एसपी ने कहा कि अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने से पहले कुछ प्रक्रिया होती है। जिसके बाद आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज किया जायेगा।

**डीएम कार्यालय का करेंगे घेरावः** शुक्रवार की रात ग्रामीणों के बीच पहुंचे डुमरांव के विधायक डॉ अजीत सिंह ने ग्रामीणों से कहा है कि कम्पनी ने जो फर्जी मुकदमा किया है। बिजली कंपनी के मनमानी से पूरा ग्रामीण त्रस्त है। इसको लेकर एक समय फिक्स कर डीएम कार्यालय का घेराव किया जाए। डीएम के समाने पांच लोग पहुंच कर अपनी समस्या रखा जाए। मौके पर पुलिस भी मौजूद थी। कोई पैनल रूम गया ही नहीं है। पैनल रूम के सीसीटीवी कैमरे हो तो उसकी जांच की जाए। बिजली विभाग का जो तानशाही है। जनता को गाजर मूली समझते है। डीएम से मांग किया जायेगा कि फर्जी एफआइआर को रद्द कर जेई को बर्खास्त किया जाए।

**बिजली विभाग एसडीओ ने लिखित आवेदन पर एफआइआरः** इस संबंध में बक्सर एसपी शुभम आर्या ने कहा कि यह मामला 11 सितंबर का है। एक गधे की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोश में होकर वहां के बिजली कार्यालय को घेराबंदी कर लिया था। जिसके उपरांत बिजली विभाग के एसडीओ के लिखित आवेदन के आधार एफआईआर दर्ज की गई है। 65 लोगो पर एफआईआर दर्ज हुआ है। जांच शुरू कर दिया गया है।

## दुकान में आग लगने से 5 लाख की संपत्ति राख

**निज संवाददाता। आरा**



नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति के एक फल गोदाम में अचानक भीषण आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। देखते ही देखते आग पूरी तरह फैल गई। स्थानीय लोगों ने डायल 112 नम्बर पुलिस वाहन और फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस वाहन और फायर ब्रिगेड टीम फौरन मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त दुकानदार टाउन थाना क्षेत्र के वलीगंज मोहल्ला निवासी मो. शमसुद्दीन का पुत्र मो.असगर है।

**शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आगः** व्यवसायिक संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि फल को लाने और लेकर जाने के लिए प्लास्टिक कैरेट का उपयोग किया जाता है। जो की सीजन नरम होने के कारण सभी कैरेट गोदाम के छत पर रखा हुआ था।

उसके ऊपर से बिजली का तार भी गुजरा हुआ है। शनिवार की सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण आग लग गई। जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस और फायर बिग्रेड टीम को दी। इस हादसे में करीब 5 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## मछुआरे के जाल में फंसा मिला शव, नदी में डूबने से फूल दुकानदार की मौत

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के करजा गांव में बाढ़ के पानी में डूबे अधेड़ का शव दूसरे दिन बरामद किया गया है। उनका शव बिहिया थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव से शनिवार को मिला। जानकारी के अनुसार मृतक बहोरनपुर थाना क्षेत्र के करजा गांव निवासी स्व.दुलारचंद भगत के 45 वर्षीय बेटा निर्मल भगत है। वह पेशे से फूल दुकानदार थे। करजा बाजार पर फूल दुकान चलाते थे। मृतक के छोटे भाई विमल भगत ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब छह बजे वह घर से सब्जी खरीदने के लिए करजा बाजार गए थे। सब्जी लेकर जब वह वापस लौट रहे थे। तभी उनका पैर फिसल गया, जिसके कारण वह बाढ़ के पानी में गिर पड़े। पानी के तेज बहाव के कारण वह कुछ दूर बह गए। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने देर रात तक काफी खोजबीन की। लेकिन, कुछ पता नहीं चल पाया। शनिवार की सुबह एक मल्लाह ने बताया कि एक शव पहरपुर गांव के पास जाल में फंसा हुआ है। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और शव को देख कर उनकी पहचान की।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** स्थानीय मल्लाह के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकाल गया। परिजन ने इसकी

◆ सब्जी खरीदने जाने के दौरान हादसा

सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी आशा देवी व तीन बेटा सहदेव,मनीष अनीश और एक बेटी खुशी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी आशा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाढ़ के पानी में डूबकर महिला समेत दो की मौत

**दोनों गड्ढे में गिर गए थे, स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया**

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में बाढ़ के पानी में डूब कर एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना भोजपुर जिले बिहिया क्षेत्र के बेलवनिया गांव स्थित टिकुलिया पुल के समीप की है। जहां एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव निवासी स्व. देव चरण गौड़ के 69 वर्षीय पुत्र सुदेश्वर साह है। पेशे से मजदूर थे। मृतक के बेटे प्रदुमन गौड़ ने बताया गुरुवार की शाम खेत घूमने के लिए निकले थे। इसी बीच बाढ़ के पानी में डूब गए। देर शाम जब वे घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। एक स्थानीय ग्रामीणों ने दूसरे दिन शुक्रवार को उन्हें सूचना दी कि पिता का शव गांव में स्थित टिकुलिया पुल के समीप बाढ़ के पानी में पड़ा है। वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकाला गया।

**स्थानीय थाना को दी सूचनाः** परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-पिता के इकलौते संतान थे। उनके परिवार में पत्नी मानको देवी, पंच पुत्र उदय गौड़, अजय गौड़, विजय गौड़, जितेंद्र गौड़, प्रदुमन गुण और तीन बेटियां सुनीता, अनीता और रानी है।

**गड्ढे में पैर जाने से डूबी महिलाः** दूसरी घटना भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में बाढ़ के पानी मे डूबने से एक महिला की मौत गई। जिसका शव दूसरे दिन शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों के मदद से बरामद हुआ है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतका सिन्हा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी सुखदेव यादव की 43 वर्षीया पत्नी शशी प्रभा देवी है। इधर मृतका की बेटी प्रीति देवी ने बताया कि बाढ़ के कारण सभी लोगों का काम बंद हो गया है और मवेशी को खिलाने के लिए चारा नहीं था। जिसको लेकर मां शशी प्रभा देवी ने कुछ पैसे की मांग की थी। गुरुवार दोपहर वह उसे पैसा लेने के लिए गौसगंज आई थी। इसके बाद वह वापस पैसा लेकर गांव चली गई। बाढ़ के पानी में प्रवेश कर एक तरफ से दूसरी तरफ जा रही थी तभी गड्ढे में वो डूब गई। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनके शव को पानी से बाहर निकला।

## ट्रेन में लूटपाट करने के बाद यात्रियों को फेंका

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर स्टेशन के पास दानापुर-डीडीयू रेलखंड पर दिल्ली जा रहे दो यात्रियों के साथ बदमाशों ने मारपीट करके सारा सामान लूटपाट करने के बाद चलती ट्रेन से फेंक दिया। दोनों यात्रियों का बक्सर में प्राथमिक उपचार के बाद अभिषेक का पटना एम्स में इलाज चल रहा है। इस संबंध में घायल यात्रियों ने बताया कि उनके साथ मारपीट करने वाले बदमाश पिस्टल लिए हुए वर्दी में थे। उनके द्वारा पैसा मांगने पर नहीं देने के बाद मारपीट करते हुए सारा समान छीनकर ट्रेन से फेंक दिया गया। घटना में दोनों जख्मियों की पहचान पटना आथमलगोला प्रखंड के मसौढ़ी गांव निवासी लवकुश प्रसाद के पुत्र चंदन और सुल्तानपुर के निवासी शंभु के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। मामले की पूरी जानकारी घायल अभिषेक का भाई रंजन और घायल चंदन कुमार ने दी।

**डायल 112 ने पहुंचाया अस्पतालः** घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने दोनों घायलों को उठाकर बक्सर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से परिजनों को सूचना दिया गया। परिजन के पहुंचने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। अभिषेक का इलाज पटना एम्स और चंदन का इलाज किसी निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जीआरपी इस घटना को लेकर एफआइआर दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

**कैसै दिया घटना को अंजामः** घटना को लेकर घायल चंदन कुमार ने बताया कि पटना जंक्शन से टिकट लेकर मैं और मेरा भगिना अभिषेक स्पेशल ट्रेन से दिल्ली जा रहे थे। ट्रेन में सीट मिलने के बाद हमलोग बैठे हुए थे। ट्रेन जब आरा से खुली तो एक स्टेशन पर रुकी थी। हालांकि ट्रेन की स्टॉपेज उस स्टेशन पर नहीं थी। ट्रेन खुलने के साथ ही दो लोग वर्दी में पिस्टल लेकर आए और टिकट दिखाने की बात कहने लगे। जब टिकट दिखाया तो बोले कि इस टिकट पर इस ट्रेन में सफर नहीं कर सकते। दूसरे बोगी में चलो। हमदोनों के वो लोग विकलांग बोगी में ले गए। जहां पहले से एक और यात्री को बैठा के रखे थे। हमलोगों से पैसा मांगने लगे। विरोध करने पर बेल्ट से मारपीट करने लगे। उसके बाद मोबाइल बैग,और रूपया पैसा छीनने के बाद ट्रेन से फेंक दिया। हादसे में अभिषेक कुमार के हाथ-पैर की हड्डी टूटी है। जबकि चंदन कुमार के चेहरे पर काफी जख्म है।

**रेल प्रशासन पर परिजन ने उठाया सवालः** घायल अभिषेक के भाई रंजन कुमार ने कहा कि आज मेरा भाई बच मरने से बच गया तो यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेल प्रशासन कितना मुस्तैद है यह बात सामने आई है। आशंका जताया कि अगर मेरे भाई की मौत हो गई होती तो किसी को क्या पता चलता कि उसके साथ क्या हुआ है।

जैसे अन्य यात्री ट्रेन से गिरे हुए पाए जाते हैं। उन्हीं की तरह लोग कहते कि गेट पर सफर कर रहा होगा, जिसके कारण गिरने से मौत हो गई। मामले को लेकर बताया कि उसका भाई बक्सर स्टेशन से 3 किलोमीटर पहले गिरा था। मामा चंदन कुमार बक्सर स्टेशन से लगभग 10 किलोमीटर पहले ट्रैक पास गिरे हुए मिले। एफआईआर दर्ज को लेकर रंजन कुमार ने आगे बताया कि जीआरपी द्वारा काफी देर बैठाने के बाद एफआईआर दर्ज किया गया है। पहले टिकट की मांग की गई। टिकट सब बदमाश ले लिए थे। हालांकि पटना जंक्शन पर लगे टिकट काउंटर के पास सीसीटीवी कैमरे में टिकट लेते देखा जा सकता है।

## निर्माणाधीन थर्मल पावर प्लांट प्रभावित किसानों को चेक वितरित

**बक्सर में किसानों को मिला था जमीन के बदले मुआवजा, आरजी की मिली राशि**

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर में निर्माणाधीन थर्मल पावर प्लांट प्रभावित किसानों को (जिनकी जमीन मुख्य प्लांट में गई है) जमीन के मुआवजा के बाद एक मूस्त 750 दिन की मजदूरी (आरजी राशि) दिया गया है। इसका आज दूसरा दिन है। विधायक संजय तिवारी, चौसा प्रखंड की प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ,डीएम अंशुल अग्रवाल ने मौजा बनारपुर और खोरमपुर के थर्मल पॉवर चौसा परियोजना (मूल प्लांट) से प्रभावित परिवारों को आरजी वितरण किया। कार्यक्रम समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के दौरान दो दिन में कुल 121 किसानों के बीच तीन करोड़ की राशि का चेक वितरण किया गया है। अन्य किसानों के बीच इस राशि का वितरण को लेकर 24 सितंबर को फिर कैंप लगेगा।

**किसानों की मुख्य प्लांट में गई है जमीनः** डीएम ने अपने संबोधन में बताया गया कि वैसे किसान जिनका मुख्य प्लांट में जमीन गई है। जो अपनी जमीन का मुआवजा ले चुके हैं। सरकार के नियमानुसार वैसे किसानों को उनके परिवार के एक सदस्य को मुआवजा राशि के अतिरिक्त आरजी की राशि देना है। इसको लेकर श्रम संसाधन विभाग बिहार के न्यूनतम पारिश्रमिक दर 390 रूपया प्रतिदिन की दर से 750 दिनों के पारिश्रमिक के लिए प्रति लाभुक 292500.00 (दो लाख बानवे हजार पांच सौ) रुपए का चेक वितरित किया जा रहा है।

**`क वितरण करने का आज दूसरा दिनः** बताया गया कि चेक वितरण करने का आज दूसरा दिन है। शुक्रवार की शाम समाहरणालय बक्सर में कैंप आयोजित कर मौजा बनारपुर और खोरमपुर के प्रभावित परिवारों को आरजी राशि का वितरण किया गया। जिसमें बनारपुर और खोरमपुर मौजा के उपस्थित कुल 46 लाभुकों को 390 रुपए प्रतिदिन की दर से 750 दिनों का आरजी भुगतान के लिए चेक प्रदान किया गया है। इस प्रकार कुल 1,34,55,000 (एक करोड चौंतीस लाख पचपन हजार) रुपए का भुगतान किया गया। बक्सर डीएम ने बताया कि प्रथम चरण में खोरमपुर मौजा के उपस्थित कुल 75 लाभुकों को 390 रुपए प्रतिदिन की दर से 750 दिनों का आरजी भुगतान के लिए चेक प्रदान किया गया है। जिसमें कुल 21,937500.00 (दो करोड उन्नीस लाख सैंतीस हजार पांच सौ) रुपए का भुगतान किया गया है। तृतीय चरण में दिनांक 24 सितंबर को समाहरणालय बक्सर में कैंप आयोजित कर मौजा बनारपुर के प्रभावित परिवारों को आरजी राशि का वितरण किया जाएगा।

# दो दिन से सत्तू पीकर जी रहे बाढ़ पीड़ित, बोले-खाने पीने के साथ सोने में भी परेशानी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में बाढ़ का दंश झेल रहे लोग अब जिला प्रशासन द्वारा संचालित सरकारी शिविर में आने लगे हैं। जिला प्रशासन का दावा है कि बाढ़ पीड़ितों के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल व्यवस्था की है। लेकिन शिविर में मीडिया के पहुंचते ही प्रशासन के दावों की हकीकत खोखला साबित होता है। लोगों को आते देख बाढ़ पीड़ित उत्साहित होकर पहुंचते हैं की कोई आया है तो कुछ खाने का सामान हम लोगों के लिए लेकर आया होगा। वहीं जब मीडिया की टीम शुक्रवार की देर शाम सदर प्रखंड के नौवागढ़ी हाई स्कूल शिविर पहुंची जहां पचास से अधिक तारापुर दियारा पंचायत के मनियारचक गांव के बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। वहीं शिविर का निरीक्षण करने पहुंची सदर की बीपीआरओ एकता कुमारी मीडिया के कैमरे को देखते ही भड़क गई और प्रशासन की कुव्यवस्था ना दिखे इसके लिए फोटो वीडियो बनाने से मना करने लगी। वहीं जब उनसे सवाल पूछा गया तो मीडिया के कैमरे से बचते हुए राहत शिविर से निकल गई।

## मीडिया को देख भड़की BPRO



**सत्तू और नमक पीकर रह रहे:** बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि कुछ लोग गुरुवार को तो कुछ शुक्रवार को शिविर में आए हैं। यहां आने के बाद सिर्फ सुखा जगह रहने को तो मिल गया लेकिन ना तो पॉलीथिन मिला है और ना ही कुछ खाने की व्यवस्था। दो दिनों से बच्चे और खुद को सत्तू और नमक पिला कर रह रहे हैं। लेकिन अब बच्चे भी बिना अन्न से व्याकुल हो रहे हैं। जिला प्रशासन ने शिविर में बैठने तक की व्यवस्था नहीं की है। बच्चे लोगों को स्कूल बेंच पर सुला रहे हैं जहां मच्छर परेशान कर रहा है। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि गांव में नाक तक पानी में निकल कर जान बचाने सरकारी शिविर में आए लेकिन यहां की व्यवस्था तो और जान लेने पर तुली है।

**छह प्रखंड में बाढ़ का कहर:** महिलाओं ने बताया कि हमलोग यहां पहुंचे हैं, लेकिन किसी प्रकार का कोई व्यवस्था नहीं है। हमलोग चूल्हा भी लेकर आए हैं। लेकिन अनाज नहीं रहने की वजह से बच्चों को कुछ बना कर नहीं खिला पा रहे हैं, बच्चे भी सत्तू पी पीकर परेशान हो गया है। सरकार कम से कम तत्काल रूखा सूखा भोजन का भी व्यवस्था कर देती तो दिन कट जाता। आपको बताते चलें कि मुंगेर के छह प्रखंड के दर्जनों पंचायत के बाढ़ की विभीषिका झेल रहा है। वहीं जिला प्रशासन का दावा हवा हवाई नजर आ रहा है। बाढ़ पीड़ितों को आस है की मीडिया हमारी विपदा को सरकार और प्रशासन को दिखाएगी तभी हम लोगों को कुछ सहायता मिल पाएगी।

# प्रभारी नगर आयुक्त ने बैठक कर दिये निर्देश

## रात में भी होगा कूड़े का उठाव अब तीन शिफ्टों में होगी सफाई



निज संवाददाता। मुंगेर

दुर्गा पूजा को लेकर नगर निगम प्रशासन ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्णय लिया है। प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक ने सफाई कर्मियों के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा नजदीक है, लेकिन शहर में कूड़े का उठाव सही तरीके से नहीं हो रहा है। इसलिए कूड़े का सही से उठाव हो, इसके लिए निगम सफाई कर्मी को तीन शिफ्टों में ड्यूटी पर लगाने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त के नये निर्देश के तहत अब शहर की साफ-सफाई सुबह के अलावा दोपहर बाद 3 बजे से 5 बजे तक और फिर रात के 8 बजे से 10 बजे तक कूड़े की साफ-सफाई की जाएगी। इसके अलावा सभी पूजा स्थलों पर प्रतिदिन साफ-सफाई करने का निर्देश दिया गया है। नगर आयुक्त ने कहा कि रात में मुख्य बाजार में दुकानदारों के द्वारा दुकानें बंद करने के बाद फेंके गए कचरे का उठाव रात में ही कराना सुनिश्चित किया जाए।

# संक्षिप्त समाचार

## बच्चों के कटे होंठ वाले मरीजों का ऑपरेशन होगा

**भागलपुर।** बच्चों के कटे होंठ एवं तालू वाले मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन होगा। जीवन जागृति सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे बच्चों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। ऑपरेशन इस्माइल संस्था ने जीवन जागृति सोसाइटी से करार किया है। अकबरनगर स्थित खेरैहिया मवि परिसर में 29 सितंबर को कैंप लगेगर। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आए बच्चों को चयन किया जाएगा। बच्चों को बंगाल के आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल दुर्गापुर भेजा जाएगा।। वहां आने-जाने व ठहरने के साथ भोजन-पानी का इंतजाम भी संस्था की ओर से मुफ्त होगा।

## फसलों का उत्पादन कम होने से बाजार में डिमांड के अनुसार नहीं आ रही खाद्य सामग्री

**भागलपुर।** भागलपुर त्योहारी सीजन शुरू होने की आहट के साथ ही खाद्य सामग्री के दाम में बढ़ोतरी होने लगी है। तीन माह के पहले के मुकाबले इन दिनों खाद्य सामग्री के दाम में 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। सामानों के दाम बढ़ने की वजह से लोगों के कीचन का बजट बिगड़ गया है। व्यापारियों का कहना है कि दलहनी फसल के साथ अन्य कई फसलों के उत्पादन कम होने की वजह से बाजार में डिमांड के अनुसार सामान नहीं आ रहा है। जिसके वजह से लगातार खाद्य सामग्री के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि अब त्योहारी सीजन शुरू होने वाली है, इसलिए भी दाम बढ़ने लगा है। तीन माह पहले 90 रुपए प्रति किलो बिकने वाला चना दाल इन दिनों 100 रुपए किलो तक पहुंच गया है। और 100 रुपए बिकने वाला मूंग दाल अभी 110 बिक रहा। हालांकि 24 कैरेट, माल भोग समेत कई वैरायटी के चावल के दाम 2 से रुपए प्रति किलों में गिरावट हुई है। खाद्यान व्यवसायिक संघ के उपाध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि इस बार फसल कमजोर होने की वजह से खाद्य सामग्री के दाम में बढ़ोतरी हुई है। कुछ दिनों के अंतराल में कई वैरायटी के चावल के दाम में गिरावट देखने को मिल रहा है। अभिषेक ने बताया कि अब त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है। इसके बावजूद भी बाजार में डिमांड के अनुसार सामग्री नहीं आ रहा है। डिमांड के अनुसार खाद्य सामग्री नहीं आएगा तो इसके दाम में और भी बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## रांची से भागलपुर तक चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

**भागलपुर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सहूलियत के लिए रेलवे प्रबंधन दो स्पेशल ट्रेन का संचालन कर रहा है। पहली ट्रेन जिसका नंबर 08601 रांची-भागलपुर परीक्षा स्पेशल 21 सितंबर को रांची से शाम 06 बजे चलकर 22 सितंबर की सुबह 06:15 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन भागलपुर से रांची के लिए 22 सितंबर को शाम 05:35 बजे रवाना होगी और 23 सितंबर की सुबह 05:20 बजे रांची पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन नंबर 08603 रांची-भागलपुर परीक्षा स्पेशल 22 सितंबर को रांची से शाम 06 बजे रवाना होगी और 23 सितंबर को सुबह 06:15 बजे भागलपुर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 08604 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल उसी दिन शाम 05:35 बजे रवाना होगी। 24 सितंबर को यह ट्रेन अहले सुबह 05:20 बजे रांची पहुंचेगी। रेलवे ने ट्रेन में अभ्यर्थियों के लिए वातानुकूलित, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच की व्यवस्था की है। परीक्षा स्पेशल ट्रेन रास्ते में सुल्तानगंज, जमालपुर, किऊल, जमुई, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, धनबाद, चंद्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी और मुरी में भी रुकेगी। परीक्षा के दौरान होने वाली अतिरिक्त भीड़ को कम करने और आरामदायक यात्रा के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाई है।

## 2000 ई. में मंदिर बनाकर मां वैष्णो देवी की प्रतिमा की गई थी स्थापित

**भागलपुर।** शारदीय नवरात्र 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। और 12 अक्टूबर को विजयादशमी है। पूजा को लेकर दुर्गा मंदिरों में तैयारी भी जोर-शोर से चल रही है। वहीं, मुंदीचक स्थित आस्था का प्रतीक मां वैष्णो मंदिर में पूजा की तैयारी को लेकर सफाई का काम शुरू हो गया है। यहां पर 2000 ई. में मंदिर की स्थापना की गई। इस मंदिर में पत्थर की प्रतिमा स्थापित की गई है। दुर्गा पूजा में कलश स्थापना के साथ भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाती है। खास बता यह है कि इस मंदिर में सभी धर्मो के लोग मिलकर मां दुर्गा पूजा में सहयोग कर पूजा संपन्न कराते है। यह मंदिर श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित करता है। मंदिर परिसर में लगी रंग बिरंगी लाइटें रात को लाल-ब्ल्यू रोशनी से जगमग करता है। मां वैष्णो दरबार पूजा समिति के अध्यक्ष अजीत शेखर सिंह ने बताया कि पूजा को लेकर तैयारी शुरू हो गया है। इस बार सप्तमी पूजा को माता को खिचड़ी का भोग लगेगा, अष्टमी को हलवा और नौवमीं पूजा माता को खीर का भोग लगाकर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। अजीत ने बताया कि आस्था का प्रतीक मां वैष्णो मंदिर में हिन्दू, मुस्लिम, सिख और इसाई समाज के लोग मिलकर माता की पूजा में सहयोग करते है। सभी लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है।

## स्वच्छता पखवाड़े में यात्रियों को जागरुक किया गया

**भागलपुर।** रेलवे स्टेशन में स्वच्छता पखवाड़े में यात्रियों को जागरुक किया गया। अधिकारियों व आरपीएफ ने यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। यात्रियों को प्लास्टिक के स्थान पर जूट व पेपर बैग के महत्व के बारे में जागरुक किया गया। अधिकारियों ने परिसर को हरा-भरा व साफ-सुथरा रखने के लिए श्रमदान किया। परिसर में फैली गंदगी को साफ करते हुए यात्रियों से स्टेशन को स्वच्छ रखने की अपील की गयी। रेलवे कॉलोनियों व प्लेटफार्म पर यात्रियों के बीच स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। दूसरी तरफ रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने आरपीएफ का स्थापना दिवस केक काटकर मनाया। आरपीएफ ने अपने स्थापना दिवस पर रेल यात्री संघ, जीआरपी व रेल यात्रियों के साथ मनाया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक एचएन सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार व एसएस सिंह आदि रहे। 40वें स्थापना दिवस 40 पाउंड का केक काटा गया| यात्रियों, कर्मियों के बीच केक और मिठाई का वितरण किया गया। उप निरीक्षक पुर्णेंदू कुमार, एसके सुमन, कोमल स्मृति व रेल यात्री संघ के संस्थापक विष्णु खेतान व यात्री मौजूद रहे।

## पोर्टल में आ रही परेशानी के लिए वित्त मंत्री को लिखा पत्र

**भागलपुर।** आयकर विभाग का पोर्टल सही से काम नहीं करने से ऑडिट रिपोर्ट भरने में लोगों को समस्या आ रही है। रिपोर्ट भरने पर बैलेंस शीट और प्राफिट-लास का ब्योरा भरने में परेशानी आ रही है। अगर रिपोर्ट भरकर फार्म सबमिट किया जा रहा है तो आडिट रिपोर्ट को सत्यापित करने में ओटीपी नहीं मिल रहा है। अगर ओटीपी आ भी गया तो रिपोर्ट सबमिट नहीं होती। आडिट रिपोर्ट को 30 सितंबर तक ही भरा जाना है। पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 32 लाख ऑडिट रिपोर्ट दाखिल की गई थी। एक अनुमान के मुताबिक इस बार 30 सितम्बर तक लगभग 35 लाख ऑडिट रिपोर्ट दाखिल होनी है। लेकिन अभी तक लगभग 50% भी रिपोर्ट दाखिल नहीं हो पाई है। वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए प्रदीप कुमार झुनझुनवाला ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर पोर्टल की समस्या और उसके समाधान के लिए मांग की है।

## खाते में आई छात्रवृति धोखे से सीएसपी संचालक ने हड़पा

**भागलपुर।** एक महिला के खाते में बेटी की छात्रवृति का पैसा मिला था। लेकिन सीएसपी संचालक ने धोखे से महिला के आधार कार्ड से 10 हजार रुपए निकाल लिया। कई बार महिला की शिकायत के बाद भी सीएसपी संचालक पैसा हड़पने से इनकार करता रहा। आखिर में थक हार कर महिला ने बैंक जाकर अपने खाता का स्टेटमेंट निकलवाया। जिससे पता चला कि सीएसपी संचालक ने ही उनके खाते से पैसे की निकासी की है। कहलगांव के लदमा की रहने वाली पीड़ित महिला विशेखा देवी शुक्रवार को साइबर थाना पहुंची थी। उन्होंने सीएसपी संचालक के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। पीड़िता ने बताया कि मैं ज्यादा पढ़ी लिखी नहीं हूं। मेरी बेटी को स्कूल से छात्रवृति का पैसा मिलने वाला था। मैंने पैसा मंगवाने के लिए अपना बैंक खाता दे दिया। दस हजार रुपए स्कूल से मिले थे। मैं सीएसपी में पैसा निकालने गई थी। लेकिन इसी दौरान संचालक ने धोखा देकर खाता से चुपके से 10 हजार रुपए की निकासी कर ली।

# भागलपुर में दो दिवसीय रोजगार मेला शुरू दो हजार युवाओं को दी जाएगी नौकरी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में प्रमंडल स्तरीय दो दिवसीय नियोजन मेला का उद्घाटन शुक्रवार को प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह, सांसद, विधायक, विधान पार्षद सदस्य, महापौर, अन्य गणमान्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सैंडिस कंपाउंड किया गया। आज शनिवार को मेला की शुरुआत हुई। आज के मेला में लगभग 2000 युवाओं को रोजगार दिलाया जाएगा। रोजगार मेला में उपस्थित युवकों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि 2016 से यह कार्यक्रम चल रहा है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर गांव, हर गली के बच्चे को तैयार करने के लिए कौशल विकास मिशन लाया गया। ताकि इस वैश्विक प्रतियोगिता में वे अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें।

**कंपनियों को बुलाकर नियोजन मेला लगाया जा रहा:** आज बिहार में 151 आईटीआई हैं। कहा कि अपने बच्चों को पढ़ाओ, लिखाओ और कौशल विकास करो और रोजगार पाओ। पहले रोजगार की तलाश में बिहार के युवा दिल्ली, मुंबई से जाकर वापस आ जाते थे। वहां उन्हें परेशानी होती थी कंपनी के जटिल प्रक्रिया उन्हें समझ नहीं आती थी। अब उन्हें रोजगार दिलाने के लिए यहीं कंपनियों को बुलाकर नियोजन मेला लगाया जा रहा है। रोजगार दिलाने के बाद भी 3 महीने तक उनका अनुश्रवण किया जाता है कि जिस कंपनी ने जिन शर्तों पर उन्हें रखा है वे पूरा कर रहे हैं कि नहीं। कहा कि इस तरह का नियोजन मेला लगता रहेगा ताकि बच्चों को रोजगार के अवसर मिलता रहे। श्रम संसाधन विभाग किसी को बेरोजगार नहीं छोड़ेगा।

## 2016 से चल रहा कार्यक्रम

# मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू, 2026 तक बनेगा भवन

**मुंगेर ।** मुंगेर प्रमंडल के छह जिलेवासियों के लिए मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का का इंतजार अब जल्द खत्म होने वाला है। जिले के जमालपुर प्रखंड की बांक पंचायत अंतर्गत संदलपुर मौजा के मंगरा पोखर के करीब 15 एकड़ रैयती व 24 डिसिमल सरकारी जमीन पर मेडिकल कॉलेज-सह-हॉस्पिटल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

# नाव हादसे में लापता किशोर की तलाश जारी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में शुक्रवार को नाव हादसा हुआ था। जिसमें एक युवक लापता हो गया था। जिसका अभी तक पता नहीं चला। उसकी खोजबीन जारी है। दरअसल नाथनगर थाना क्षेत्र के बैरिया में 12 से अधिक लोग नाव पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान नाव पलट गई थी। सभी लोग डूबने लगे थे। एक को छोड़कर सभी तैरकर बाहर निकल गए। 12 वर्षीय किशोर गोलू कुमार बह गया। ये सभी एक छोटी नाव पर अपने मवेशियों को लेकर नदी पार कर रहे थे।

**एसडीआरएफ ने की थी खोजबीन:** घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और अंचलाधिकारी मौके का मुआयना करने पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की फोर्स भी भेजी गई थी। किशोर को खोजने के लिए SDRF की टीम को बुलाया गया था, लेकिन गोताखोरों को अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। एसडीएसपी- 2 भागलपुर ने बताया कि 12 वर्षीय गोलू कुमार पिता अनिल शाह इस घटना में लापता हो गया है।

# 7 साल का बच्चा बाढ़ में डूबा, मौत, बरामदे में खेलते वक्त गिरा

**मुंगेर ।** मुंगेर में गंगा का जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ रहा है। वहीं जलस्तर बढ़ने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ अब शहरी क्षेत्रों में भी गंगा का पानी प्रवेश कर गया है। इससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। वहीं नगर निगम क्षेत्र के आधा दर्जन वार्ड में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। ताजा मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहली पंचायत के टिकारामपुर बुद्ध टोला गांव का है। घर के समीप खेलने के दौरान बाढ़ के पानी में डूबने से 7 साल के बालक की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बालक की पहचान टीकारामपुर बुध टोला निवासी गागू सिंह के 7 वर्षीय पुत्र शीतल कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि हम लोग घर के बाहर थे। वहीं बच्चा बरामदे पर खेल रहा था। खेलने के दौरान बच्चा पानी में गिर गया। काफी खोजबीन की गई तो बच्चा पानी में गिरा हुआ था। आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली थाना के सब इंस्पेक्टर दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे। घटना के बारे में परिजनों से जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## समाहरणालय, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)

### अल्पकालीन-निविदा

विभागीय ज्ञापांक–खा0प्र0–1/ज0वि0प्र0(DSD)/06-8/2020-1811/रांची, दिनांक–29.07.2024 के निदेशानुसार जन वितरण प्रणाली के तहत् प्रखंड/शहरी क्षेत्र, गढ़वा जिला के लिए झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदाम से जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों के डोर–स्टेप–डिलिवरी हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता का चयन Gem Portal के माध्यम से करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–829/आ0, दिनांक–'29.08.2024 से Gem Portal पर दिनांक–18.09.2024 तक के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी, परन्तु उक्त निविदा के दौरान इस जिला अंतर्गत प्रखंड रमना एवं डंडई के लिए एक ही निविदा प्राप्त हुआ।

अतः दिनांक–18.09.2024 को आयोजित निविदा समिति की बैठक में समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में उक्त निविदा का अवधि विस्तार दिनांक–27.09.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| SL.N. | Block/Town | Tender Bid No. | Date |
|---|---|---|---|
| 1 | Kharoundhi | GEM/2024/B/5333933 | 28.08-2024 |
| 2 | Ketar | GEM/2024/B/5333899 | 27.08-2024 |
| 3 | Bhawnathpur | GEM/2024/B/5333930 | 28.08-2024 |
| 4 | Nagar Untari | GEM/2024/B/5333877 | 27.08-2024 |
| 5 | Ramna | GEM/2024/B/5333883 | 27.08-2024 |
| 6 | Bisunpura | GEM/2024/B/5333921 | 28.08-2024 |
| 7 | Dhurki | GEM/2024/B/5333731 | 27.08-2024 |
| 8 | Sagma | GEM/2024/B/5333910 | 27.08-2024 |
| 9 | Dandai | GEM/2024/B/5333760 | 27.08-2024 |
| 10 | Meral | GEM/2024/B/5333868 | 27.08-2024 |
| 11 | Garhwa | GEM/2024/B/5333937 | 28.08-2024 |
| 2 | Garhwa (MN) | GEM/2024/B/5333915 | 27.08-2024 |
| 13 | Manjhiao | GEM/2024/B/5333855 | 27.08-2024 |
| 14 | Manjhiao (MN) | GEM/2024/B/5333929 | 28.08-2024 |
| 15 | Bardiha | GEM/2024/B/5333690 | 27.08-2024 |
| 16 | Kandi | GEM/2024/B/5333924 | 28.08-2024 |
| 17 | Danda | GEM/2024/B/5333904 | 27.08-2024 |
| 18 | Chiniya | GEM/2024/B/5333919 | 28.08-2024 |
| 19 | Ranka | GEM/2024/B/5333889 | 27.08-2024 |
| 20 | Ramkanda | GEM/2024/B/5333906 | 27.08-2024 |
| 21 | Bhandariya | GEM/2024/B/5333892 | 27.08-2024 |

अतः इच्छुक निविदादाता Gem Portal से निविदा डाल सकतें हैं, जिसके लिए Gem Portal में निविदादाता का निबंधन होना आवश्यक होगा। विभागीय निर्देशानुसार Gem Portal से डाले गये निविदा ही मान्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा

PR 336511 Food Public Distribution and Consumer Affairs (24-25)_D

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद्, गढ़वा

### CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–ZP/GARHWA/05/ 2024-25, PR 335949 District (24-25) D द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या को –ZP/ GARHWA /01/2024-25/RE (2nd Call) पढ़ा जाय।

आमंत्रित निविदा के शेष सभी कंडिका यथावत बनी रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR.NO.336524 District(24-25):D

## Office of the Executive Engineer
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa

### e-Procurement Notice (Short Tender)

Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1171/2024-25 Date:-19.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Special Repair of Balance work of Bhandaria-Tihari via Bargar road under Road Sub. Division, Ranka for the year of 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 95,00,000.00 (Ninety Five Lac) only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 1,90,000.00 (One Lacs Ninety Thousand Only) |
| 4. | Time of Completion | 03 Months. |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 27.09.2024 from 10.30 A.M. |
| 6. | Last date/Time for receipt of bids | 05.10.2024 Up to 12.00 Noon |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa |
| 8. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- (1) The Bid Amount & Bid security Amount may decrease or increase.
(2) Contractor registered under R.C.D Jharkhand and also registered in **UCAN PORTEL** can only participate in this tender.
***Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in***

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Garhwa

PR 336337 Road (24-25)_D

## Office of the Executive Engineer
Road Construction Department, Road Division,Garhwa.

### e-Procurement Notice
### For National Competitive Bidding, (Short Term Tender)

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1175/2024-25 Date:- 19.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Kharsota More to Kasnap More road (Total Length - 23.30 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 15,06,38,769.00 (Rupees Fifteen crore Six Lakh Thirty Eight thousand Seven hundred Sixty Nine) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 15,07,000.00 (Rupees Fifteen Lac Seven Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 05 (Five) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 05-10-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 27-09-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 336345 Road(24-25)#D



# बिहार के शिक्षकों को झटका, ट्रांसफर में होगी अभी देरी, तबादला नीति पर मंथन जारी

**पटना, एजेंसी।** लंबे समय से तबादले का इंतजार कर रहे बिहार के लाखों शिक्षकों को झटका देने वाली खबर है। शिक्षकों के ट्रांसफर में अभी देरी होगी। शिक्षकों के तबादले के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही नीति को लेकर अभी तक अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। इसमें संशोधन पर मंथन जारी है। इससे पहले बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने दावा किया था कि शिक्षकों की नई ट्रांसफर पॉलिसी इसी महीने आ जाएगी। इसके बाद माना जा रहा था कि अगले महीने से तबादले भी शुरू हो जाएंगे। शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन के साथ ही अनुकंपा पर नियुक्ति की नीति बनाने को लेकर 2 जुलाई, 2024 को शिक्षा विभाग ने कमिटी गठित की थी। कमिटी गठन को लेकर जारी पत्र में कहा गया था कि 15 दिनों में यह अपनी रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर विभाग निर्णय लेगा। इस बात को ढाई महीने हो चुके हैं, लेकिन कमिटी की रिपोर्ट को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। इससे साफ है कि शिक्षकों के स्थानांतरण और अनुकंपा पर मृत शिक्षकों के आश्रितों की नियुक्ति में अभी देर होगी। शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव की अध्यक्ष में यह कमिटी गठित की है। इसमें माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षा के निदेशक सदस्य हैं। ये दोनों निदेशक भी अब नए आ गये हैं। कमिटी की कई बार बैठक हो चुकी है। इसमें उक्त दोनों मामलों के लिए नीति का एक प्रारूप तैयार कर लिया गया है। अभी संशोधन पर विचार हो रहा है। यही वजह है कि अबतक कमिटी अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

### शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने घोषणा की थी

शिक्षक दिवस के मौके पर पिछले दिनों शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने घोषणा की थी कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए उदार नीति तैयार की जा रही है। इस संबंध में विभागीय पदाधिकारी बताते हैं कि एक बार नए सिरे से स्थानांतरण नीति को अंतिम रूप देने पर तेजी से कार्रवाई शुरू हुई है। इसके बाद विभागीय प्रमुख और मंत्री के अनुमोदन के बाद नीति पर कैबिनेट से स्वीकृति ली जाएगी। इसके बाद ही नीति के आधार पर शिक्षकों का पदस्थापन और स्थानांतरण होगा। साथ ही अनुकंपा पर मृत शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता भी साफ होगा

## संक्षिप्त समाचार

### आलू-प्याज, लहसुन और सरसों तेल के दाम बेलगाम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** आलू, प्याज, लहसुन और सरसों तेल के दाम बेलगाम हो चुके हैं। इसके कारण आमलोगों की रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। लहसुन का खुदरा बाजार में भाव 340 रुपये किलो तक पहुंच गया है। वहीं, प्याज 60 रुपये किलो तो आलू 35 रुपये किलो मिल रहा है। इधर, दो साल में पहली बार सरसों का तेल 160 रुपये के पार पहुंच गया है। रिफाइंड के भाव भी 20 रुपये तक बढ़े हैं। गोला बाजार के दुकानदार विकास चौधरी व श्याम चौधरी ने बताया कि बाहर से आने वाले लहसुन की आवक में काफी कमी आई है, जिसके कारण बाजार में मनमाने दाम पर लहसुन बिक रहा है। अगस्त में लहसुन 200 रुपये किलो था, जो सितंबर में 340 रुपये तक बिक रहा है। यूपी व मध्यप्रदेश में इस बार फसल कमजोर होने से इसका असर कीमत पर पड़ रहा है। बिहार में भी इस बार लहसुन की फसल अच्छी नहीं हुई है।

### मुम्बई के तीर्थयात्री लापता, परिजन परेशान

गया, एजेंसी। मुम्बई से गयाजी आए 61 वर्षीय एक तीर्थयात्री अशोक कुमार गुप्ता लापता हो गए। उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ है। परिजन काफी परेशान हैं। इसकी सूचना कोतवाली थाने में दी है। शुक्रवार की शाम गया जंक्शन पर तीर्थयात्री अशोक कुमार गुप्ता के दामाद चेतन आनंद ने हिंदुस्तान को यह बातें कहीं। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर की रात मुम्बई-हावड़ा मेल से गया जंक्शन पर उतरने के बाद स्टेशन से बाहर निकलते सीसीटीवी में देखा गया है। वह अकेले गयाजी आये थे। जानकारी के लिए मोबाइल लगाया तो स्विच ऑफ है। उसके बाद शुक्रवार को मुंबई से गया आकर उसकी तलाश में जुटे हैं। अशोक कुमार गुप्ता कासा सेरेना डी-1805 मुम्बई नासिक हाथवे ठाणे महाराष्ट्र 421302 के रहने वाले हैं।

### गया जंक्शन: दो थरनेट के साथ चार अपराधी गिरफ्तार, एक फरार

**गया, एजेंसी।** गया जंक्शन पर चोरी की योजना बनाते दो थरनेट के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने सुरक्षात्मक सर्च अभियान के दौरान यह कार्रवाई की। रेल सूत्रों ने बताया कि गुरुवार की देर रात करीब 1:00 बजे सूचना पर आरपीएफ व जीआरपी के एक सयुक्त टीम द्वारा गया स्टेशन यार्ड लोको वाशिग पीट के पास छापेमारी की गई। छापेमारी में पकड़े गए अपराधी सुमित कुमार, छोटकी नवादा थाना डेल्हा, छोटु कुमार उर्फ छोला, समीर उर्फ ओमकार और विकास कुमार उर्फ बुहानी तीनो अंदर बैरागी थाना डेल्हा के रहने वाले हैं। मौके से एक अपराधी अंदर बैरागी के बंटी राइडर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो थरनेट, चार कारतूस, एक मोबाइल, एक चाकू और एक लोहे की मुट्ठी बरामद किया गया। पुलिस को बताया कि यात्रीयों को लुटपाट करने की योजना थी। आरपीएफ के अवर निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने जीआरपी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई।

### जलवायु अनुकूल खेती परियोजना से उठा रहे लाभ

**दरभंगा, एजेंसी।** जाले प्रखंड के किसान जलवायु अनुकूल खेती परियोजना से लाभ उठा रहे हैं। बिहार सरकार भूमि संरक्षण की सहायक निदेशक कुमारी चंचला प्रिया और आईसीएआर, पटना के रिसर्च एसोसिएट डॉ. सुदीप सरकार ने शुक्रवार को जाले कृषि विज्ञान केन्द्र पहुंचकर जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम परियोजनाओं का अवलोकन किया। दोनों अधिकारियों ने कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष सह वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ. दिव्यांशु शेखर के साथ केवीके के संरक्षण में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम परियोजना के तहत संचालित सिंहवाड़ा के सनहपुर और जाले के राढ़ी, जाले, ब्रह्मपुर और रतनपुर में विभिन्न फसल क्षेत्रों को देखा। उक्त अधिकारियों ने जीरो टिलेज से धान की सीधी बुआई, अरहर का प्रत्यक्षण एवं सामुदायिक सिंचाई आदि फसल परिक्षेत्र भ्रमण कर किसानों से भी बात की। सहायक निदेशक व आईसीएआर के रिसर्च एसोसिएट ने जलवायु अनुकूल खेती परियोजना से लाभ उठा रहे उक्त गांवों के प्रगतिशील किसानों के कार्यों की सराहना की। सहायक निदेशक व आईसीएआर के रिसर्च एसोसिएट ने इसके अलावा कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि फार्म में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम परियोजना के तहत लगे विभिन्न प्रकार के प्रत्यक्षण जैसे धान की सीधी बुआई, धान की प्राकृतिक खेती, धान की प्लांटर से रोपाई, पुरानी विधि से रोपाई एवं धान की प्राकृतिक खेती के विभिन्न प्रत्यक्षण का भी भ्रमण किया।

# स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत् कार्यक्रमों का आयोजन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा-2024' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत रेल परिसरों, स्टेशनों, कोचिंग डिपो, डेमू शेड और वर्कशॉप जैसे स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम और वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के पांचवे दिन तक 7,000 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और पांचों मंडलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। धनबाद मंडलः अभियान के चौथे दिन 'स्वच्छ भारत मिशन स्पोर्ट्स लीग' के तहत अंतर विभागीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने स्वच्छता शपथ लेकर खेल में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पांचवें दिन 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विभिन्न डिपो और रेल परिसरों में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें धनबाद कोचिंग डिपो में लगभग 300 पौधे लगाए गए। **दानापुर मंडलः** स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत सीनियर सेकेंडरी रेलवे स्कूल दानापुर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पाटलिपुत्र रेल परिसर और किउल स्टेशन पर स्वास्थ्य शिविर लगाए गए और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत दानापुर मंडल में विभिन्न स्थानों पर कुल 1,695 पौधे लगाए गए। **सोनपुर मंडलः** हाजीपुर स्टेशन पर चौथे दिन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे डॉक्टरों की टीम ने सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रेलवे कर्मचारियों को 2,700 पौधों का वितरण किया गया, जिन्हें रेलवे क्वार्टर और अन्य स्थानों पर लगाया गया। **डीडीयू मंडलः** 'स्वच्छ भारत मिशन स्पोर्ट्स लीग' के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर शतरंज और सासाराम स्टेशन पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पांचवें दिन 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 500 पौधे लगाए गए। सासाराम जंक्शन पर सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया और उन्हें सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। **समस्तीपुर मंडलः** मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत समस्तीपुर मंडल में 2,000 से अधिक पौधे लगाए गए। पूर्व मध्य रेल द्वारा आयोजित यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों ने न केवल रेलवे कर्मचारियों बल्कि यात्रियों और आम जन को भी स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया है।



# महाप्रबंधक ने किया पीआरएस डाटाबेस केंद्र का उद्घाटन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज पटना में यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) डाटाबेस केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र के शुरू होने से अब यात्री आरक्षण प्रणाली से जुड़ी सभी ऑनलाइन गतिविधियां, जो पहले कोलकाता स्थित डाटाबेस के माध्यम से संचालित होती थीं, पटना से ही संचालित की जाएंगी। इससे पूर्व मध्य रेल को कोलकाता डाटाबेस पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इस केंद्र के आरंभ होने से ट्रेनों की समयबद्ध चार्टिंग, कोचों में बदलाव, ट्रेनों का निरस्तीकरण या मार्ग परिवर्तन जैसी सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ अब अधिक कुशलता और तत्परता के साथ उपलब्ध हो सकेंगी। यह कदम रेल परिचालन में सुधार और यात्रियों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी और दानापुर मंडल एवं मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



# कार में मिली शराब, गोपालगंज का तस्कर गिरफ्तार: यूपी से लाई जा रही थी खेप

### शराब मंगवाने वाले धंधेबाज की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने कार से लाखों रुपए की अवैध विदेशी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। कार की सीट कवर में शराब की बोतलें भरी थी। पुलिस ने शराब की खेप मांगने वाले की पहचान कर ली है।जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। दरअसल सदर थाना प्रभारी अस्मित कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि यूपी शराब तस्कार शराब की खेप लेकर गायत्री नगर के एक शराब धंधेबाज को सप्लाई करने वाला है। थाना प्रभारी ने सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारी के निर्देश पर एक टीम गठित की। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस को देखकर शराब तस्कर भागने लगा। पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। जिसके बाद कार की तलाशी ली।



### 330 टेट्रा पैक बरामद

330 टेट्रा पैक बरामद किया है। जिसके बाद शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पूछताछ की तो बताया कि गायत्री नगर के सुनील कुमार ने शराब की खेप मंगाई थी। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचाना गोपालगंज जिला निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद पुलिस उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, शराब खेप मांगने वाले धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी करने जुटी हुई है। सदर थाना प्रभारी अश्मित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक कार से बड़ी मात्रा में शराब की खेप बरामद की गई है। एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि गायत्री नगर के सुनील कुमार ने शराब की खेत मंगवाई थी।

# जनपथ न्यूज़ एंड व्यूज़ ने आयोजित किया चौथा वार्षिकोत्सव सह आर्यभट्ट सम्मान 2024



निज संवाददाता | पटना

जनपथ न्यूज़ एंड व्यूज़ ने अपना चौथा वार्षिकोत्सव सह आर्यभट्ट सम्मान 2024 का आयोजन पटना के होटल चाणक्य के दरबार हॉल में किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री माननीय तार किशोर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ. अजय कुमार सिंह और बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता उपेंद्र प्रसाद, बिहार राज्य बार काउंसिल पटना के विशेष लोक अभियोजक और अनुशासन समिति के सदस्य शिव कुमार यादव, पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता श्रीमती वीणा कुमारी जयसवाल, और कृषय बायोफ्यूल्स के निदेशक शिवशंकर विक्रांत भी उपस्थित रहे। जनपथ न्यूज़ एंड व्यूज़ के मुख्य संपादक राकेश कुमार ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का बुके और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। आर्यभट्ट सम्मान 2024 के तहत पत्रकारिता, समाज सेवा, स्वास्थ्य सेवा, वकालत और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए कई लोगों को सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में नक्षत्र न्यूज़ चैनल के संपादक श्रीकांत प्रत्युश, ज़ी न्यूज़ बिहार झारखंड के ब्यूरो चीफ रजनीश, संपादक कौशलेंद्र प्रियदर्शी, और यू एन आई के सब एडिटर प्रेम कुमार सहित अन्य को सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में संजय कुमार सिंह, जो पूर्व लोकसभा चुनाव 2024 के प्रत्याशी और समाजसेवी हैं, को विशेष रूप से मान्यता दी गई। इसके अलावा, समाजसेवी पीके चौधरी, रितेश कुमार सिंह, दीपशिखा सिंह चौहान, विलास कुमार और अन्य को भी आर्यभट्ट सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ राकेश कुमार ने किया। यह आयोजन पत्रकारिता और समाज सेवा के प्रति समर्पण को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

# दिवाली-छठ पर बिहार के लिए 23 स्पेशल ट्रेनें: वंदे भारत में आसानी से मिल रहे टिकट

### दिल्ली से पटना के लिए स्पेशल बस भी

**पटना, एजेंसी।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ में अगर आप बिहार आना चाहते हैं तो ये खबर आपके लिए है। अक्टूबर और नवंबर में आने वाले त्योहारों को देखते हुए रेलवे ने 23 स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं। इनमें से 15 ट्रेनें हैदराबाद/सिकंदराबाद से पटना/दानापुर के लिए चलेंगी। इतना ही नहीं रेलवे ने सिकंदराबाद-दानापुर और हैदराबाद/सिकंदराबाद-रक्सौल के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का फैसला लिया है। वहीं 8 ट्रेनें दिल्ली रूट पर चलेंगी।इसके अलावा मुजफ्फरपुर, दानापुर और पटना जंक्शन से सिकंदराबाद के लिए भी एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ये स्पेशल ट्रेनें अब जनवरी 2025 तक चलेंगी। इधर, परिवहन निगम दिल्ली से आगरा और लखनऊ होते पटना के लिए दो बसें चलाने जा रहा है। इनमें एक सीटर और दूसरी स्लीपर है। दिल्ली के अलावा अन्य शहरों से भी बस की सुविधा मिलेगी। इसकी एडवांस बुकिंग एक अक्टूबर से शुरू होगी।



### दिल्ली से पटना आने वाली ट्रेनों में अभी से सीटें फुल

दीपावली-छठ के दौरान दिल्ली से पटना आने वाली ट्रेनों की सीटें अभी से ही फुल हो चुकी हैं। किसी ट्रेन में नो रूम है तो किसी में वेटिंग टिकट मिल रहा है। 25 से 28 अक्टूबर तक दिल्ली से आने वाली डिब्रूगढ़ राजधानी, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, सीमांचल एक्सप्रेस के एसी कोच की सीटें भी फुल हो चुकी है। कई ट्रेनों में तो वेटिंग में भी टिकट उपलब्ध नहीं है। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि दीपावली और छठ पूजा में आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ के देखते हुए पटना-दिल्ली के बीच जरूरत के अनुसार स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। अभी जो स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं, उनकी परिचालन अवधि बढ़ाई गई है।

### इन ट्रेनों में अभी मिल रहा कन्फर्म टिकट

अहमदाबाद-पटना स्पेशल, पटना-अहमदाबाद स्पेशल, अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल, दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल, वलसाड़-दानापुर स्पेशल, दानापुर-वलसाड़ स्पेशल, साबरमती-पटना स्पेशल, पटना-साबरमती स्पेशल, डॉ. आंबेडकर नगर (इंदौर)-पटना स्पेशल, पटना- डॉ. आंबेडकर नगर (इंदौर) स्पेशल और उधना-पटना स्पेशल।

# बिहार में नहीं रुकेगा लैंड सर्वे का काम: विभाग के सचिव बोले- कुछ स्वार्थी लोग अफवाह फैला रहे



**पटना, एजेंसी।** बिहार में लैंड सर्वे का काम समय पर होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार के सचिव जय कुमार सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि कुछ स्वार्थी लोग अफवाह फैला रहे हैं कि यह रुक जाएगा। आम जनता को इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। लापरवाही पर गोपालगंज और पूर्वी चंपारण के बंदोबस्त अधिकारियों को शो काउज नोटिस जारी किया गया है। शुक्रवार को विभाग के सचिव जय कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ बैठक की। 43041 गांवों की समीक्षा की गई, जहां भूमि सर्वेक्षण का काम जारी है। इन सभी गांवों में सर्वेक्षण की

### 20 हजार से अधिक गांवों में खतियान लिखने का काम शुरू

उद्घोषणा कर दी गई है। इसमें से 42561 गांवों को ही निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। बाकि 480 मौजों को अगले एक सप्ताह में अपलोड करने का निर्देश बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिया गया है।

### 8737 मौजों में खतियान लिखने का काम पूरा

सभी 43041 गांवों में सर्वेक्षण की उद्घोषणा हो गई है। 41333 मौजों में ग्राम सभा भी हो चुकी है। स्वघोषणा का काम प्रदेश के 445 अंचलों में चल रहा है। अब तक 36 लाख लोगों ने स्वघोषणा जमा की है। 25 लाख स्वघोषणा शिविरों में ऑफलाइन एवं करीब 11 लाख ऑनलाइन जमा हुई है। प्रदेश के सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू किया गया है। जिसमें 8737 मौजों में खतियान का सार यानी तेरिज लिखने का काम पूरा हो गया है। इसे और तेज करने को कहा गया है।

### वंशावली खुद से बनाएं, परेशानी नहीं होगी

सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोग ऑनलाइन अपनी जमीन का ब्योरा यानि स्वघोषणा सर्वे निदेशालय की वेबसाइट dlrs.bihar.gov.in पर अपलोड करें। जितना कागजात उपलब्ध है उसे ही प्रपत्र-2 के साथ संलग्न किया जाना है। अगर जमीन खतियानी है तो वंशावली खुद से बनाएं। कोई परेशानी नहीं होगी।

### 20 हजार 526 गांव में खतियान लिखना शुरू

बैठक में प्रपत्र-5 यानि खतियान का सार लिखने के काम की भी समीक्षा की गई। सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू किया गया है। जिसमें 8737 मौजों में खतियान का सार यानि तेरीज लिखने का काम पूरा भी कर लिया गया है। बंदोबस्त पदाधिकारियों को इस काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है।

### सर्वे ट्रैकर से अफसर के काम-काज पर नजर

मीटिंग में मौजूद भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे.प्रियदर्शिनी ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को तकनीकी रूप से दक्ष होने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सर्वे की सभी प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसलिए इसकी प्रगति की समीक्षा बगैर तकनीकी दक्षता के संभव नहीं है। बिहार सर्वे ट्रैकर एप की मदद से मोबाइल फोन के जरिए कोई भी रैयत अपने गांव में सर्वे की गतिविधियों की जानकारी ले सकता है और उसमें भाग ले सकता है। सभी बंदोबस्त अधिकारियों को बिहार सर्वे ट्रैकर एप की मदद से अपने कर्मियों के कार्यों का भी मूल्यांकन करने को कहा गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सम्बल योजना के तहत 42 बैट्री चलित ट्राई साइकिल का किया गया वितरण

**किशनगंज, एजेंसी।** जिलाधिकारी विशाल राज के द्वारा ब्लॉक मुख्यालय अवस्थित बुनियाद केंद्र में दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना सम्बल योजनान्तर्गत पात्रता के आधार पर 42 चलंत दिव्यांगजनों के बीच नि :शुल्क बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। उक्त ट्राइसिकल वितरण में बहादुरगंज प्रखण्ड से 06, दिघलबैंक से 06 कोचाधामन से 09, टेढ़गाछ से 09 ठाकुरगंज से 07 और किशनगंज से 05 लाभार्थी थे। डीएम द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। डीपीएम नूरी बेगम द्वारा पुष्पगुच्छ देकर जिलाधिकारी विशाल राज एवं सहायक निर्देशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग रविशंकर तिवारी को सम्मानित किया गया। इसके बाद उनके द्वारा योजना का संक्षिप्त परिचय दिया गया।

### व्यवसायी की पत्नी का मोबाइल हैक कर साइबर अपराधियों ने उड़ाये 96 हजार

**धनबाद, एजेंसी।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के व्यवसायी शेखर कुमार गाडयान की पत्नी का मोबाइल नंबर हैक कर 96 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है. व्यवसायी शिकायत लेकर चिरकुंडा थाना पहुंचे, जहां साइबर क्राइम से जुड़ा मामला होने की बात कह उन्हें साइबर थाना धनबाद भेज दिया गया. साइबर थाना धनबाद द्वारा कहा गया कि दो लाख रुपए से कम का साइबर क्राइम है, इसलिए मामला संबंधित थाना में ही दर्ज होगा. अंतत : पीड़िता शैलजा गाडयान ने ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कर बैंक को भी सूचित कर दिया है. शिकायत के अनुसार शैलजा गाडयान के मोबाइल पर बुधवार दोपहर अंजान नंबर से फोन आया कि फोन नहीं उठाने के कारण आपका पार्सल डिलीवर नहीं हो पा रहा है. उसके बाद एक मैसेज में मोबाइल नंबर आया जिस पर डायल करने के लिए कहा गया. उस नंबर पर डायल करने के बाद एक मैसेज आया, जिसे बिना देखे डिलीट कर दिया. एक परिचित व्यक्ति ने शेखर गाडयान को फोन कर कहा कि आपकी पत्नी द्वारा वाट्सएप मैसेज कर जीपे पर 32 हजार रुपए दो घंटा में लौटाने की बात कह मांगी जा रही है. अविनाश कुमार सिंह, मनीष हरलालका व मलय माजी ने अपने-अपने एकाउंट से वीरेंद्र कुमार के जीपे नंबर 8595272212 पर 32-32 हजार रुपए का भुगतान कर दिया.

### उत्पाद सिपाही दौड़ में एक बार फिर शुरु हुआ मौत का सिलसिला,

**रांची, एजेंसी।** उत्पाद सिपाही दौड़ एक बार फिर से मौत की दौड़ साबित हो रही है. अब ताजा खबर गिरिडीह से है. जहां उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ प्रतियोगिता में एक अभ्यर्थी की मौत हो गई जबकि दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है.मृतक की पहचान चंदन कुमार राय के रूप में हुई है. वह गिरिडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के गादी का निवासी है. वहीं इस दौड़ में दो अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है. इन दोनों के साथ कुल 9 अभ्यर्थियों को गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद बहाली दौड़ में शुक्रवार की सुबह अभ्यर्थी दौड़ रहे थे कि अचानक इनमें से कई की तबीयत बिगड़ गई. जब इलाज के लिए इन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल लाया गया तो इनमें से एक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि दो की स्थिति गंभीर बताया. मृतक चंदन कुमार राय, पिता दर्शन राय के परिजन भी सूचना पाकर गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंच गये हैं. बता दें इस उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में 12 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अभ्यार्थी बेहोश हो कर गिर गए थे. जिसके बाद इसे रद्द किया गया था, लेकिन एक बार फिर से दौड़ शुरु होने के बाद अभ्यार्थी की मौत हो गई है.

### बिरसानगर में चलित कार्यालय का शुभारंभ

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए चलित कार्यालय का शुभारंभ भाजपा नेता शिवशंकर सिंह ने बिरसानगर जोन नंबर-6 में किया। यहां काफी संख्या में लोग चलित कार्यालय से लाभान्वित हुए। चलित कार्यालय के माध्यम से वोटर आईडी, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आयुष्मान भारत योजना कार्ड, राशन कार्ड इत्यादि बनवाने के साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

# कल्पना सोरेन करेंगी यात्रा का नेतृत्व

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा का जवाब झामुमो मंईयां सम्मान यात्रा से देगा



**रांची।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा का जवाब झामुमो मंईयां सम्मान यात्रा से देगा। यह यात्रा पलामू प्रमंडल से शुरू होगी। नेतृत्व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन करेंगी। पार्टी की अन्य महिला सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि इसमें सहयोग करेंगी।

जल्द ही इस यात्रा का पूरा शिड्यूल जोरी होगा। शुक्रवार को सोहराय भवन में हुई पलामू और कोल्हान प्रमंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं और पार्टी के नेताओं को भाजपा के चाल, चेहरा और चरित्र से सावधान रहने की हिदायत दी। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं को जनता के बीच ले जाने और पूरी ताकत के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक में पलामू और कोल्हान प्रमंडल के सदस्यों ने सकारात्मक सुझाव दिए हैं। बैठक में सांसद जोबा मांझी, मंत्री रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ, विधायक सविता महतो आदि थे।

**भाजपा को देना है करारा जवाब : हेमंत :** बैठक में हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा. उन्होंने चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा कि झारखंड वीर और क्रांतिकारी माटी में भाजपा के राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं. हमें मिलकर भाजपा के दुष्प्रचार का करारा जवाब देना है. भाजपा के झूठ और फरेब तथा समाज तोड़ने के षड्यंत्र का मुंह तोड़ जवाब देना है. इन्हें याद दिलाना है कि जब-जब झारखंड को झुकाने का प्रयास किया गया है, तब-तब अपने वीर पुरखों की शहादत एवं दिशोम गुरुजी और उनके असंख्य क्रांतिकारी साथियों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर झामुमो ने षड्यंत्रकारियों को करारा जवाब दिया है. सीएम ने कहा कि विगत साढ़े चार वर्ष में अबुआ सरकार ने भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब देते हुए, एजेंसियों से लड़ते हुए, हर वर्ग को अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया है. सीएम ने कहा कि आप सभी से अपील है कि भाजपा के इन षड्यंत्रकारियों को जवाब देने के लिए कमर की पेटी बांध लीजिए. वक्त आ गया है.

**जल्द ही पार्टी 81 विधानसभा में शुरू करेगा कार्यक्रम :** पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि बैठक में पार्टी का कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं. उनकी राय ली जा रही है. कार्यक्रम का नाम क्या होगा. कहां तक होगा. इस पर राय ली गयी है. अच्छे सुझाव आये हैं. पार्टी बहुत जल्द ही कार्यक्रम राज्य के 24 जिले और 81 विधानसभा क्षेत्रों में शुरु होगा. भाजपा को बहुत जल्द ही राज्य की जनता ही निपटा देगी. भाजपा को गुमान है तो विकास के नाम पर चुनाव लड़के दिखाये. उन्हें समझ आ जाएगा कितने पानी में हैं वो. बैठक में मंत्री दीपक बिरुवा, कोल्हान व पलामू प्रमंडल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के विधायक व जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे.

## एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य और अधीक्षक बदले

**धनबाद।** धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) के प्राचार्य और अधीक्षक बदल दिए गए हैं। डॉ केके लाल को प्राचार्य और डॉ संजय कुमार चौरसिया को अधीक्षक बनाया गया है।

झारखंड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर तत्काल प्रभाव से इसे लागू भी कर दिया। डॉ लाल हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में प्रोफेसर हैं। ये धनबाद मेडिकल कॉलेज में भी लंबे समय तक सेवा दे चुके हैं। नए अधीक्षक डॉ चौरसिया यहीं सर्जरी विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष हैं। बता दें कि अभी पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ ज्योति रंजन प्रसाद इस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य हैं। इनके पास अधीक्षक का भी अतिरिक्त प्रभार है। डॉ लाल और डॉ चौरसिया इन्हीं से पदभार ग्रहण करेंगे।

नए प्राचार्य डॉ कृष्ण कुमार लाल ने कहा है कि मेडिकल कॉलेज में छात्रों को बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए डॉक्टरों की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे ताकि छात्रों को उसका लाभ मिल सके।

उपलब्ध संसाधन का होगा बेहतर इस्तेमाल : डॉ चौरसिया

नए अधीक्षक डॉ संजय कुमार चौधरी के अनुसार अस्पताल में उपलब्ध संसाधन का बेहतर इस्तेमाल कर मरीजों को उसका पूरा लाभ दिया जाएगा। इसके लिए सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों का सहयोग अपेक्षित है।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पर नक्सल आतंक का खतरा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) को लेकर अभ्यर्थियों ने पूर्व मुख्यमंत्री व बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र सौंपा है. अभ्यर्थियों ने कहा है कि सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को निर्धारित है. इधर, नक्सली 21 से 27 सितंबर तक स्थापना दिवस मना रहे हैं. इस कारण अभ्यर्थी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं.

अभ्यार्थियों ने बताया कि मुख्यमंत्री और जेएसएससी अध्यक्ष को ई-मेल भी किया गया है. अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा को लेकर प्रवेश पत्र भी जारी हो गया है. लगता है सरकार भी निर्धारित समय पर परीक्षा को लेकर अडिग है. पहले भी लापरवाही के कारण उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में दर्जन भर से अधिक अभ्यर्थियों की मौत हो गयी है. अभी भी कई अभ्यर्थी अस्पताल में हैं.

अभ्यर्थियों ने पत्र में लिखा है कि यदि सीजीएल परीक्षा के दौरान किसी भी छात्र के साथ कोई दुर्घटना होती है, तो सरकार फिर से अपनी जिम्मेवारी से भाग सकती है. अभ्यर्थियों ने बाबूलाल मरांडी से उचित कदम उठाने की गुहार लगायी है. बता दें, छ्वस्स्ष्ट ष्टत्रु परीक्षा 21 और 22 सितंबर को होनी है. इस परीक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं. खुद सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक की और सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जिससे परीक्षा में किसी भी तरह के परेशानी न हो. वहीं इससे पहले भी परीक्षा हुई थी लेकिन पेपर लीक होने के कारण इसे रद्द कर दिया गया था.

## पलामू में रील बनाने के चक्कर में गई जान, कोयल नदी के शिवाला घाट पर पैर फिसलने से नदी में समाया



**पलामू।** पलामू में कोयल नदी तट पर रील बना रहा एक 17 वर्षीय नाबालिग नदी में डूब गया है। शाम से उसकी तलाश जारी है मगर पता नहीं चल पाया है। नदी में डूबने वाला सक्षम घास पट्टी के रहने वाले सज्जन गुप्ता उर्फ बंटी का पुत्र है। बंटी गुप्ता का मेन मार्केट में किराना दुकान है। उनकी दो बेटियां व एक बेटा सक्षम है। सक्षम ग्यारहवीं का छात्र है।

**कोचिंग जाने की बात कह घर से निकला :** शुक्रवार को घर से कोचिंग जाने की बात कहकर निकला था। मगर दो दोस्तों के साथ कोयल नदी शिवाला घाट पर चला गया। इस दौरान वह घाट की सीढ़ी पर पानी के नजदीक जाकर मोबाइल फोन से रील बना रहा था। उसका संतुलन बिगड़ा और वह नदी में चला गया। तीन दिनों की बारिश से कोयल नदी का जल स्तर बढ़ा हुआ है। सक्षम के नदी में गिरते ही उसके दोस्तों ने शोर मचाया मगर कुछ ही क्षणों में नदी की तेज धार के साथ सक्षम बह गया।

**शाम से ही तलाश जारी :** इसकी जानकारी सक्षम के घर वालों और शहर थाना पुलिस को दी गई। परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच कर नाबालिग के खोजबीन में लगे हैं। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टीओपी एक प्रभारी इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में तटवर्ती क्षेत्र में डूबे सक्षम की खोज के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शहर से लेकर सिंगरा तक कोयल नदी में नजर रखी जा रही है। मगर रात हो जाने के कारण सक्षम का खोज प्रभावित हुआ है।

## मोबाइल दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**लातेहर।** मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो- पंचफेडी चौक में रिंकू मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक दुकान में गुरुवार की रात्रि आग लग गई. इस अगलगी में दुकान में लाखों का सामान जल कर नष्ट हो गया. दुकान संचालक अनुराग कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की भांति वे गुरुवार 9:15 बजे रात्रि में दुकान बंद करके अपने घर गये थे. रात्रि लगभग 12:00 बजे मकान मालिक के द्वारा फोन पर सूचना मिली कि दुकान से धुआं निकल रहा है. इसके बाद जब वे अपने परिजनों के साथ दुकान पर पहुंचे तो देखें की दुकान में धुआं निकल रहा है.संचालक ने बताया कि जब दुकान खोले तो अंदर देख की दुकान का सामान जल रहा है. घटना की सूचना स्थानीय पुलिस एवं अग्निशमन लातेहार को दिया.इसके बाद अग्निशमन वाहन के आने के बाद आग पर काबू पाया गया. अनुराग कुमार ने बताया कि इस आगलगी से लगभग छह लाख रुपये का नुकसान हुआ है. अग्निशमन वाहन पहुंचने से लगभग 10 से 11 लाख रुपया का संपत्ति बच गया.आगलगी का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है. घटना की सूचना पाकर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह दुकान पर पहुंचे और दुकान संचालक को हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया.

## राहुल गांधी पर सिखों का फूटा गुस्सा, काला बिल्ला लगाकर किया विरोध




**रांची ।** सिख समुदाय के खिलाफ विदेश में दुष्प्रचार करने वाले कांगेस नेता राहुल गांधी माफी मांगो को लेकर रांची के सिख समुदायों का शुक्रवार को गुस्सा फूटा. लोगों ने कहा कि राहुल गांधी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है. कांग्रेस सिख विरोधी है. भारत का भी अपमान किया गया है. आज सिख समुदाय के लोग पगड़ी, कृणाल और कड़ा शान से पहन रहे हैं. यह पहनावा पर राहुल गांधी को बोलने का कोई हक नहीं है. इससे पहले रांची के सिख समुदायों ने जिला स्कूल में एकजुट हुए. यहां से पैदल मार्च शुरू किया, जो अलबर्ट एक्का चौक पहुंचा. जुलूस सभा में तब्दील हो गया.

विरोध करने वालों के हाथो में तिरंगा झंडा और तख्तिया थीं. इसमें 1984 के सिख नरसंहार पर जवाब दो, सिखों का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, राहुल गांधी माफी मांगो जैसे नारे लिखे हुए थे. गुरुद्वारा संघ के अध्यक्ष गुरुविंदर सिंह ने कहा कि भारत से लेकर विदेशों तक में सिखो का सम्मान होता है. देश का नाम रौशन करने के बजाय विदेश में राहुल गांधी भारत का अपमान कर रहे हैं.

ऐसी बयानबाजी करने वाले नेताओं के खिलाफ में अन्य समुदायों को भी आगे आना चाहिए. मौके पर राजेंद्र सिंह, रुपेद्र सिंह, मस्तान सिंह, गुरुविंदर सिंह सेठी, पूनम आनंद, रुबल, हरविंदर बेदी, पाली साहनी, पम्मी बगाह, संदीप नागपाल, गगनदीप सिंह, रंजीत सिंह, नवजोत सिंह समेत अन्य शामिल थे.

## कांग्रेस व पाकिस्तान का एक ही एजेंडा, कश्मीर से हटे धारा 370 : शिवराज सिंह




**रांची, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस और पाकिस्तान का एक ही एजेंडा है कि कश्मीर से धारा 370 व 35ए हटे। पाकिस्तान और कांग्रेस के सुर और उनका विचार एक ही है। शिवराज गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने आज कहा है कि कश्मीर में धारा 370 और 35ए मामले में पाकिस्तान, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ खड़ी है। इससे स्पष्ट है कि कश्मीर के चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को पाकिस्तान सहयोग कर रहा है। इसीलिए, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध करते हैं। सबूत मांगते हैं। सेना की वीरता पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं। उन्होंने कहा कि ये आतंकवाद को महिमामंडित करनेवाले लोग हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल गांधी अमेरिका, इंग्लैंड और देश के बाहर भारत की छवि खराब करते हैं। यही इंडी गठबंधन का सच है। भाजपा सरकार में धारा 370 और 35ए फिर से लागू नहीं हो सकता। झारखंड सरकार पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि ये बेईमान सरकार है, इसने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा पार कर दी है। बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदली है। संथाल में आदिवासी आबादी घट कर 44त्नसे 28त्नहो गई। हाईकोर्ट ने इस पर चिंता व्यक्त की है। भाजपा की कल से शुरू होनेवाली परिवर्तन यात्रा पर उन्होंने कहा कि जनता परिवर्तन के लिए तैयार है। परिवर्तन की आंधी में हेमंत सरकार उखड़ जाएगी। प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, शिवपूजन पाठक और योगेंद्र प्रताप सिंह थे।

# निष्पक्ष और कदाचार मुक्त जेएसएससी परीक्षा को कराने को लेकर डीजीपी ने जारी किये कई निर्देश

### परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल न हो, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है




**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्ताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय गंभीर है। यह परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के कुल 823 केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने परीक्षा को लेकर जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिले के एसएसपी, एसपी को सख्त निर्देश जारी किये हैं।

डीजीपी ने निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने का सभी को निर्देश दिया है। डीजीपी ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने को कहा है। जिला स्तर पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गये हैं। परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल न हो, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखने, हर स्तर पर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सोशल मीडिया माध्यमों पर भी निगरानी रखने का डीजीपी ने निर्देश दिया है। किसी भी अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति संबंधी सूचना संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक, कन्ट्रोल रूम और जिलों द्वारा जारी नंबर पर दिया जा सकता है।

डीजीपी ने जारी आदेश में कहा है कि पेपर लीक से संबंधित कोई भी अफवाह या झूठी खबरें सोशल मीडिया के माध्यम से न फैले इस संबंध में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखें।

परीक्षा को बदनाम करने वालों पर भी त्वरित कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। डीजीपी ने प्रत्येक जिले में प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए जाने वाले स्ट्रॉन्ग रूम में और उसके चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाने, जिलों में बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के रुकने वाले स्थान जैसे होटल, लॉज, रिसॉर्ट, गेस्ट हाउस इत्यादि पर कड़ी नजर रखने, लगातार चेकिंग करने, परीक्षा केन्द्रों के परिसरों के अतिरिक्त मुख्य द्वार पर भी सीसीटीवी कैमरा लगाने, परीक्षा केन्द्रों और इसके आसपास इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के उपयोग किए जाने के संदर्भ में कड़ी नजर रखने, परीक्षा केन्द्र में आने वाले परीक्षार्थियों का सही तरीके से जांच करने, ट्रेनों के अवागमन के समय जीआरपी और आरपीएफ के साथ समन्वय स्थापित कर निगरानी रखने, सभी थाना के के जरिये थाना क्षेत्र में अवस्थित सभी होटल, लॉज, रिसॉट, गेस्ट हाउस इत्यादि के मालिकों को परीक्षा के क्रम में आने और ठहरने वाले व्यक्तियों की का डिटेल लेने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक कर सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। साथ ही अधिकारियों को निष्पक्ष, कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए कहा था।

## धनिया 600 रूपए. किलो पर पहुंची, प्याज 60 व लहसुन 320 पर

**रांची, एजेंसी।** रांची व आसपास में हुई लगातार बारिश की वजह से जहां हरी सब्जियों के भाव में एक बार फिर उछाल आ गया है। वहीं नई फसल मार्केट में नहीं पहुंचने के कारण आलू, प्याजा और लहसुन के दाम में भी लगातार वृद्धि हो रही है। सबसे महंगा धनिया हो गई है। धनिया जहां पांच दिन पहले तक 400 रुपए किलो बिक रही थी, वहीं लगातार हुई बारिश के बाद 600 रुपए किलो पर पहुंच गई है।

यही हाल लहसुन और प्याज का है। लहसुन और प्याज की नई फसल बाजार में आने में अभी एक महीने का समय लगेगा। इसलिए लहसुन का भाव 80 रुपए पाव व 320 रुपए किलो पर पहुंच गया है। प्याज भी 60 रुपए किलो पर पहुंच गया है। जबकि महज 15 दिन पहले तक प्याज का भाव 40 रुपए किलो पर था। लाल आलू की भी नई फसल आने में महीने भर का समय लगेगा। हालांकि लाल आलू अभी खुदरा में 40 रुपए किलो की दर पर पिछले एक महीने से बिक रहा है।प्याज के दाम में अचानक हुई वृद्धि को देखते हुए एनसीसीएफ 35 रुपए किलो की दर से प्याज बेच रहा है। ताकि लोगों को सस्ती दर पर प्याज मिल सके। प्रत्येक उपभोक्ता को अधिकतम 2 किलो प्याज दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए यह प्रावधान सरकार की ओर से किया गया है।

## कृषि शिक्षा व शोध का प्रमुख केंद्र बनेगी रांची:आईसीएआर-एनआईएसए के शताब्दी समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री ने की घोषणा, लाख को कृषि का दर्जा देने का वादा



**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाख का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की जरूरत है, ताकि लाख किसानों को इसका ज्यादा लाभ मिल सके। हम जनजातीय कार्य मंत्रालय के साथ मिलकर इसके लिए प्रयत्न करेंगे। लाख को कृषि उत्पाद के रूप में पूरे देश में मान्यता मिले, इसके लिए भी प्रयास किया जाएगा। वे शुक्रवार को आईसीएआर-राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान (एनआईएसए), नामकुम के शताब्दी समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने घोषणा की कि रांची को कृषि शिक्षा अनुसंधान और शोध में देश का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा।

लाख के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लाख प्रसंस्करण की इकाइयां स्थापित की जाएंगी। अब तक 1500 लाख किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता रहा है, पर अब 5000 लाख उत्पादक किसानों को रांची कृषि शिक्षा अनुसंधान संस्थान में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रधानमंत्री का लक्ष्य किसानों को आय दोगुनी करना है। उन्होंने कहा कि लाख की खेती से जुड़े कई ऐसे किसान हैं, जो एक लाख रुपए से ज़्यादा कमा रहे हैं। कई समूहों की आमदनी 25 से 30 लाख रुपए तक है। आईसीएआर के महानिदेशक हिमांशु पाठक, आईसीएआर के उपमहानिदेशक श्याम नारायण झा ने भी समारोह को संबोधित किया। संस्थान के डायरेक्टर अभिजीत कर ने सबका स्वागत किया। समारोह में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी थीं।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा- आईसीएआर-निसा ने 100 साल में भारतीय कृषि को नई दिशा दी है। संस्थान ने लाख उत्पादन और प्रोसेसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसने न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के किसानों को समृद्ध बनाया है। खुशी की बात है कि झारखंड लाख उत्पादन में अग्रणी है और इस संस्थान ने लाख उत्पादन के साथ-साथ प्रोसेसिंग और उत्पाद विकास में अनेक तकनीकी नवाचार किए हैं।

सेठ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां आकर लाख किसानों का हौसला बढ़ाया है। लाख से दीदियों के साथ भैया भी लखपति बनेंगे। उन्होंने कहा कि बिचौलिए इसे 100 रुपए में खरीद रहे थे, पर उनके हस्तक्षेप से इसकी कीमत 400 रु. हुई।

कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा- किसान जब समृद्ध होगा, तभी देश विकसित बनेगा। जब अन्नदाता के घर में खुशहाली आती है, तो सभी खुशहाल होते हैं। किसी भी फसल की खेती करने वाले किसान को जब तक बिचौलियों से नहीं बचाया जाएगा, तब तक किसान समृद्ध नहीं हो सकता है। पहले जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा लगा था फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जय अनुसंधान का नारा लगाकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने को जो सपना संजोया था वह आज परिलक्षित होता दिख रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### कश्मीर में नई शुरुआत

जम्मू-कश्मीर के सात जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर बुधवार को हुई पहले चरण की वोटिंग को आधार बनाया जाए तो ये चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक कहे जा सकते हैं। शांति, सुव्यवस्था और लोगों की भागीदारी की दृष्टि से ये चुनाव उन तमाम नैरेटिव के लिए पूर्णविराम साबित हो सकते हैं जो बाहरी शक्तियां कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चलाती रहती हैं।जम्मू-कश्मीर में पिछले एक दशक में यह पहला विधानसभा चुनाव है। ये दस साल जम्मू-कश्मीर के लिए इस मायने में भी खास रहे कि इस दौरान न केवल संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत उसे हासिल विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया बल्कि वह राज्य से केंद्रशासित क्षेत्र में तब्दील हो गया। स्वाभाविक रूप से इन बड़े कदमों को लेकर वहां के लोगों की राय बंटी हुई है और कुछ हलकों में इसे लेकर गहरा असंतोष भी है।ध्यान देने वाली बात यह है कि इस असंतोष ने भी लोगों को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है। इन चुनावों में अनुच्छेद 370 की वापसी और राज्य का दर्जा प्रमुख मुद्दों के रूप में सामने आए हैं। रोजगार एक और बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। लेकिन लोगों की इन भावनाओं को देश के अन्य हिस्सों में मतदाताओं की आकांक्षाओं और उनके असंतोष से अलग नहीं कहा जा सकता।पिछले तीन-चार दशकों के अनुभव की रोशनी में देखें तो यह बड़ा महत्वपूर्ण फर्क है। चुनावों के बहिष्कार की अपीलों, धमकियों और चेतावनियों के बीच लोगों के ऐसे ही असंतोष अलगाववाद और उग्रवाद के समर्थन में इस्तेमाल कर लिए जाते थे। इस बार मतदाताओं की लंबी कतारों ने ऐसी गुंजाइश नहीं रहने दी। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव के वोटिंग आंकड़ों का पीछे छूटना बेहद अहम है। लोकसभा चुनावों में 58.46 फीसदी वोटिंग हुई थी जो पिछले 35 साल का रेकॉर्ड था।सबसे बड़ी बात यह कि ये चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण रहे। इसका श्रेय सुरक्षा बलों और प्रशासनिक तंत्र को देना पड़ेगा। जहां तक बात आतंकवाद के आकाओं की है तो उनकी तरफ से तो इन चुनावों को बाधित करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी गई थी। चुनाव की घोषणा होने के बाद न केवल सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें बढ़ीं बल्कि आतंकी हमलों के भी काफी प्रयास हुए। मगर आतंकी तत्व आम लोगों की सोच को बदलने में कामयाब नहीं हो सके। यह चुनाव जम्मू-कश्मीर की आतंकवाद से मुक्ति का निर्णायक बिंदु साबित हो तो आश्चर्य नहीं।

### मनमानी के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट सख्त

किसी गैरकानूनी गतिविधि या अपराध का आरोप झेल रहे व्यक्ति के घर या अन्य निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करने पर लगातार सवाल उठ रहे थे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कथित 'बुलडोजर न्याय' के मसले पर जो राय जाहिर की है, वह राज्य सरकारों और संबंधित महकमों के लिए विचार करने का विषय है। यह बड़ी विडंबना है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध के आरोप में पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करने के बजाय अन्य कारणों का हवाला देकर उसका घर ढहा दिया जाए। ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अक्तूबर तक के लिए देश भर में बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी और कहा कि बिना उसकी अनुमति के एक भी निर्माण न ढहाया जाए। हालांकि यह आदेश सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ और किसी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा। दरअसल, पिछले कुछ समय से कुछ राज्यों में किसी व्यक्ति पर महज आरोप लगने के बाद उसके घर को बुलडोजर से ध्वस्त करना एक जरूरी कार्रवाई मान ली गई थी। जबकि ऐसी कार्रवाई को मनमाने तौर-तरीके और उसके महिमामंडन के रूप में देखा जा रहा था। इसी के मद्देनजर शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई का महिमामंडन बंद करने को कहा। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाधिवक्ता का कहना था कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। गौरतलब है कि बुलडोजर चलाने के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा था कि एक व्यक्ति के सिर्फ आरोपी या यहां तक कि दोषी होने के बावजूद इस वजह से उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक और कानून के शासन वाले देश में किसी एक शख्स की गलती की सजा उसके परिजनों को उसके घर को ध्वस्त करके नहीं दी जा सकती। ऐसी कार्रवाई कानून के शासन पर ही बुलडोजर चलाने जैसा होगा। संभव है कि किसी घर को अवैध निर्माण होने या अन्य तकनीकी आधार पर ध्वस्त किया गया हो, लेकिन अगर ऐसी कार्रवाई की तात्कालिक वजह आपराधिक कृत्य में आरोपी होना प्रतीत हो रही हो, तो उसे कैसे देखा जाएगा!

## नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी के सौ दिन

**(अनिल बलूनी, सांसद एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख, भाजपा)**

यह सुखद संयोग है कि 17 सितंबर को ही नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन पूरे हुए हैं और आज हमारे कर्मयोगी प्रधानमंत्री का जन्म दिवस है, जिसे पूरा देश सेवा दिवस के रूप में मना रहा है। जिस तरह से प्रधानमंत्री का पूरा जीवन जन-कल्याण और देश के विकास के लिए समर्पित रहा है, उसी तरह उनके इस कार्यकाल के बीते 100 दिन भी विकास और जन-कल्याण की दिशा में मील के पत्थर रहे हैं। एक अत्यंत गरीब परिवार में जन्म लेने के बाद अपनी प्रतिभा, लगन और विजन के बल पर एक आम कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनने तक के उनके जीवन संघर्ष एवं कर्तव्य बोध से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने गरीबी को जीया है, इसलिए उनकी हर योजना के केंद्र में गरीब कल्याण का भाव निहित रहता है। विकास के जितने काम कई अन्य सरकारें अमूमन पूरे वर्ष में करती हैं, उससे कहीं अधिक कार्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में जमीन पर उतार दिया है। पहले ऐसा देखा गया है कि जब नई सरकार का गठन होता है, पहले 20-25 दिन तो यूं ही जश्न में निकल जाते हैं और एक-दो महीने बाद विकास योजनाओं पर काम शुरू हो पाता है, पर प्रधानमंत्री के जीवन का क्षण-क्षण इस देश के लिए समर्पित है। उन्होंने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जो संकल्प लिया है, उसकी बानगी उनके तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में दिखती है। पहले 100 दिनों में विकास के जो महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं, उनकी आधारशिला प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत से पहले ही रख दी थी, जब उन्होंने अधिकारियों को मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन के लिए कामकाज का टास्क दिया था, ताकि विकास की गति किंचित मात्र भी न रुके। 70 साल से अधिक उम्र के देश के सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना को लागू करना हो या एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) की शुरुआत हो, चाहे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर जोर हो या किसानों के कल्याण की बात, चाहे उद्योगों का विकास हो या गरीब कल्याण - प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार 3.0 के पहले 100 दिन में कई क्रांतिकारी कदम उठाकर न केवल विकसित भारत के संकल्प को एक नया आयाम दिया है, बल्कि वैश्विक नीतियों के केंद्र में भारत को एक प्रमुख शक्ति के तौर पर भी स्थापित किया है। प्रधानमंत्री ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का शुभारंभ किया। पीएम आवास योजना के तहत अतिरिक्त तीन करोड़ घरों के निर्माण को मंजूरी दी है। हरित ऊर्जा के लिए नीतियां बनीं। पीएम ई-बस सेवा शुरू हुई और किसानों के लिए एमएसपी बढ़ाने के साथ-साथ कई काम किए गए। सरकार ने बुनियादी संरचना पर फोकस रखते हुए 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें वधावन का मेगा बंदरगाह भी शामिल है, जो दुनिया के टॉप 10 बंदरगाहों में से एक होगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में 62,500 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी गई, जिससे लगभग 25 हजार गांवों को फायदा होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने से रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि होगी। आठ नेशनल हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर, आठ नई रेलवे लाइन और 12 नई औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने की योजना मंजूर की गई। बीते 100 दिनों में 15 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई है। कई हवाई अड्डों के विकास के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और लद्दाख को जोड़ने वाली शिनखुन ला सुरंग जैसी कई योजनाओं पर काम शुरू हुआ। इन परियोजनाओं का उद्देश्य देश में कनेक्टिविटी को बढ़ाना, आर्थिक विकास को तेज करना, रोजगार के अवसर उत्पन्न करना और जीवन को सरल बनाना है। वह हमेशा कृषि एवं किसान कल्याण के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करके की। अब तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों के बीच 3 लाख करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने सत्ता संभालते ही दूसरा सबसे बड़ा फैसला एमएसपी को लेकर किया। वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की गई, जिससे किसानों को लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। आंध्र प्रदेश में पोलावरम सिंचाई परियोजना और कृषि क्षेत्र में दक्षता व उत्पादकता बढ़ाने के लिए डिजिटल कृषि मिशन सहित सात प्रमुख योजनाओं को भी मंजूरी दी गई। मौसम और जलवायु के अनुकूल भारत बनाने के लिए मिशन मौसम को शुरू किया गया, तो कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए एग्रीश्योर नाम से नया फंड शुरू किया गया है। मोदी सरकार 3.0 ने प्याज और बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाने और प्याज पर निर्यात शुल्क 40 फीसदी से घटाकर 20 फीसदी करने का फैसला किया, जिससे किसानों को फायदा होगा। जम्मू-कश्मीर में 3,300 करोड़ रुपये की कई कृषि योजनाएं और विकास परियोजनाएं शुरू की गई। सहकारी चीनी मिलों की इथेनॉल उत्पादन इकाइयों को मल्टी-फीड सुविधा में बदला जाएगा। नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और उत्तराखंड ऑर्गेनिक कमोडिटी बोर्ड के बीच जैविक उत्पाद खरीदने को लेकर समझौता हुआ है, जिसके तहत मुनाफे का उचित हिस्सा सीधे किसानों के खातों में जमा किया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना गेमचेंजर साबित हो रही है। नई राष्ट्रीय सहकारी नीति पर भी काम चल रहा है। इस साल जून में वाराणसी की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि में उनकी भूमिका के लिए स्वयं सहायता समूहों की 30,000 कृषि सखियों को भी सम्मानित किया था। मोदी सरकार 3.0 के पहले 100 दिन में 113 नए मेडिकल कॉलेज खोलने की मंजूरी दी गई है। इससे देश में डॉक्टरों की कमी दूर होगी। दुनिया को पता है, रूस-यूक्रेन युद्ध अगर कोई खत्म करा सकता है, तो वह नरेंद्र मोदी हैं। बिना भारत किसी प्रमुख बैठक की कल्पना नहीं की जा सकती, वैश्विक स्थिति में यह बदलाव बीते 10 साल में ही आया है। कुल मिलाकर, समृद्ध, खुशहाल और विकसित होते भारत की अविरल कहानी में जहां विकास के नए मापदंड स्थापित हो रहे हैं, वहीं इसमें गांव, गरीब, किसान, दलित, पिछड़े, आदिवासी, युवा एवं महिलाओं के कल्याण का विजन भी समाहित है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

> *नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और उत्तराखंड ऑर्गेनिक कमोडिटी बोर्ड के बीच जैविक उत्पाद खरीदने को लेकर समझौता हुआ है, जिसके तहत मुनाफे का उचित हिस्सा सीधे किसानों के खातों में जमा किया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना गेमचेंजर साबित हो रही है। नई राष्ट्रीय सहकारी नीति पर भी काम चल रहा है।*

## भारत के मार्च 2026 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकेत

**(प्रह्लाद सबनानी)**

जापान की अर्थव्यवस्था में तेजी के दौरान आस्तियों की बढ़ी हुई कीमत पर ऋण लिए गए थे परंतु जैसे ही इन आस्तियों की कीमत बाजार में कम हुई, नागरिकों को ऋणराशि की किश्तें चुकाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और इससे भी जापान में आर्थिक समस्याएं बढ़ी थी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हाल ही के समय में जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं दृष्टिगोचर हैं, जिनके कारण इन दोनों देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले वर्षों में विपरीत रूप से प्रभावित रह सकती है। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात लगातार 4 दशकों तक जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन में तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहा। इस दौरान विनिर्माण इकाईयों के बल पर जर्मनी ने अपने आप को विश्व में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था एवं विभिन्न उत्पादों, विशेष रूप से कार, मशीनरी एवं केमिकल उत्पादों का निर्यात पूरे विश्व को भारी मात्रा में किया जाने लगा था। पिछले 20 वर्षों के दौरान जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन के विकास का इंजिन बना हुआ था। चूंकि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही थी अतः पिछले 20 वर्षों के दौरान चीन, जर्मनी से लगातार मशीनरी, कार एवं केमिकल पदार्थों का भारी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, अब परिस्थितियां बदल रही हैं क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था भी हिचकोले खाने लगी है और चीन ने विभिन्न उत्पादों का जर्मनी से आयात कम कर दिया है। अतः अब जर्मनी अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग 2 वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे उपभोक्ता खर्च पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। चौथे, जर्मनी में नागरिकों की उत्पादकता भी कम हो रही है। जर्मनी में प्रत्येक नागरिक वर्ष भर में केवल 1300 घंटे का कार्य करता है जबकि हृश्वष्टष्ठ देशों में यह औसत 1700 घंटे का है। पांचवे, यूरोपीयन यूनियन में वर्ष 2035 में पेट्रोल एवं डीजल पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है जबकि इन कारों का निर्माण ही जर्मनी में अधिक मात्रा में होता है तथा जर्मनी की कार निर्माता कम्पनियों ने बिजली पर चलने वाले वाहनों के निर्माण पर अभी बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया है। साथ ही, जर्मनी ने नवाचार पर भी कम ध्यान दिया है एवं स्टार्ट अप विकसित करने में बहुत पीछे रहा है आज इन क्षेत्रों में अमेरिका एवं चीन बहुत आगे निकल गए हैं एवं जर्मनी आज अपने आप को असहाय सा महसूस कर रहा है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5499

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

#### सुडोकू पहेली क्र. 5498

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

### वर्ग पहेली 5499



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. नवंबर 1860 को अब्राहम लिंकन इस देश के सालहवें राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. औलाद, कुलधर, वंशधर (3)
6. मध्यप्रदेश के इस अंचल में बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक स्थित है (3)
7. बजाने वाला, कृपा करने वाला (3)
8. यह मुगलशासक अकबर के बेटे थे जिनका जन्म 31 अगस्त 1569 को हुआ था (4)
10. काला, अश्वेत, कजरारा, श्यामल (2)
12. अनेकाका, विविध, बहुरूप (4)
14. मगध देश या दक्षिण बिहार का प्राचीन वैदिक नाम, घोड़ा (3)
17. कच्चे आम या इमलीसे बनाया गया खट्ठा-मीठा पदार्थ (2)
18. धतूरा, स्वर्ण (3)
19. राजा, सम्राट, बादशाह (3)
20. स्वरूप, व्यक्तित्व, घटित (2)
21. गहन चिंतन करने का भाव (3)
22. प्रतिष्ठा, इज्जत, आबरू (2)
23. अवाम, पब्लिक, जनसमुदाय (3)

**(ऊपर से नीचे**

1. कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि (4)
2. सादृश्य, मिलन, सामंजस्य, एकता (2)
3. रस्म, रीति, प्रथा (3)
4. श्रृंगार कर्म करना, संवर्धन (4)
5. शिरोमणि, मुकुट, शिखा (2)
7. नग, मणि, रत्न (3)
9. स्वजन भावना, अपनत्वपूर्णता (5)
11. वास्तव में, वाकई, सचमुच (5)
13. असुंदर, अनाकर्षक, सौंदर्यहीन (4)
15. कण का अपभ्रंश (2)
16. लगातार देखने की क्रिया, टकटकी (2)
19. माता का वह लाड़-प्यार जो उसकी संतान पर होता है (3)
20. एक प्रकार का परिधान, अंगरखा, वस्त्र, वेश (2)

#### वर्ग पहेली 5498 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | दा | म | हु | सै | न | ■ | प |
| ह | ■ | ह | त | ■ | म | शा | ल |
| न | म | क | ■ | ■ | क | प | ट |
| शी | त | ■ | गु | ना | ह | ■ | ना |
| ल | ल | क | ना | ■ | रा | जा | ■ |
| ■ | बी | ■ | ■ | सा | म | वे | द |
| ■ | दो | प | ह | र | ■ | द | ■ |
| ह | स्त | ■ | म | ना | ना | ■ | लू |

## आज का राशिफल

### मेष
करियर में धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं और आपको जबर्दस्त सफलता प्राप्त होगी। शाम को कारोबारा में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के अच्छे योग हैं और आपके लिए कारोबार में अच्छा मुनाफा हासिल होगा। शाम के वक्त आपको मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

### वृष
आज आपको पूरा दिन दौड़भाग करनी पड़ेगी। धर्म आध्यात्म के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मांगलिक कार्य में समय बीतेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि होगी।

### कर्क
आज दिन सामान्य है। पार्टनरशिप के काम में आपको लाभ होगा। आपको पार्टनरशिप के बिजनस में लाभ होगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आपको पुत्र और पुत्री के बारे में कोई जरूरी फैसला लेना पड़ सकता है। कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

### सिंह
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके लिए परेशानी बढ़ सकती हैं। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझकर करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा और दौड़भाग काफी अधिक रहेगी।

### मिथुन
आज दिन काफी सृजनात्मक है और आपके लिए तरक्की के शानदार संयोग बन रहे हैं। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और आप कारोबार से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

### कन्या
आज लाभ होगा और कारोबार में आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में आपके लिए जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप सब कुछ अपने हित में कर सकते हैं। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### तुला
आज दिन काफी क्रिएटिव है। आपको किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और ऑफिस में सीनियर से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयमित सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए तो अच्छा रहेगा। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### मकर
आज दिन सफलता से भरा होगा और रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नये प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। लेकिन आपके ऊपर इन बातों का कोई असर नहीं होगा।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपको आज पैसा कमाने के कई मौके मिलेंगे और आपको उनको पहचानकर आगे बढ़ना है।

### धनु
आज लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने के योग आपके लिए बन रहे है और आपको कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी। स्थान परिवर्तन की बात हो सकती है। आपकी पुरानी योजनाएं सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष का माहौल बनेगा।

### मीन
आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ डालने से आपको नुकसान हो सकता है। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है। आपके सुख में वृद्धि होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009



# एग्रीकल्चर के प्रति बदला है युवाओं का नजरिया

देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहीं यह सेक्टर पचास फीसद से ज्यादा आबादी को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। इसके अलावा हाल के वर्षों में जिस तरह से कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ा है, पारंपरिक खेती के साथ-साथ ऑर्गेनिक और इनोवेटिव फार्मिंग हो रही है, उसने एग्रीकल्चर के प्रति समाज और खासकर युवाओं का नजरिया काफी हद तक बदला है। यही कारण है कि बीते कुछ समय में आईआईटी और आईआईएम से पास-आउट कई युवाओं ने मल्टीनेशनल कंपनियों की जॉब छोड़कर एग्रीकल्चर और एग्रीबिजनेस की ओर रुख किया है। इनके अलावा भी दूसरे सेक्टरों में काम करने वाले युवा हॉर्टिकल्चर, डेयरी, ऑर्गेनिक और पोल्ट्री फार्मिंग जैसे पेशे से जुड़ रहे हैं। उन्हें गर्व है कि वे देश और किसानों के लिए कुछ सकारात्मक कर पा रहे हैं।

ऑर्गेनिक खेती का जिक्र तो आजकल बहुत हो रहा है, लेकिन सवाल यह है कि अगर किसी को इसमें करियर बनाना है, तो वह क्या करे। गौरतलब है कि यह ऐसी खेती है, जिसमें सिंथेटिक खाद, कीटनाशक आदि जैसी चीजों के बजाय तमाम ऑर्गेनिक चीजें जैसे गोबर, वर्मी कंपोस्ट, बॉयोफर्टिलाइजर्स, क्रॉप रोटेशन तकनीक आदि का इस्तेमाल किया जाता है। कम जमीन में, कम लागत में इस तरीके से पारंपरिक खेती के मुकाबले कहीं ज्यादा उत्पादन होता है। यह तरीका फसलों में जरूरी पोषक तत्वों को संरक्षित रखता है और नुकसानदेह केमिकल्स से दूर रखता है। साथ ही यह पानी भी बचाता है और जमीन को लंबे समय तक उपजाऊ बनाए रखता है। यह पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मददगार है।

## कैसे करें शुरूआत?

अगर आपको ऑर्गेनिक खेती शुरू करनी है, तो सबसे पहले आपको इसका प्रोजेक्ट या ब्लू प्रिंट बनाना होगा। यह तय करना होगा कि कितनी जमीन पर यह खेती करेंगे। जमीन की लोकेशन क्या है? जमीन किस फसल के लिए अच्छी है? आपका बजट कितना है? यह प्रोजेक्ट किसी भी चार्टर्ड एकाउंटेंट से बनवा सकते हैं। इसके बाद आपको फॉर्म 1 ए-1, 1 ए-3, 1जी और फॉर्म 11 भरकर रजिस्ट्रेशन फीस के साथ अपने राज्य के डिपार्टमेंट ऑफ ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन में जमा करना होगा।

## सरकार देती है सब्सिडी

कृषि वैज्ञानिक आपकी जमीन की जांच करेंगे और यह तय करेंगे कि इसकी मिट्टी किस फसल की खेती के लिए अच्छी है। इसके बाद आपका प्रोजेक्ट कृषि विभाग में पास होने के लिए भेज दिया जाएगा। ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए तकरीबन हर राज्य में सरकार 80 से 90 फीसद तक सब्सिडी देती है। मतलब यह आपको पूरे प्रोजेक्ट में 10 से 20 फीसद ही इनवेस्ट करना होगा। प्रोजेक्ट पास होने के बाद ऑर्गेनिक फार्मिंग टेक्निक वाली कंपनियां सेटअप लगाने के लिए आपसे खुद संपर्क करती हैं। सरकार से मिले पैसों से ये कंपनियां आपकी जमीन पर ग्रीन हाउस और ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए सेटअप लगाती है। साथ ही आपको ट्रेनिंग भी देती हैं।

## पूरे देश में चल रहा प्रोजेक्ट

सरकार की ओर से नेशनल ऑर्गेनिक फार्मिंग प्रोजेक्ट भी चलाया जा रहा है। इसके सेंटर की वेबसाइट से आप और भी जानकारी ले सकते हैं। दिल्ली स्थित पूसा इंस्टीट्यूट से भी पूरी जानकारी और ट्रेनिंग ले सकते हैं।

### सिर्फ मानसून पर निर्भर नहीं कृषि

कृषि अब पूरी तरह से मानसून पर निर्भर नहीं है। वैज्ञानिक तरीके से अगर खेती की जाए, तो फसल भी अच्छी होती है और पानी भी कम लगता है। पहले जैसे सूखे के हालात अब नहीं पैदा होते। अब बारिश के पानी का स्टोरेज भी बेहतर तरीके से किया जाता है। इससे बारिश कम होने पर भी फसलों को पर्याप्त पानी मिल जाता है। एग्रीकल्चर स्वरोजगार का सबसे अच्छा साधन है। इससे अब अच्छी कमाई भी की जा सकती है। बहुत से प्रोफेशनल फार्मर साइंटफिक फार्मिंग के जरिये न सिर्फ अच्छा पैसा कमा रहे हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। यही नहीं, प्राइवेट और गवर्नमेंट दोनों सेक्टरों में एग्रीकल्चर का स्कोप तेजी से बढ़ रहा है।



ललित कला स्नातक एक स्नातक की डिग्री है जो आपको दृश्य, ललित या प्रदर्शन कला में एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है। आपका कोर्सवर्क आपके फाइन आर्ट्स मेजर पर निर्भर करता है। कुछ प्रमुख जो आप ललित कला स्नातक के साथ कर सकते हैं उनमें फोटोग्राफी, कला इतिहास और नृत्य शामिल हैं।

# करियर विकल्पों के साथ अच्छी शिक्षा प्रदान करती है फाइन आर्ट्स की डिग्री

ललित कला स्नातक एक स्नातक की डिग्री है जो आपको दृश्य, ललित या प्रदर्शन कला में एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है। आपका कोर्सवर्क आपके फाइन आर्ट्स मेजर पर निर्भर करता है। कुछ प्रमुख जो आप ललित कला स्नातक के साथ कर सकते हैं उनमें फोटोग्राफी, कला इतिहास और नृत्य शामिल हैं।

अधिकांश कार्यक्रमों में रचनात्मक अभ्यास के घंटों के साथ-साथ कक्षा निर्देश शामिल हैं। अंततः, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की डिग्री आपको कला में विभिन्न प्रकार के करियर विकल्पों के साथ एक अच्छी तरह से शिक्षा प्रदान करती है। मुख्य ललित कलाएं फिल्म, नृत्य, पेंटिंग, फोटोग्राफी, वास्तुकला, मिट्टी के बर्तन, वैचारिक कला, मूर्तिकला, संगीत, प्रिंटमेकिंग, इंटीरियर डिजाइन और नाटक हैं। यह छात्रों को कलाकार बनने और कला के निर्माण से जुड़ी अन्य प्रथाओं का पालन करने के लिए सिखाता है और तैयार करता है। अरस्तू के अनुसार, ''कला का मुख्य उद्देश्य चीजों की बाहरी उपस्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करना है, बल्कि उनके आंतरिक महत्व का भी प्रतिनिधित्व करना है''।

## पाठ्यक्रम और अवधि

ललित कला पाठ्यक्रमों में बड़ी संख्या में प्रमाणपत्र, डिप्लोमा और डिग्री स्तर के पाठ्यक्रम हैं जो विभिन्न संस्थानों द्वारा पेश किए जाते हैं। आप ललित कला में स्नातकोत्तर और पीएचडी पाठ्यक्रम भी कर सकते हैं। पाठ्यक्रमों की अवधि 1 से 5 वर्ष तक होती है।

## डिप्लोमा कोर्स

**ललित कला में डिप्लोमा:** यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। यह कोर्स 12वीं के बाद किया जा सकता है।

**स्नातक के अंतर्गत का पाठ्यक्रम:**

**बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) या बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स (बीवीए):** इस कोर्स की अवधि 4 से 5 साल है।

**ललित कला में कला स्नातक (बीए):** यह तीन साल की अवधि का कार्यक्रम है।

## परास्नातक पाठ्यक्रम

- मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) या मास्टर इन विजुअल आर्ट्स (एमवीए): यह दो साल की अवधि का कार्यक्रम है।
- ललित कला में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए): इस पाठ्यक्रम की अवधि आम तौर पर दो वर्ष की होती है।
- कुछ संस्थान पत्राचार और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। दो प्रसिद्ध संस्थान इग्नू, दिल्ली और दिल्ली विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग पत्राचार में ललित कला पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

## ललित कला में आवश्यक कौशल

- आपके द्वारा बनाई गई ड्राइंग आगंतुक की नजर में यथार्थवादी होनी चाहिए।
- आपको कला सामग्री और उनका उचित उपयोग कैसे करना है, इसकी जानकारी होनी चाहिए।
- अपने काम की प्रस्तुति और प्रदर्शन उचित तरीके से और सटीक होना चाहिए।
- आपके पास रचनात्मकता होनी चाहिए।
- रंग और रंग सिद्धांत के साथ प्रयोग की जाने वाली तकनीकें होनी चाहिए।
- संचार और पारस्परिक कौशल आपके भीतर मौजूद होनी चाहिए।
- आपको कुछ नवीनतम तकनीकों के साथ उपयोग किए जाने वाले सभी डिजिटल मीडिया का ज्ञान होना चाहिए।

## एडमिशन

- आप किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उच्च माध्यमिक शिक्षा (12वीं) की परीक्षा पूरी करने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स कर सकते हैं। आप कुछ बीएफए संस्थानों द्वारा आयोजित योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।
- यदि आप मास्टर प्रोग्राम में शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको ललित कला में स्नातक की डिग्री प्राप्त करनी होगी।

कुछ प्रसिद्ध कॉलेज जो ललित कला में यूजी और पीजी पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं:

- हैदराबाद विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
- एमिटी विश्वविद्यालय
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स, दिल्ली

## कॅरियर और नौकरियां

आज विभिन्न क्षेत्रों में ललित कला के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। उत्कृष्ट वेतन, लोकप्रियता और प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए, भारत की युवा आबादी इस क्षेत्र में आकर्षित हो रही है।

- स्नातक पूरा करने के बाद छात्रों के पास एक कला शिक्षक, सरकारी कार्यालयों में कलाकार या फोटोग्राफर के रूप में काम करने का विकल्प होता है। आप एक स्वतंत्र कार्यकर्ता के रूप में भी अपना करियर शुरू कर सकते हैं और निर्देशन, कपड़े, फोटोग्राफी, टेलीविजन और फैशन के लिए जा सकते हैं।
- आप अकादमिक, वास्तुकला और फिल्म उद्योग में भी करियर बना सकते हैं। आप प्रकाशन या कपड़ा उद्योग में पत्रिकाओं, विज्ञापन एजेंसियों और समाचार पत्रों के रचनात्मक विभागों में शामिल हो सकते हैं।
- ललित कला स्नातक मुख्यधारा के स्नातक रोजगार और उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, बैंकिंग, आर्ट गैलरी, बीमा, मीडिया और जनसंपर्क।
- उम्दा कलाकार विभिन्न प्रकार के मीडिया और तकनीकों का उपयोग करके कलाकृति का निर्माण करने का काम करते हैं।
- आप अपने काम को संग्रहालयों, निजी दीर्घाओं में प्रदर्शित कर सकते हैं या निजी संग्रह रख सकते हैं और अपने काम के लिए पुरस्कृत हो सकते हैं। आपके द्वारा बनाई गई वस्तुएं स्टूडियो, नीलामी, स्टोर या कला और शिल्प शो में बिकेंगी।
- फाइन आर्ट्स में स्कोप काफी अच्छा है, आप इस प्रोफेशनल कॅरियर के तहत सम्मान और पैसा दोनों कमा सकते हैं। मल्टीमीडिया कलाकार और एनिमेटर मोशन पिक्चर या वीडियो गेमिंग उद्योगों में काम करते हैं।

### प्रमुख जॉब प्रोफाइल इस प्रकार हैं:

- आर्ट थेरेपिस्ट
- मल्टीमीडिया प्रोग्रामर
- ड्राइंग टीचर
- प्रोडक्शन आर्टिस्ट
- रचनात्मक निदेशक
- फर्नीचर डिजाइनर
- 3डी कलाकार
- सेट डिजाइनर
- म्यूजिक टीचर
- संपादक
- कला निर्देशक
- एनिमेटर

### रोजगार के क्षेत्र :

- विज्ञापन कंपनियां
- कला स्टूडियो
- सिलाई की दुकानें
- शिक्षा संस्थान
- टेलीविजन उद्योग
- एनीमेशन
- वस्त्र उद्योग
- बुटीक
- थियेटर
- फैशन हाउस
- शिक्षण
- स्कल्पचर

### सैलरी पैकेज

वेतन नौकरियों के आधार पर अलग-अलग होते हैं। ललित कला में स्नातक 2 से 3 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच कमा सकता है। हालांकि यह उनकी प्रतिभा के आधार पर निर्भर करता है। अनुभव और ज्ञान के साथ-साथ सैलरी पैकेज में भी बढ़ोतरी होती रहती है। जो लोग विज्ञापन एजेंसियों और पब्लिशिंग हाउसेस में काम करना चाहते हैं, वे लगभग 4 से 5 लाख रुपये प्रति वर्ष का आकर्षक वेतन कमा सकते हैं।



# घर बैठे इसरो से करें फ्री ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से शैक्षिक संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए कई फ्री पाठ्यक्रम प्रदान किए हैं। पूरा करने पर सर्टिफिकेट दिया जाता है।**

रिमोट सेंसिंग के क्षेत्र में प्रोफेशनल के नॉलेज एंड स्किल्स को डेवलपमेंट करने के लिए इसरो द्वारा फ्री ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की गई है। यह ऑनलाइन कोर्स भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के तहत भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान (आईआईआरएस) द्वारा प्रदान किया जा रहा है। आईआईआरएस की ओर से शुरू एडवांस इन रिमोट सेंसिंग टेक्निक्स फॉर जियोलॉजिकल एप्लीकेशन कोर्स प्रोफेशनल को रिमोट सेंसिंग के क्षेत्र में प्रैक्टिकल विशेषज्ञता को हासिल करने के मकसद से डिजाइन किया गया है। रिमोट सेंसिंग फॉर जियोलॉजिकल कोर्स अनेक एप्लीकेशन से संबंधित है, जिसमें मैपिंग, मॉनिटरिंग आदि पहलू शामिल है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से शैक्षिक संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए कई फ्री पाठ्यक्रम प्रदान किए हैं। इन पाठ्यक्रमों को पूरा करने के बाद, सर्टिफिकेट दिया जाता है। ये पाठ्यक्रम कई विषयों पर आधारित हैं और उन्हें अपने करियर में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## कोर्स में शामिल हैं ये विषय

भूविज्ञान में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के मूलभूत सिद्धांत, जिसमें ऑप्टिकल थर्मल, माइक्रोवेव, हाइपरस्पेक्ट्रल आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भू-वैज्ञानिक विज्ञान में रिमोट सेंसिंग की भूमिका, लैंडस्लाइड, मैपिंग और मॉडलिंग जीएनएसएस, जियोडेसी और जियोफिजिक्स का एकीकरण और ग्रहों की खोज आदि विषय रिमोट सेंसिंग पाठ्यक्रम में शामिल है।

## कौन है आवेदन के लिए पात्र

एडवांस इन रिमोट सेंसिंग टेक्निक्स फॉर जियोलॉजिकल एप्लीकेशन फ्री ऑनलाइन कोर्स के लिए अर्थ साइंस में स्नातकोत्तर छात्र व उसके समकक्ष विषय जैसे जियोलॉजी, एप्लाइड जियोलॉजी, जियोफिजिक्स, अर्थ साइंस, जियो एक्सप्लोरेशन, जियोग्राफी आदि विषय और सिविल इंजीनियरिंग, जियोसाइंस, माइनिंग इंजीनियरिंग में बीटेक छात्र इस कोर्स में आवेदन करने के पात्र हैं।

## कोर्स स्टडी मैटेरियल

ई-क्लास प्लेटफॉर्म के जरिये पेशेवरों को लेक्चर स्लाइड, वीडियो रिकॉर्डेड लेक्चर आदि स्टडी मैटेरियल प्रदान किए जाएंगे।

सर्टिफिकेट दिया जाएगा

नोडल सेंटर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्रों को 70 फीसदी उपस्थिति के आधार पर प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण किया है, उन छात्रों को पाठ्यक्रम के प्रत्येक सत्र में 70 फीसदी घंटे उपस्थित होना होगा। व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करने वाले छात्र इसरो एलएमएस के माध्यम से ऑनलाइन सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं।

## ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के फायदे

- ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स सुविधाजनक होते हैं और घर से आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं।
- आपको किसी विशेष स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय और प्रयास दोनों की बचत होती है।
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आपको अपने नॉलेज एंड स्किल्स को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आपको नई चीजें सीखने और अपने नॉलेज का विस्तार करने में मदद कर सकते हैं।
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आपको अपने नेटवर्क का विस्तार करने और नए लोगों से मिलने में मदद कर सकते हैं।
- इसके साथ ही आप दुनिया भर के विशेषज्ञों से अपने पसंदीदा विषय सीख सकते हैं।

# अवसरों से भरा पड़ा है पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी का क्षेत्र



**ऊर्जा का अहम स्त्रोत होने के नाते पेट्रोलियम की उपयोगिता से सभी वाकिफ हैं। भारत पेट्रोलियम पदार्थों की अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। अगर आंकड़ों की मानें तो पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में भारत विश्व का आठवां बड़ा देश है। एचपीसीएल, बीपीसीएल, रिलायंस, इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों से सरकार को भारी-भरकम राजस्व मिलता है।**

पहले इस क्षेत्र में जियोलॉजिस्ट की काफी मांग थी, समय बदलने के साथ मैकेनिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों ने इस इंडस्ट्री में अपनी धाक जमाई। करियर की अनेक संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रबंधन से लेकर इंजीनियरिंग तक के कोर्स शुरू हुए हैं।

## कोर्स

पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी ने बीबीए, एमबीए, एमटेक, बीटेक, एमएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। इसके अलावा देश के चुनिंदा संस्थानों ने पेट्रोलियम के क्षेत्र में बीई, बीटेक, एमई, एमटेक, एमएससी और बीएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। ये सभी कोर्स पेट्रोकैमिकल इंजीनियरिंग, पेट्रोटेक्नोलॉजी, गैस इंजीनियरिंग, पेट्रोमार्केटिंग आदि में शुरू किए हैं।

## योग्यता

बारहवीं की परीक्षा भौतिक विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों से पास करने के बाद आप इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैमिकल और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बीई और बीटेक कर चुके छात्र पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एमटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीबीए में प्रवेश के लिए बारहवीं किसी भी संकाय से उत्तीर्ण होना जरूरी है।

## स्टडी कोर्स

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में छात्र जियोलॉजी, भौतिकी और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों द्वारा पेट्रोलियम की रिकवरी, डेवलपमेंट और प्रोसेसिंग के बारे में जानते हैं। इसके अलावा ड्रिलिंग, मैकेनिक्स, पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम जैसे विषयों पर छात्रों की पकड़ बनाई जाती है। पेट्रोलियम इंडस्ट्री को मुख्य तौर पर दो भागों में बांट कर देख सकते हैं- अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सेक्टर। अपस्ट्रीम सेक्टर में खोज, उत्पादन व तेल और प्राकृतिक गैसों का दोहन कैसे किया जाए, इसकी शिक्षा व ट्रेनिंग दी जाती है। डाउनस्ट्रीम सेक्टर में रिफाइनिंग, मार्केटिंग और वितरण से संबंधित पूरी जानकारी दी जाती है। पेट्रोलियम के क्षेत्र में टीम की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण होती है। एक पेट्रोलियम इंजीनियर को जियोलॉजिस्ट, अन्वेषणकर्ता, इंजीनियर, पर्यावरण क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ काम करना पड़ता है।

### अवसर

पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। लगभग आठ लाख लोगों को रोजगार देने वाला यह क्षेत्र अवसरों से भरा पड़ा है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस, ओएनजीसी, पेट्रोनेट जैसी नामी-गिरामी कंपनियों के द्वार आपके लिए खुले हैं। जिस तरह पेट्रोल के नए भंडार और क्षेत्र मिल रहे हैं, उससे यह क्षेत्र आने वाले समय में बड़ा लाभकारी साबित होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### ममता सरकार ने वापस लिया झारखंड बॉर्डर सील करने का आदेश, लेकिन खत्म नहीं हुई नाराजगी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल सरकार ने झारखंड सीमा सील करने का आदेश शुक्रवार देर शाम करीब 24 घंटे बाद वापस ले लिया। इसके बाद मैथन समेत जमशेदपुर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और बोकारो से लगी सीमाएं खोल दी गईं और वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। हालांकि बहरागोड़ा और पटमदा बॉर्डर और दुमका के दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ के महेशखला बॉर्डर और शिकारीपाड़ा-रामपुरहाट बॉर्डर से अभी वाहनों को छोड़ने की सूचना नहीं मिली है। इससे पहले सीमा सील रहने के कारण झारखंड से गुजरने वाले हजारों वाहन बॉर्डर पर फंसे रहे। मैथन, पंचेत और तेनुघाट डैमों से पानी छोड़ने से नाराज बंगाल ने शुक्रवार शाम से झारखंड के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया था। खबर लिखे जाने तक मैथन टोल प्लाजा से निरसा तक लंबा जाम लगा हुआ था। जाम को देख भारी वाहनों को तोपचांची और धनबाद में ही रोका जा रहा था। बहरागोड़ा में जाम से सड़क के दोनों किनारे 10 हजार से ऊपर वाहन फंसे हुए थे। यहां रात 11.45 बजे जाम खुला। पटमदा सीमा पर भी वाहनों की 16 किमी लंबी कतार लगी थी। सीमा खोलने से पहले शुक्रवार दोपहर बाद मैथन में लोगों ने बंगाल से झारखंड आने वाले वाहनों को भी रोक दिया था। इससे स्थिति और बिगड़ रही थी। वाहनों में लदे फल और सब्जी बेकार होने लगे थे। बिहार, यूपी , एमपी, पंजाब, गुजरात, दिल्ली, झारखंड के अलावा अन्य राज्यों का वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। अभी जो वाहन जाम में फंसे हैं उनमें ज्यादातर में खाद्य सामग्री है। फल, सब्जियां सड़ रही हैं। कुछ वाहनों में भेड़ और बकरियां भी लदी हैं, उनकी हालत ज्यादा खराब है। कुछ ट्रकों में मैदा, आटा, चीनी, कोयला और शाल पत्ता आदि लदा है। वाहन चालकों को भोजन-पानी की परेशानी हो रही है।

### हरियाणा चुनाव: पीएम मोदी मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत 26 सितंबर को कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे संवाद

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का गुरुमंत्र देने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत 26 सितंबर को कार्यकर्ताओं से संवाद कर, उन्हें अपना-अपना बूथ जीतने के तौर-तरीकों के बारे में बताएंगे। प्रधानमंत्री पार्टी के कार्यकर्ताओं, वॉलंटियर्स और समर्थकों के साथ यह संवाद नमो एप के जरिए करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने इस कार्यक्रम की जानकारी को साझा करते हुए एक्स पर बताया, हरियाणा विधानसभा चुनाव में हमारे कार्यकर्ता, वॉलंटियर और समर्थक हर बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प ले चुके हैं। उनसे नमो ऐप के जरिए 26 सितंबर को दोपहर करीब 12.30 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में संवाद का सौभाग्य मिलेगा। आप अपने सवाल और सुझाव जरूर भेजें।

### महाराष्ट्र में बीजेपी को बड़ा झटका, कांग्रेस में शामिल हो गए अशोक चव्हाण के तीन करीबी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधनसभा चुनाव और नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के बहनोई और पूर्व सांसद भास्करराव पाटील खतगांवकर, उनकी बहन डॉ मीनल पाटील खतगांवकर और पूर्व विधायक ओम प्रकाश पोकर्णा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। वहीं राज्य में कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोल ने कहा कि भासकरराव बिना किसी पद के लालच के ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस तरह के जमीनी कार्यकर्ता के स्वागत से उन्हें खुशी हो रही है। बता दें कि नांदेड़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सांसद रहे वसंत चव्हाण के निधन के बाद उपचुनाव होने हैं। नाना पटोले ने कहा कि नांदेड़ में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। कांग्रेस से निकलकर बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस अशोक चव्हाण पर हमलावर नहीं हुई थी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने अशोक चव्हाण को जवाब देने के लिए यह तरीका निकाला है। ऐसे में कांग्रेस में परिवार में ही सेंध लगा दी। मीनल पाटिल खतगांवकर ने लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी से टिकट मांगा था।

# अबूझमाड़ में सेना के युद्धाभ्यास रेंज के लिए खाली कराना होगा 52 गांव, देना होगा भारी मुआवजा



**नारायणपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जंगल में 54,543 हेक्टेयर भूमि में फैले भारतीय सेना की प्रस्तावित युद्धाभ्यास रेंज के लिए 9,601 लोगों की आबादी वाले 52 गांवों को खाली करना होगा। नारायणपुर जिला प्रशासन के एक आंतरिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। नारायणपुर जिला कलेक्टर की एक आंतरिक रिपोर्ट में कहा गया है कि सेना की रेंज नारायणपुर जिले की कोहकामेटा तहसील में 13 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 52 गांवों को कवर करेगी। प्रस्तावित क्षेत्र अत्यधिक संवेदनशील है। इसलिए विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए सरकार की ओर से ड्रोन, पुलिस बल, वन विभाग के कर्मियों और राज्य स्तर से अनुभवी वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात करने का आदेश जारी करना उचित होगा। इस विस्तृत सर्वेक्षण कार्य के लिए धन राज्य सरकार द्वारा आवंटित किया जाना चाहिए।

7 अगस्त को छत्तीसगढ़ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने ओरछा तहसील के सोनपुर-गरपा क्षेत्र में अबूझमाड़ जंगल में सेना की युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना के संबंध में जिला कलेक्टर को पत्र लिखा था। इसने 13 सितंबर 2017, 21 नवंबर 2017 और 17 फरवरी 2021 के अपने पिछले पत्रों का हवाला दिया और कलेक्टर से सेना रेंज के बारे में तुरंत जानकारी भेजने का अनुरोध किया। इस कदम को युद्धाभ्यास रेंज स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा गया। अबूझमाड़ महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच फैला है। इसे अज्ञात पहाड़ी के रूप में जाना जाता है, क्योंकि ब्रिटिश काल के बाद से 6,000 वर्ग किमी के घने जंगल का सर्वेक्षण नहीं किया गया है। यह जंगल माओवादी गतिविधियों का केंद्र है। कहा जाता है कि सीपीआई (माओवादी) के लगभग एक दर्जन वरिष्ठ कैडर अभी भी वहां डेरा डाले हुए हैं। पिछले छह महीनों में अबूझमाड़ में माओवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़ में वृद्धि हुई है।जिला प्रशासन की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित भारतीय सेना युद्धाभ्यास रेंज के सभी गांव सर्वेक्षण रहित हैं।

## बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत की बढ़ी मुश्किलें

**बुलंदशहर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी सीट से सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत को बुलंदशहर की [illegible] कोर्ट ने तलब किया है. यह आदेश अदालत ने उनके किसान आंदोलन को लेकर दिए बयान की सुनवाई करते हुए जारी किए हैं. दरअसल कंगना ने 25 अगस्त को अपने एक बयान में कहा था कि, पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे. वहां दुष्कर्म और हत्याएं हो रही थीं. किसान बिल को वापस ले लिया गया, वर्ना इन उपद्रवियों की बहुत लंबी प्लानिंग थी. वे देश में कुछ भी कर सकते थे. मामले की सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी. भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पंडित गजेंद्र शर्मा ने कंगना के खिलाफ अदालत में शिकायत लगाई है. जिसमें उन्होंने कहा है कि, कंगना रनौत ने किसानों और विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है, जो असहनीय है. किसान आंदोलन के दौरान इस तरह के बयान न सिर्फ गलत हैं, बल्कि हमारे समाज और किसानों की छवि खराब करने का प्रयास है. गजेंद्र शर्मा के वकील संजय शर्मा ने बताया कि, किसान नेता ने परिवाद 19 सितंबर को कोर्ट में दाखिल किया है।

## इलाज की आड़ में कारोबारी का धर्म परिवर्तन करा रहा था मौलवी, फोन में मिले वीडियो ने बिगाड़ा खेल



**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद में वेव सिटी थाना पुलिस ने झाड़-फूंक की आड़ में धर्मांतरण कराने के आरोपी एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, बीमारी ठीक न होने पर कंसल्टेंसी फर्म का मालिक आरोपी के संपर्क में आया। मौलवी ने ब्रेनवॉश कर पीड़ित से दूसरे धर्म की गतिविधियां कराईं और पत्नी को चरित्रहीन बताकर दूसरी लड़की से निकाह कराने का लालच भी दिया। इसके अलावा पीड़ित के तीन साथियों ने भी उसकी मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर लाखों रुपये ठग लिए। पुलिस उनकी तलाश कर रही।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि वेव सिटी सेक्टर-दो में रहने वाली महिला ने 19 सितंबर को वेव सिटी पुलिस थाने में जिला हापुड़ थाना धौलाना अंतर्गत आने वाली जाकिर कॉलोनी में रहने वाले मौलवी अब्दुल रहमान के खिलाफ केस दर्ज कराया था। अब्दुल रहमान मूलरूप से थाना कोतवाली देहात बुलंदशहर के गांव नीमखेड़ा का रहने वाला है।

महिला के मुताबिक, वह किडनी रोग से पीड़ित है और 12 वर्षों से डायलिसिस पर है। उसके पति श्रीष ओझा ने वर्ष 2022 में एसएस एसोसिएट्स नाम से कंसल्टेंसी फर्म शुरू की थी। जुलाई 2023 से पति का कारोबार ठप होने लगा, जिससे आर्थिक स्थिति खराब हो गई। जनवरी 2024 उन्होंने आधी रात को पूजा करनी शुरू कर दी।

मार्च 2024 में पति ने उसे बताया कि उन्होंने छपरौला में फ्लैट के निर्माण का कार्य लिया है। आरोप है कि इसके बाद वह इलाज के नाम पर मौलवी के संपर्क में आ गए। आरोपी ने दूसरे धर्म की गतिविधियां कराकर उनसे रकम ऐंठ ली। महिला को पति के मोबाइल में मिली रिकॉर्डिंग से धर्मांतरण का पता चला तो पुलिस में इसकी शिकायत दी। डीसीपी के मुताबिक, मौलवी अब्दुल रहमान ने पूछताछ में बताया कि वह झाड़-फूंक और देशी दवाई देने का काम करता है। श्रीष ओझा उसके पास अपने और पत्नी के इलाज के लिए आए थे। श्रीष ओझा के तनावग्रस्त रहने का फायदा उठाते हुए उसने झाड़-फूंक की आड़ में धर्मांतरण कराना शुरू कर दिया। डीसीपी का कहना है कि मौलवी ने पत्नी को चरित्रहीन बताते हुए श्रीष ओझा का दूसरी लड़की से निकाह करने का लालच भी दिया।

# उस्मान ने आयुष्मान बन 7 साल तक हिंदू महिला को दिया धोखा, शादी के 2 दिन बाद सामने आई सच्चाई



**गाजियाबाद , एजेंसी।**
एक मुस्लिम युवक उस्मान द्वारा आयुष्मान बनकर 7 साल तक गाजियाबाद में रहने वाली सहकर्मी हिंदू महिला को धोखा देने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि शादी के दो दिन बाद ही आरोपी ने मस्जिद में ले जाकर उसका धर्म परिवर्तन भी करा दिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली में रहने वाली अपनी सहकर्मी से शादी करने के लिए एक मुस्लिम युवक उस्मान से आयुष्मान बन गया। आरोप है कि शादी के दो दिन बाद वह उसे मस्जिद ले गया और अपने धर्म के अनुसार कार्य करने का दबाब बनाया। पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2007 में उसकी मुलाकात उस्मान खान निवासी लालकुआं पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली से हुई थी।

आरोप है कि उस्मान ने अपना नाम आयुष्मान बताया था और वर्ष 2014 में हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। शादी के चंद दिन बाद उस्मान उसे एक मस्जिद में ले गया। वहां बुर्का पहनने के लिए कहा और उर्दू में लिखे धर्म परिवर्तन के कागज पर हस्ताक्षर करा लिए।

महिला ने बताया कि उस्मान मूलरूप से मेवात का रहने वाला है। 2019 में उस्मान ने दूसरी शादी कर ली थी। पुलिस ने उस्मान समेत महिला के अन्य ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं, गाजियाबाद के ही शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में रहने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा के साथ सात महीने पूर्व एक युवक द्वारा शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस से मामले की शिकायत की और फिर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में रहने वाली 12वीं की छात्रा के पिता प्लंबर का काम करते हैं। उनके साथ सहायक के रूप में कार्य करने वाले सूरज नामक युवक का उनके घर आना-जाना था। आरोप है कि फरवरी महीने में आरोपी ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# लोकतंत्र में शासक असहमति बर्दाश्त करता है, अगर विरोध है तो राजा आत्ममंथन करे : नितिन गडकरी



**पुणे, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि शासक अपने खिलाफ जाहिर की गई सबसे मजबूत राय को भी बर्दाश्त करता है। वह इस पर आत्मचिंतन करता है। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता यहां एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने लेखकों और बुद्धिजीवियों से निडर होकर अपनी बात रखने के लिए भी कहा। गडकरी ने कहा कि इन दिनों राजनीति में जो हो रहा है वह अन्य जगहों पर भी हुआ है। किसी ने अपना अस्तित्व खो दिया है। हमारे देश में मतभेद कोई समस्या नहीं है, हमारी समस्या है किसी मत का नहीं होना। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम न दक्षिणपंथी हैं और न ही वामपंथी, हम अवसरवादी हैं।

नितिन गडकरी ने कहा कि साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और कवियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विचारों को खुलकर और दृढ़ता से व्यक्त करें। लोकतंत्र की अगर कोई सबसे बड़ी कसौटी है तो वह यह है कि यदि कोई विचार राजा के विरोध में है तो राजा उसे सहन करे और उस पर आत्ममंथन करे। यही वास्तविक लोकतंत्र है। इससे पहले रविवार को इंजीनियर्स डे पर गडकरी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पुणे में एक समारोह में मौजूद थे। यहां पर उन्होंने पारदर्शिता और फैसले लेने के लिए समय सीमा तय करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई जानकार व्यक्ति कानून के पीछे की भावना को नहीं समझता है तो इसका क्या फायदा?

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लिखे हुए अक्षर और उसके पीछे की भावना में काफी अंतर है। जानकार व्यक्ति को कानून के पीछे की भावना समझनी चाहिए। कई बार स्थिति ऐसी होती है कि सड़कों पर गड्ढे भरने हों तो भी बॉस के आदेश की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि मैं अभी उनके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन जैसे ही पैसा हाथ में होता है, काम शुरू हो जाता है। गडकरी ने कहा कि हमारे यहां 'न्यूटन के पिता' हैं। आप फाइल पर जितना अधिक वजन डालते हैं, फाइल उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती है। इसके बाद उन्होंने पारदर्शिता और समयबद्ध निर्णय लेने की प्रक्रिया की जरूरत पर जोर दिया। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते नितिन गडकरी ने एक बड़ा खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि एक नेता ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का प्रस्ताव दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था। गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री बनना उनके जीवन का मकसद नहीं था। शनिवार को विदर्भ गौरव प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित स्वर्गीय अनिल कुमार पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वह दृढ़ निश्चयी हैं।

## छत्तीसगढ़ में हिरासत में मौत पर राजनीतिक भूचाल, एएसपी सस्पेंड, बघेल ने मांगा गृहमंत्री का इस्तीफा

**कबीरधाम, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में हिरासत में एक व्यक्ति की मौत होने के बाद राजनीतिक भूचाल मच गया है। कांग्रेस ने राज्य के गृहमंत्री से इस्तीफा देने की मांग की है। इस मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच मृतक के परिवार ने पुलिस पर अत्याचार करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में हत्या के एक मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे गए एक व्यक्ति की जेल में मौत हो जाने के बाद न्यायिक जांच के आदेश दिए गए। इस मामले में एक आईपीएस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस की पिटाई से व्यक्ति की मौत हुई है। इस घटना से राज्य में राजनीतिक भूचाल आ गया है। कांग्रेस ने गुरुवार को जिले में बंद का आह्वान किया और राज्य के गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की। दरअसल, भीड़ ने लोहारीडीह गांव के उपसरपंच रघुनाथ साहू के घर में आग लगा दी थी, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में 69 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक प्रशांत साहू भी थे। बुधवार को उसे गंभीर चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जेल में उनकी मौत होने के मामले में न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उनके हाथ में चोट लगने के कारण एक दिन पहले उनकी जांच कराई गई थी। उनका एक्स-रे सामान्य था। पोस्टमॉर्टम किया गया है और विसरा को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट का इंतजार है। उन्होंने कहा कि 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी अतिरिक्त एसपी विकास कुमार को घटना के सिलसिले में निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि कुमार ने उस टीम का नेतृत्व किया था, जिसने प्रशांत को गिरफ्तार किया था।

# भाजपा को राज्य की राजनीति में हावी नहीं होने दिया और एनडीए में रहते हुए भी भाजपा को चुनाव हरा दिया- उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेन्स के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उन्होंने कभी भी भाजपा को राज्य की राजनीति में हावी नहीं होने दिया और एनडीए में रहते हुए भी भाजपा को चुनाव हरा दिया। अब्दुल्ला ने कहा कि जब वो केंद्र की अटल बिहार वाजपेयी की सरकार में मंत्री थे और एनडीए का हिस्सा थे, तब भी उनकी पार्टी ने भाजपा को जम्मू-कश्मीर में पसरने नहीं दिया। यहां तक कि जम्मू लोकसभा सीट पर भी लोकसभा चुनाव में उसे हरा दिया।

उमर अब्दुल्ला का यह बयान पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती के उस बयान के बाद आया है, जिसमें मुफ्ती ने कहा था कि पीएम मोदी को अब्दुल्ला परिवार का शुक्रगुजार होना चाहिए कि उन्होंने भाजपा को जम्मू-कश्मीर में अपना एजेंडा लागू करने दिया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा, मैं महबूबा मुफ्ती को बताना चाहूंगा कि हम एनडीए का हिस्सा थे, लेकिन हमने कभी बीजेपी को जम्मू-कश्मीर में घुसने नहीं दिया। एनडीए का हिस्सा होने के बावजूद हमने बीजेपी को जम्मू की संसदीय सीट जीतने नहीं दी। अब्दुल्ला ने कहा कि महबूबा मुफ्ती को राज्य के लोगों से माफी मांगनी चाहिए कि उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर कैसे



नाकाम सरकार चलाई और भाजपा को राज्य में पसरने का मौका दिया।

इससे पहले पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय में अहम भूमिका निभाने के लिए शेख अब्दुल्ला परिवार का आभारी होना चाहिए। मुफ्ती ने संवाददाताओं से कहा, मेरा मानना है कि मोदी को शेख साहब (नेशनल कॉन्फ्रेंस के संस्थापक) और उनके परिवार का आभारी होना चाहिए, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय में अहम भूमिका निभायी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब नेशनल कॉन्फ्रेंस(नेंका) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में मंत्री थे, तो उन्होंने आधिकारिक पुष्टि से पहले ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पोटा) लागू कर दिया था और कश्मीरी शिल्प शाहतूश पर प्रतिबंध लगा दिया था। उमर अब्दुल्ला जुलाई 2001 से दिसंबर 2002 तक वाजपेयी की सरकार में विदेश राज्य मंत्री थे। उससे पहले वह वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री थे।

महबूबा ने कहा, भाजपा ने उमर को विदेश राज्य मंत्री बनाकर हर देश में सिर्फ यह संदेश देने के लिए भेजा कि जम्मू-कश्मीर कोई मुद्दा नहीं बल्कि आतंकवाद का मुद्दा है और इसे पाकिस्तान पर हमला करके सुलझाया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि भाजपा को उमर का शुक्रिया अदा करना चाहिए जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में अपना एजेंडा लागू किया। भाजपा ने उमर का इस्तेमाल अपने हित के लिए किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा तीन महीने तक पीडीपी के दरवाजे पर खड़ी रही और उनसे किसी भी शर्त पर सरकार बनाने की गुहार लगायी थी।

उन्होंने कहा , हमने भाजपा के साथ कुछ शर्तों पर सरकार बनाई थी, जिसमें अनुच्छेद 370 को न छूना, पाकिस्तान के साथ सड़कें खोलना, सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम को समाप्त करना और कश्मीर में पाकिस्तान और हुर्रियत के लोगों से बातचीत करना शामिल है। एक सवाल के जवाब में पीडीपी प्रमुख ने कहा , मेरी राय में अगर अब्दुल्ला के परिवार ने पाकिस्तान के एजेंडे को लागू किया होता, तो जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं होता। यह या तो पाकिस्तान का हिस्सा होता या एक स्वतंत्र राज्य होता।

नेशनल कांफ्रेन्स-कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री आसिफ ख्वाजा के बयान और वहां इसका जश्न मनाये जाने संबंधी प्रधानमंत्री के कथन के संदर्भ में मुफ्ती ने कहा, मुझे लगता है कि भाजपा हर मोर्चे पर विफल रही है। भाजपा ने दावा किया था कि वे हर साल दो करोड़ नौकरियां देंगे, जो 10 साल में 10 करोड़ नौकरियां हो गयी। देश में हिंदू, मुस्लिम कार्ड खेलने, मुसलमानों की लिंचिंग और मस्जिदों को नष्ट करने के बाद अब भाजपा के लोग पाकिस्तान के बारे में बात कर रह हैं। यह उनकी विफलता ही है जो उन्हें कुछ भी बोलने के लिए मजबूर करती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com




# बांग्लादेश को हराने से 6 विकेट दूर भारत

## खराब रोशनी के कारण स्टंप्स जल्दी; बांग्लादेश 158/4, टारगेट- 515

**चेन्नई।** भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट अब रोमांचक दौर में पहुंच गया है। भारत ने दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन पर घोषित की और बांग्लादेश के सामने 515 रन का लक्ष्य रखा। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 158 रन बना लिए हैं और उसे अभी और 357 रन बनाने हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खराब रोशनी के कारण जल्द समाप्त कर दिया गया है। भारत ने बांग्लादेश के सामने जीत के लिए 515 रनों का लक्ष्य रखा है। जवाब में बांग्लादेश की टीम ने चार विकेट पर 158 रन बना लिए हैं और उसे अभी जीत के लिए और 357 रन बनाने होंगे, जबकि भारत छह विकेट लेते ही यह मुकाबला अपने नाम कर लेगा। स्टंप्स के समय कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 60 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रन और शाकिब अल हसन 14 गेंदों पर पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट अपने नाम किया।

इससे पहले, भारत ने दूसरी पारी में शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से चार विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित करने का फैसला किया। शुभमन 176 गेंदों पर 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से 119 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पंत ने 128 गेंदों पर 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से 109 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे और बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर ढेर कर 227 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। इस तरह भारत ने बांग्लादेश के सामने विशाल रनों का लक्ष्य रखा।

बांग्लादेश फिलहाल संघर्ष करता दिख रहा है, लेकिन गिरते विकेटों के बीच कप्तान ने दूसरे छोर से मोर्चा संभाले रखा और अर्धशतक लगाने में सफल रहे। वहीं, पहली पारी की तुलना में बांग्लादेश ने दूसरी पारी में सधी हुई बल्लेबाजी की, लेकिन अश्विन गेंदबाजी से प्रभावित करने में सफल रहे। बुमराह ने जहां दूसरी पारी में भी भारत को पहली सफलता दिलाई, वहीं दिन का खेल समाप्त होने तक अश्विन ने बांग्लादेश को तीन और झटके दिए।

# राशिद खान ने जन्मदिन पर रचा इतिहास



## तोड़ा 17 साल पुराना रिकॉर्ड

**शारजाह, एजेंसी।** गुरुवार 20 सितंबर को अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान का जन्मदिन था. इस खास मौके पर उन्होंने दो बेहद अनमोल तोहफे मिले. सबसे पहले उनकी टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की. अफगानिस्तान ने शारजाह में हुए दूसरे वनडे मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 177 रन से हराया और 3 मैचों की वनडे सीरीज पर 2-0 से कब्जा भी किया. दूसरी ओर राशिद खान ने 9 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 5 विकेट चटकाए. वनडे मुकाबले में अपने जन्मदिन पर ऐसा करने वाले वह दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं.

राशिद खान ने शारजाह में 311 रन को डिफेंड करते हुए टोनी डी जॉर्जी, ट्रिस्टियन स्टब्स, एडेन मार्करम, काइल वेरेने और वियान मुल्डर को पवेलियन का रास्ता दिखाया. जन्मदिन पर 5 विकेट का कारनामा करने वाले राशिद साउथ अफ्रीका को तो हराया ही, साथ ही 17 साल बाद उसी देश के दिग्गज गेंदबाज वर्नोन फिलेंडर के रिकॉर्ड को भी तोड़ा. फिलेंडर ने 2007 में अपने जन्मदिन पर वनडे में आयरलैंड के खिलाफ 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे. ऐसा करने वाले वो पहले खिलाड़ी बने थे. वहीं इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने 2010 में अपने जन्मदिन पर 4 विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी बने. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 44 रन देकर 4 विकेट लिए थे. राशिद ने दोनों दिग्गजों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है और वनडे में जन्मदिन पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं.

### साउथ अफ्रीका को किया पस्त

अफगानिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका को 312 रन का टारगेट दिया था. इसका पीछा करने पूरी टीम 134 रन ही सिमट गई. 73 रन के स्कोर पर कप्तान टेम्बा बावुमा के आउट होने के बाद राशिद खान ने 20 साल के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज नांगेलिया खरोटे के साथ गेंदबाजी की कमान संभाली. दोनों ने मिलकर 9 विकेट चटकाए और साउथ अफ्रीका को पूरी तरह पस्त कर दिया. खरोटे ने राशिद का साथ देते हुए 6.2 ओवर में सिर्फ 26 रन देकर 4 विकेट हासिल किए.

### राशिद खान के अन्य रिकॉर्ड्स

1998 में जन्मे राशिद खान अब 26 साल के हो गए हैं. उन्होंने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मुकाबले से ही इंटरनेशनल डेब्यू किया था. इसी साल जिम्बाब्वे के खिलाफ ही उन्होंने टी20 में भी एंट्री की और 3 साल बाद साल 2018 में भारत के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेला. अपने 9 साल के करियर में उन्होंने कई रिकॉर्ड्स बनाए. वो सिर्फ 17 साल की उम्र में आईसीसी की वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गए थे. ऐसा करने वाले वह सबसे युवा खिलाड़ी हैं. राशिद खान टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. उन्होंने सिर्फ 26 मैच में 50 विकेट चटका दिए थे. इस फॉर्मेट में सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है. ये कारनामा उन्होंने 44 मैचों में कर दिया था.

## सार समाचार

### मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए हार्दिक पांड्या की हो सकती है वापसी; रणजी भी खेलने की संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के एक बड़े दौरे के मद्देनजर, भारत के सफेद गेंद विशेषज्ञ हार्दिक पांड्या आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेकर ब्रेक के बाद एक्शन में लौटने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि भारत का यह ऑलराउंडर भी अपने राज्य के लिए रणजी ट्रॉफी खेलना चाहता है, जो रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी और फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने की उम्मीद का संकेत है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि 2024 में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के स्टार पांड्या के बड़ौदा के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने की संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक, भारत के ऑलराउंडर ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट खेलने की इच्छा व्यक्त की है। सूत्र ने बताया, रणजी ट्रॉफी में भी हार्दिक खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज को ध्यान में रखते हुए वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी की तलाश में हैं। पांड्या मौजूदा दलीप ट्रॉफी में शामिल नहीं हैं, लेकिन ऐसा महसूस किया जा रहा है कि रणजी ट्रॉफी में खेलने की उनकी इच्छा प्रतिष्ठित पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल होने का एक प्रयास हो सकती है। हार्दिक ने आखिरी बार जून में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद जुलाई में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैचों में सफेद गेंद से क्रिकेट खेला था।

### एम्मा राडुकानू पैर की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से रिटायर



**सोल, एजेंसी।** ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को लगातार पैर की चोट के कारण शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की डारिया कसात्किना के खिलाफ कोरिया ओपन के क्वार्टर फाइनल से रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा।

21 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने यू युआन के खिलाफ अपने पिछले मैच में असुविधा के लक्षण दिखाए थे, विश्व नंबर 13 के खिलाफ शुरू से ही संघर्ष करती रही। पहले सेट के पांचवें गेम के बाद राडुकानू को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन खेल जारी रखने के प्रयासों के बावजूद उन्होंने शुरुआती सेट 6-1 से हारने के बाद अंततः रिटायर होने का फैसला किया। चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिससे सोल में उनका अभियान छोटा हो गया।

### चेस ओलिंपियाडः

## 9वें राउंड के बाद भारत पहले स्थान पर, उज्बेकिस्तान से ड्रॉ खेला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 45वें फिडे चेस ओलिंपियाड में उज्बेकिस्तान ने भारत के लगातार 8 मैच की विनिंग स्ट्रीक पर रोक लगा दी। ओपन रैंकिंग में भारत का मुकाबला उज्बेकिस्तान से हुआ। दोनों टीम ने 2-2 से ड्रॉ खेला।



भारत नौ राउंड पूरा होने के बाद ओपन कैटेगरी में 17 पॉइंट्स के बाद टॉप पर है।

वहीं विमेंस कैटेगरी में 15 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गया हैं। टूर्नामेंट का 11वां और फाइनल राउंड 22 सितंबर को खेला जाएगा। शुक्रवार को नौवें राउंड के ओपन कैटेगरी में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने उज्बेकिस्तानके अब्दुसत्तोरोव नोदिरिबेक के साथ 0.5-0.5 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा सभी मैच ड्रॉ रहें। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में चल रहे टूर्नामेंट में भारतीय विमेंस टीम का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। अमेरिका और भारत को 2-2 पॉइंट मिले।

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट

# कोणार्क सूर्य ओडिशा ने मणिपाल टाइगर्स को दो रनों से दी मात

**जोधपुर, एजेंसी।** कोणार्क सूर्य ओडिशा ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अपने पहले मैच में गत चैम्पियन मणिपाल टाइगर्स को दो रन से हराकर अपनी पहली जीत हासिल की। यह कम स्कोर वाला मैच दोनों टीमों के गेंदबाजों द्वारा अच्छी तरह से नियंत्रित किया गया, लेकिन अंत में ओडिशा की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ दिया। टॉस जीतने के बाद, मणिपाल टाइगर्स के कप्तान हरभजन सिंह ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले इनिंग्स में बल्लेबाजी के लिए रिचार्ड लेवी और अम्बाती रायडू ने कोनार्क सूर्य ओडिशा के लिए पारी की शुरुआत की। उन्हें जल्दी ही एक झटका लगा, जब



अम्बाती रायडू (8) को अनुरीत सिंह ने केवल 14 के स्कोर पर 1.4 ओवर में आउट कर दिया। लेवी के साथ केविन ओब्रायन ने मध्य में बल्लेबाजी की।

ओडिशा की टीम फिर 3.3 ओवर में 28/3 पर पहुंच गई। रिचार्ड लेवी ने 6 गेंदों पर केवल 6 रन बनाए, जबकि केविन ओब्रायन ने 5 गेंदों पर 6 रन बनाए। दिलशान मुनावेरा (11) ने मध्य में कुछ इरादा दिखाया, लेकिन 32 के स्कोर पर ओबुस पिएनार द्वारा स्टम्प आउट कर दिया गया। कप्तान इरफान पठान ने 23 गेंदों में 18 रन की शानदार पारी खेली, इसके बाद उन्हें हरभजन सिंह ने क्लीन बोल्ड किया। यूसुफ पठान (3) और राजेश बिश्नोई (3) भी अच्छा स्कोर नहीं बना सके। रॉस टेलर केवल 28 गेंदों में 14 रन बना सके।

पारी के अंत में, नविन स्टीवर्ट ने 12 गेंदों पर 17 रन बनाए और विनय कुमार 5 गेंदों पर 11* रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे उनकी टीम 20 ओवर में 104/9 का कुल स्कोर खड़ा कर सकी। मणिपाल टाइगर्स के लिए, ओबुस पिएनार सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 2/10 के आंकड़े दर्ज किए। अनुरीत सिंह ने भी 4 ओवर में 2/26 लिए। कप्तान हरभजन सिंह, शेल्डन कॉट्रेल और राहुल शुक्ला ने इस इनिंग में एक-एक विकेट लिया।

106 के लक्ष्य का पीछा करते हुए, रॉबिन उथप्पा और सोलोमन मिरे ने मणिपाल टाइगर्स के लिए पारी की शुरुआत की। शाहबाज़ नदीम ने इनिंग्स की दूसरी गेंद पर उथप्पा को डक पर आउट करके पहला विकेट लिया।

मिरे को फिर मध्य में मनोज तिवारी का साथ मिला। वे 2.5 ओवर में 4/3 पर पहुंच गए। सोलोमन मिरे भी बिना खाता खोले आउट हो गए। मनोज तिवारी केवल 9 गेंदों पर 2 रन जोड़ सके, इसके बाद उन्हें बेन लॉफलिन ने आउट किया। सौरभ तिवारी प्रभाव खिलाड़ी के रूप में आए, लेकिन केवल 17 गेंदों में 5 रन ही बना सके।

## एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए हरमनप्रीत सिंह नॉमिनेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। 28 वर्षीय डिफेंडर ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए फिर से नॉमिनेट होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होने पर मैं बहुत खुश हूं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि यह मेरी टीम के समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में मैंने जितने भी गोल किए हैं, वे सब टीम की बदौलत ही संभव हो पाए हैं।

# शाकिब अल हसन बने सबसे उम्रदराज बांग्लादेशी टेस्ट क्रिकेटर

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला रोमांचक नजर आ रहा है। दोनों ही टीमों के गेंदबाजों को पिच से खूब मदद मिल रही है, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने भी दमखम दिखाया और मैच में पकड़ मजबूत रखी। इस बीच शाकिब अल हसन के नाम एक खास रिकॉर्ड दर्ज हुआ।

शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट इतिहास में अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने अपना नाम दर्ज करा लिया। वह टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 37 वर्ष और 181 दिन की उम्र में शाकिब चेन्नई में भारत के खिलाफ बांग्लादेश के पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर उतरे और उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद रफीक का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2008 में आखिरी बार 37 वर्ष और 180 दिन की उम्र में टेस्ट मैच खेला था। एक दशक से भी ज्यादा



समय से बांग्लादेश क्रिकेट में अहम भूमिका निभाने वाले शाकिब ने इस नई उपलब्धि के साथ अपने शानदार करियर को और भी आगे बढ़ाया है।

खेल के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माने जाने वाले शाकिब काफी समय से खेल रहे हैं और टीम के लिए उनके योगदान ने क्रिकेट जगत पर बड़ी छाप छोड़ी है।

जबकि शाकिब की उपलब्धि महत्वपूर्ण है, सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम है, जिन्होंने 1930 में 52 वर्ष और 165 दिन की उम्र में अपना अंतिम टेस्ट खेला था। रोड्स का रिकॉर्ड, साथ ही उनका उल्लेखनीय 30 साल का टेस्ट करियर, क्रिकेट की सबसे लंबे समय तक चलने वाली उपलब्धियों में से एक है।

हालांकि, मैदान पर बांग्लादेश ने खुद को एक मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ मुश्किल स्थिति में पाया।

### भारत-बांग्लादेश टेस्टः

## 6 साल के टेस्ट करियर में धोनी को पछाड़ गए ऋषभ पंत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने करीब दो साल बाद टेस्ट क्रिकेट में अपनी मजबूत वापसी कर ली है। बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में 39 रन बनाने वाले पंत ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन किया और 109 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

पंत ने अपनी पारी में 128 गेंदों पर 13 चौके और 4 छक्कों की मदद से 109 रन बनाए। 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डैब्यू करने वाले पंत का यह छठा शतक रहा। उन्होंने इतने कम वक्त में ही धोनी के टेस्ट शतकों का रिकॉर्ड बराबर कर लिया है।

### भारतीय विकेटकीपरों द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतक

6 - ऋषभ पंत (58 पारियां)
6 - एमएस धोनी (144 पारियां)
3 - रिद्धिमान साहा (54 पारियां)

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### वाहन चेकिंग : शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** देव थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कटैया टोल, सहाय बिगहा से अवैध देशी शराब की बड़ी खेप बरामद की। इस दौरान गौरव शर्मा, पिता राजेन्द्र शर्मा, निवासी मदनपुर, औरंगाबाद को 6.48 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज किया गया है। देव थाना प्रभारी ने बताया कि नियमित वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को शराब तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।

### जनता दरबार में दो पुराने मामलों का हुआ निष्पादन

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना परिसर में हर शनिवार को लगने वाले जनता दरबार में इस शनिवार कोई नया आवेदन नहीं आया। अंचला धिकारी कौशल्या कुमारी ने बताई की पुरहारा गाँव निवासी राजकुमार एवं बाला बिगहा, अमझर शरीफ निवासी योगेंद्र महतो के पुराने जमीनी विवाद का निष्पादन किया गया। थानाध्यक्ष नरोत्तम एवं अंचलकर्मी अश्लोक भी मौजूद थें।

### बारिश से गोह अस्पताल परिसर में लगा जलजमाव, स्वच्छता की खुल रही पोल

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र गोह मे लगभग महीनो दिनों से जलजमाव कायम हैं जिससे स्वछता का पोल खोल दिया हैं।अस्पताल परिसर में जल जमाव होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों, मरीजों व उनके परिजन हलकान हैं। जलजमाव के असर के कारण पहले की अपेक्षा फिलहाल ओपीडी में मरीजों की संख्या भी कम दिख रही हैं।सबसे अधिक परेशानी एएनएम को अस्पताल ड्यूटी आने के दौरान हो रही है। उन्हें घुटनों तक पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा है। एएनएम ने कहा कि जल जमाव हमलोगों की नियति बन गई है। हर साल बारिश के मौसम में यही हाल होता है लेकिन आज तक स्थाई समाधान नही निकाला गया। कई चिकित्सकों ने नाम नही छापने के नाम पर बताया कि इस गंदे पानी से होकर गुजरना मुश्किल हो गया हैं। इस गंदे पानी से हमेशा दुर्घंध निकलते रहता हैं। अस्पताल के मरीज परेशान हो रहे हैं। इसको लेकर डॉक्टरों ने भर्ती मरीजों में इन्फेक्शन फैलने की आशंका जताई है। सबसे अधिक प्रभाव इमरजेंसी वार्ड में है। जलज़माव के कारण मरीजों को आने जाने में परेशानी हो रही है।

### समाजसेवा को लेकर चर्चा में है संस्था शक्ति मिश्रा फाउंडेशन

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्था शक्ति मिश्रा फाउंडेशन इस समय खूब चर्चा में हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में गरीब, असहाय तथा जरुरतमंदो तक लगातार सेवा पहुंचाई जा रही है. जिससे इलाके में इस संस्था और संस्था के संचालक की चर्चा आम हो गई है। युवा समाजसेवी शक्ति मिश्रा के द्वारा इस संस्था को चलाया जा रहा है और गाँव, नगर, शहर, क़स्बा हर जगह किसी भी समय पहुंचकर जरुरतमंदो तक सहायता पहुंचाई जा रही है। इस कार्य में शक्ति मिश्रा के पिता मदन मोहन मिश्रा निरंतर लगे रहते है। वहीँ फाउंडेशन के कार्यकारणी सदस्य के रूप में कार्य कर रहे उमेश प्रजापति, सौरभ कुमार सिंह, पवन सिंह, विनय यादव समेत ऐसे सैकड़ों कार्यकर्त्ता लगातार निस्वार्थ भावना से समाज कल्याण में लगे हुए है।

# देव में श्राद्ध भोज के बाद फूड पॉइजनिंग एक की मौत, कई अस्पताल में भर्ती

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

देव प्रखंड के कटैया गांव में एक भोज के बाद बड़ी संख्या में लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। भोज में शामिल दर्जनों लोग तेज बुखार, उल्टी और दस्त जैसी समस्याओं से पीड़ित हो गए, जिससे उनकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई। इस घटना के बाद पीड़ितों को औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मौके पर देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, भाजपा नेता रविन्द्र शर्मा और अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अस्पताल में मरीजों के साथ समय बिताया और उनके स्वास्थ्य की स्थिति पर नजर रखी। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस दौरान पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस घटना ने कटैया गांव के निवासियों में चिंता पैदा कर दी है, लेकिन समय पर इलाज मिलने से पीड़ितों की स्थिति में सुधार हो रहा है। फूड प्वाइजनिंग की इस घटना ने लोगों को यह समझाया कि भोजन की शुद्धता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कितनी महत्वपूर्ण है। सुशील कुमार सिंह जैसे प्रमुख नेताओं की सक्रिय भागीदारी और स्वास्थ्य विभाग के त्वरित प्रयासों ने इस आपात स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### घटना की जानकारी लेने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह पहुंचे अस्पताल



इस घटना की जानकारी मिलने के बाद औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलकर उनकी स्थिति की जानकारी ली और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सभी मरीजों की स्थिति सामान्य और स्थिर है और उन्हें बेहतर उपचार मुहैया कराया जा रहा है। पूर्व सांसद ने पीड़ितों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दी जा रही सुविधाएँ संतोषजनक हैं, जिससे मरीजों को राहत मिल रही है। सुशील कुमार सिंह ने अस्पताल प्रशासन को हरसंभव मदद देने का आश्वासन भी दिया और कहा कि किसी भी मरीज की हालत बिगड़ने पर तुरंत इलाज में सुधार के कदम उठाए जाएं।

# ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर जोर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




शनिवार को लिा निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने संयुक्त रूप से प्रखण्ड परिसर में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक तीन माह पर इस निरीक्षण को अनिवार्य रूप से किया जाता है, ताकि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया कि वेयरहाउस में सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन हो रहा है। उन्होंने आयोग द्वारा जारी सभी दिशानिर्देशों पर बल देते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।

इस निरीक्षण में मो. गजाली, उप निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद, के साथ-साथ कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इसमें जनता दल यूनाइटेड के प्रखण्ड महासचिव एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य रितेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा, भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय प्रभारी रंजीत कुमार, और बहुजन समाज पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष रामजीवन राम ने भी भाग लिया। यह त्रैमासिक निरीक्षण चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने और ईवीएम तथा वीवीपैट की सुरक्षा की नियमित जांच करने के उद्देश्य से किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित प्रतिनिधियों को ईवीएम/वीवीपैट मशीनों की देखभाल और सुरक्षित रखरखाव के महत्व को समझाया। इस निरीक्षण के दौरान सभी प्रतिनिधियों ने भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के तहत ईवीएम और वीवीपैट के संचालन और प्रबंधन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

# औरंगाबाद की महिला क्रिकेटर दीपा कुमारी का बिहार अंडर-19 टीम में चयन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के कामाबिगहा निवासी सतेंद्र यादव की बेटी दीपा कुमारी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दीपा का चयन बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर-19 महिला टीम में हुआ है, जिससे पूरे जिले में हर्ष और गर्व की लहर है। दीपा जिले की पहली महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने इस स्तर पर स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि न केवल दीपा और उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले के लिए सम्मान की बात है। दीपा कुमारी ने कड़ी मेहनत और समर्पण से इस मुकाम को हासिल किया है, और उनका यह चयन अन्य लड़कियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

दीपा ने छोटी उम्र से ही क्रिकेट में रुचि दिखाई और समय के साथ उन्होंने अपने खेल को निखारा। उनकी मेहनत और खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। अब वह बिहार की ओर से खेलते हुए अपने जिले और राज्य का नाम रोशन करने को तैयार हैं।

# आयुष्मान भारत योजना के तहत 23 से 25 सितंबर तक विशेष अभियान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में औरंगाबाद जिले में 23 सितंबर से 25 सितंबर 2024 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों के सभी सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाना है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी, आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करें। विशेष अभियान के दौरान महादलित टोलों, वसुधा केंद्रों और पीडीएस डीलर केंद्रों पर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी द्वारा चयनित शिविरों में आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इन शिविरों में सीएससी वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) की मदद से पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आशा, आंगनवाड़ी, विकास मित्र और जीविका समूह को लाभार्थियों को शिविरों तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा, जिला कल्याण पदाधिकारी, आईसीडीएस कार्यक्रम पदाधिकारी, और जीविका को भी अपने स्तर पर आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान की तैयारी के तहत माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है, जिसमें प्रत्येक शिविर स्थल पर तैनात वीएलई के नाम और मोबाइल नंबर साझा किए गए हैं। सभी संबंधित विभागों को इस माइक्रोप्लान की जानकारी दी गई है ताकि लाभार्थियों का सही समय पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आने वाले आयुष्मान कार्ड से पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे और उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा, ताकि जिले के हर पात्र परिवार को इस योजना का लाभ मिल सके।

# भारतमाला परियोजना एवं अन्य मुआवजा भुगतान शिविरों की तिथियों की घोषणा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला प्रशासन औरंगाबाद द्वारा रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर भारतमाला परियोजना, एनएच-120 दाउदनगर बाईपास, डीएफसीसीआईएल संरेखन, और सोन नगर बाईपास रेलवे लाइन परियोजना के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य रैयतों को समय पर मुआवजा राशि का वितरण सुनिश्चित करना है। वाराणसी-कोलकाता खंड के 4/6 लेन पथ निर्माण हेतु भूमि अर्जन के लिए मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु 23 सितंबर और 26 सितंबर 2024 को नवीनगर, कुटुंबा, एवं देव प्रखंड कार्यालय के सभागारों में शिविर आयोजित होंगे। शिविर का समय सुबह 10:00 बजे से होगा।

### सोन नगर बाईपास रेलवे लाइन परियोजना के मुआवजा शिविर

सोन नगर बाईपास रेलवे लाइन निर्माण हेतु भूमि अर्जन से संबंधित मुआवजा भुगतान के लिए 23 सितंबर और 29 सितंबर 2024 को बारुण प्रखंड कार्यालय के सभागार में शिविर आयोजित होंगे। शिविर का समय सुबह 10:00 बजे निर्धारित किया गया है।

### डीएफसीसीआईएल रोड अंडर ब्रिज परियोजना के मुआवजा शिविर

डीएफसीसीआईएल संरेखन में समपार फाटकों के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज निर्माण हेतु भूमि अर्जन के मुआवजा भुगतान के लिए 25 सितंबर 2024 को औरंगाबाद और रफीगंज प्रखंड के विभिन्न मौजों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें सिमरी, बखारी, देउरिया, बघोई कला, बघोई खुर्द, केराप, कड़सरा, गोरडीहा, और चरकवां कस्बा हाजी शामिल हैं। शिविर का समय सुबह 10:00 बजे से है।

### एनएच-120 दाउदनगर बाईपास मुआवजा शिविर

दाउदनगर बाईपास के निर्माण हेतु भूमि अर्जन से संबंधित रैयतों के मुआवजा भुगतान के लिए 25 सितंबर 2024 को तरार पंचायत सरकार भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें तरार और तरारी मौज के रैयतों को आमंत्रित किया गया है। शिविर का समय सुबह 10:00 बजे निर्धारित है।

### प्रशासन की तैयारी

इन शिविरों में संबंधित अंचल और मौजा के राजस्व कर्मचारी, अचल निरीक्षक, और राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी और अन्य जरूरी अभिलेखों के साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर में रैयतों को एलपीसी (लैंड पूरक प्रमाण पत्र) निर्गत करने की कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा, पंचायत सचिव और ग्राम कचहरी सचिव भी वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन ने सभी रैयतों से अनुरोध किया है कि वे शिविर में समय पर पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और मुआवजा प्राप्त करें।

# नौ शिक्षकों को मिला राज्यस्तरीय टीबीटी शिक्षक सम्मान

निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)



औरंगाबाद के गोह नौ शिक्षक राज्यस्तरीय टीबीटी(थ्रोबैक थर्सडे) सम्मान से नवाजे गए हैं। इन शिक्षकों को यह सम्मान प्रदेश की राजधानी पटना के पटना लॉ कॉलेज के शताब्दी भवन के सभागार में आयोजित टीबीटी-अवार्ड समारोह-2024 के दौरान प्रदान किया गया। यह राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान औरंगाबाद जिले के 9 नवाचारी शिक्षकों बिहार के 38 जिलों से लगभग ढाई सौ सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को प्रदान किया गया। यह शिक्षक स्वतः प्रेरित होकर निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्कृष्टता के आधार पर चयनित किए गए हैं। बिहार के सभी 38 जिलों के शिक्षक का चयन टीबीटी अवार्ड 2024 के लिए किया गया था। यह शिक्षक सालों भर ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में जुड़कर सृजनात्मक तरीके से बच्चों के भविष्य निर्माण का कार्य कर रहे हैं। टीबीटी बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर के द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर प्रदान किया गया। सम्मान पाने वाले औरंगाबाद के शिक्षकों में गोह प्रखंड के शिक्षक सुनील कुमार प्रजापति राजकीय मध्य विद्यालय बंदेया, रंजीत कुमार सिंह मध्य विद्यालय अमारी, रंजन कुमार जीडीएचएस देवकुंड, खुशबू सिंह कन्या प्राथमिक विद्यालय अकौना, केबी सहाय प्राथमिक विद्यालय बक्सर, दिलीप कुमार पटेल मध्य विद्यालय डिहुरी, विनोद प्रसाद प्राथमिक विद्यालय खैरा मोहन, देव प्रखंड के शशि भूषण कुमार सिंह मध्य विद्यालय बालूगंज, ओबरा प्रखंड की पूर्णिमा कुमारी मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी शामिल है। इन सभी शिक्षकों को बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह के द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। टीबीटी का यह प्लेटफार्म सोशल मीडिया नवाचार शिक्षा का बहुत बड़ा प्लेटफार्म है, जो सदैव सरकारी शिक्षकों के माध्यम से बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कार्यों को संपादित करता रहा है। उन्हीं शिक्षकों को जिन्होंने इस कार्य में एक पहचान बनाई है, उनको पटना लॉ कॉलेज के सभागार में बिहार के विभिन्न ख्याति प्राप्त विभूतियों व अतिथियों के कर कमलों द्वारा सभी ढाई सौ चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता अवधेश नारायण सिंह सभापति बिहार विधान परिषद तथा अन्य विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर केसी सिंहा, पूर्व कुलपति नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी पटना, बीके चौधरी, निदेशक सीआईडी पटना बिहार, एससीईआरटी के पूर्व निदेशक रमेश चंद्र सिन्हा तथा डॉक्टर कुमार गौरव, डॉक्टर कुमार मदन मोहन, डॉ. एसके पांडेय, डॉ. सुरेश कुमार एवं डॉ. राजन सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जांच शिविर आयोजित

निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)



14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्राथमिक- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना है जो लगातार स्वच्छता बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रखंड समन्वयक कुमारी स्मिता ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान न केवल समाज को स्वच्छ रखने का अभियान है, बल्कि स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा का भी ख्याल रखने का अभियान है। यह हमारे समाज के उन नायकों की देखभाल के प्रति एक प्रतिबद्धता है जो दिन-रात स्वच्छता बनाए रखने में लगे रहते हैं। सफाई कर्मियों को जांच कर रहे हैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। परीक्षण में सफाई कर्मियों का रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच, हृदय स्वास्थ्य, और अन्य शारीरिक परीक्षण शामिल थे। विशेष रूप से, सफाई कर्मियों की थकान और कार्य से उत्पन्न तनाव का आकलन कर, उन्हें उचित परामर्श और आवश्यक दवाएं प्रदान की गई। डॉक्टरों की टीम ने सफाई कर्मियों को उनके स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक सलाह दी जिसमें खानपान, व्यायाम और नियमित स्वास्थ्य जांच का महत्व बताया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अविनाश कुमार, डॉ सुनील कुमार गुप्ता, डॉ पंकज कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार,पर्यवेक्षक शैलेश कुमार,मंजय कुमार अखिलेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रजिस्ट्रेशन और फॉर्म अप्लाई के नाम पर विद्यालय में लूट

निज संवाददाता | कुटुम्बा (औरंगाबाद)

राजकीय कृत इंटर विद्यालय कुटुंबा में 12वीं क्लास के रजिस्ट्रेशन और फॉर्म अप्लाई करने के नाम पर विद्यार्थियों को लूटा जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन खुलेआम विद्यार्थियों से रजिस्ट्रेशन और फॉर्म अप्लाई करने के नाम पर सरकार द्वारा निर्धारित राशि से ज्यादा पैसे ले रहा है। उक्त बातें शनिवार को रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे विद्यार्थी अमृत कुमार ने बताई। जानकारी देते हुए बताया कि रजिस्ट्रेशन के नाम पर 565 रुपए लिया जा रहा है। जबकि सरकार द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए 515 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। इस संबंध में श्याम कुमार ने बताया कि जनरल कैटेगरी में फॉर्म भरने का 1480 रुपया लिया जा रहा है। जबकि सरकार द्वारा 1430 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। इसके अलावा एससी-एसटी कैटेगरी में फॉर्म भरने के लिए 1220 रुपया लिया जा रहा है और जाति प्रमाण पत्र नहीं रहने के बाद 260 रुपए की राशि अलग से ली जा रही है। जबकि सरकार द्वारा 1170 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। इस मनमानी को लेकर विद्यार्थियों ने कहा कि सभी बच्चों से ज्यादा राशि ली जा रही है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा रिजल्ट में गड़बड़ी किए जाने के भय से पैसों का भुगतान कर दे रहे हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल राम किशोर ने बताया कि चार पन्नों का फॉर्म है। जिसे प्रिंट और स्कैन करने के बाद ऑनलाइन जमा करना होता है। विद्यालय में ऑनलाइन करने की सुविधा नहीं है।

# स्वच्छता अभियान के तहत हसपुरा में लगा स्वास्थ्य शिविर




निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार को स्वच्छता हीं सेवा अभियान के तहत स्वच्छता मित्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।हसपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुणाल एवं कामाख्या नारायण ने विभिन्न ग्राम पंचायत के स्वच्छता कर्मी तथा पर्यवेक्षकों के स्वास्थ्य की जांच की। बीडीओ ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि लोगों कों अपने आसपास में साफ सफाई रखना चाहिए, जिससे गंदगी ना फैले और संक्रमण होने का खतरा न हो।वही प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने स्वच्छता को लेकर प्रेरित किया। इस मौके पर स्वच्छता समन्वयक देवेंद्र कुमार नयन सहित सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर के पांचवें दिन विनय मामूली बुद्धि की रचनाओं पर हुआ काव्य संवाद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद की प्रमुख साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित पाक्षिकोत्तर के पांचवें दिन मशहूर कवि और लेखक विनय मामूली बुद्धि की हास्य और व्यंग्य रचनाओं पर एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था विनय मामूली बुद्धि के साहित्यिक योगदान और उनकी काव्य शैली पर विचार करना। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने उद्घाटन भाषण में कहा कि विनय मामूली बुद्धि की रचनाओं में हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज की समस्याओं को उजागर करने की अद्वितीय क्षमता है। उन्होंने कहा कि विनय मामूली बुद्धि की काव्य सर्जना सामाजिक कुरीतियों और असमानताओं पर गहरी चोट करती है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करती है।

उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने विनय की रचनाओं की सरलता और जनमानस के लिए उनकी समझ को सराहा। उन्होंने कहा कि विनय मामूली बुद्धि ने अपने हास्य और व्यंग्य से न केवल साहित्य को समृद्ध किया है, बल्कि पाठकों को गहन सामाजिक मुद्दों पर भी सोचने के लिए प्रेरित किया है। उनके लेखन की सबसे बड़ी खासियत है कि वे गंभीर विषयों को भी सरल और हास्यपूर्ण तरीके से प्रस्तुत करते हैं, जिससे आम आदमी भी उसे आसानी से समझ पाता है।

संस्था के महामंत्री धनंजय जयपुरी ने कहा कि विनय मामूली बुद्धि ने कवि सम्मेलनों के मंच पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने सैकड़ों कवि सम्मेलनों का सफल संचालन किया है और नवोदित कवियों को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया है। उनके मार्गदर्शन में कई युवा कवियों ने साहित्य जगत में अपनी पहचान बनाई है।

# आरपीएफ की तत्परता से बची एक यात्री की जान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर चलती गाड़ी से उतरने के क्रम में प्लेटफार्म संख्या दो पर एक व्यक्ति गिर गया। जिसके कारण व्यक्ति के सिर में काफी चोट लग गई और रक्त स्राव होने लगा। यह देख ड्यूटी में तैनात आरक्षी अमित कुमार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जीआरपी अनुग्रह नारायण रोड स्टाफ के साथ प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी जम्होर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किये जाने के उपरांत उक्त व्यक्ति की स्थिति में काफी सुधार होने पर घायल व्यक्ति ने अपना नाम रणधीर कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता लल्लन शर्मा, ग्राम गोविंद, थाना मेहंदिया, जिला अरवल बताया। घायल व्यक्ति द्वारा तत्काल अपने मित्र प्रभात कुमार को मोबाइल पर सूचना दी गई। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम बिलास राम ने बताया कि सूचना उपरांत उनके मित्र अन्य परिजन के साथ पीएचसी जमहोर आए और आरपीएफ को धन्यवाद दिये। परिजन द्वारा पीड़ित रणधीर कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद ले गए। कार्यक्रम में सीआईआई बिहार के उपाध्यक्ष व निदेशक गौरव साह ने टिकाऊ औद्योगिक प्रथाओं पर अपने विचार रखे।

# जलपुरा के जनता ने रोड नहीं तो वोट नहीं का दिया नारा

निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)



हसपुरा प्रखण्ड के जलपुरा गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते हुये रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा दिया। बता दें की जलपुरा से नाहर के रास्ते पहरपुरा जाने वाला रास्ता बिल्कुल जर्जर स्थिति में है। बरसात के दिनों में पूरी सड़क कीचड़ से भरा रहता है। ग्रामीणों एवं स्कूल पढ़ने जाने वाले बच्चों को कीचड़ से होकर आना जाना पड़ता है,जिससे कई दफा पैर फिसलने से कईयों को चोट भी आई है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 13 साल पहले छाईकरण के तहत सिर्फ एक बार खानापूर्ति करते हुए इस रोड की मरम्मती किया गया था। इसके बाद 3 साल पहले ग्रामीणों ने गांव में चंदा इकट्ठा कर मरम्मत कराया था। ग्रामीण चन्दन सिंह,ललेश साव, बालेश्वर साव ने बताया की विधायक भीम सिंह यादव को आवेदन भी दिया गया था और उन्होंने परहपुरा पुल पर आकर निरिक्षण भी किया था। जिप प्रतिनिधि मो. एकलाख खाँ को भी इससे अवगत कराया था,पर परिणाम शून्य निकला। मजबूरन हमलोग को बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ेगा एवं आगामी विधानसभा का बहिस्कार करना पड़ेगा। वहीं ग्रामीण मुकेश यादव,गणेश पंडित,शिव कुमार साव,वसीम मंसूरी ने बताया की इस रोड पर बिहार सरकार अंतर्गत क्रृषि फार्म भी है,जहाँ पदाधिकारी अपनी गाड़ी परहपुरा में हीं लगाकर आते जाते हैं,पर फिर भी किसी पदाधिकारी का ध्यान नही है। जागेश्वर यादव,महेश पंडित,राजू कुमार, विकास कुमार, अमरजीत यादव, बड़न यादव, अनिल सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में किसी की तवियत खराब हो जाय तो घर में मोटरसाईकिल रहने के बावजूद मरीज को खाट पर ले जाना पड़ता है।